




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 185

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 19 अप्रैल, 2024


# 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग आज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए प्रचार पांच बजे थम गया है। आज यानी 19 अप्रैल शुक्रवार को लोकसभा की 102 सीटों पर मतदान होना है। आपको बता दें 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा। भारत के लोकतंत्र में हर एक वोट जरूरी होता है। इसी थीम के तहत दूर-दराज के गांवों तक पोलिंग पार्टी पहुंच रही है। ताकि लोग कल अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।



## मुख्य चुनाव आयुक्त ने की मतदाताओं से अपील

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। लोकसभा में पहले चरण का मतदान होगा। शुक्रवार 19 अप्रैल सुबह सात बजे से छह बजे तक 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की हैं। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। चुनाव अधिकारी लोगों का विनम्रता के साथ मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। जनता जरूर वोट करे। उन्होंने महान्मा गांधी के उद्धरित शब्दों को दोहराया, जिसमें वे कहते हैं कि मतदान कमजोर को मजबूत लोगों के साथ समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक वोट से सरकारें गिरती हैं। अपने वोट की कीमत का एहसास आपको ईवीएम का बटन दबाने पर होगा।

## गडकरी, सोनोवाल, बालियान की किस्मत का होगा फैसला

- केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के प्रयास में हैं।
- अरुणाचल पश्चिम से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू चौथी बार जीतने की कोशिश कर रहे हैं।
- डिब्रूगढ़ से जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल और नीलगिरि से एल मुरुगन मैदान में हैं।
- उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्रसिंह रावत हरिद्वार व त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव देव पश्चिम त्रिपुरा से मैदान में।
- तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई कोयंबटूर से मैदान में हैं।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति शिवगंगा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।
- चुनाव से पहले राज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सुंदरराजन चेन्नई दक्षिण से भाजपा प्रन्याशी हैं।

## चुनाव के पहले चरण की हॉट सीटें

**नागपुर (महाराष्ट्र):** आरएसएस का हेडक्वॉर्टर होने के बावजूद नागपुर हमेशा कांग्रेस का गढ़ रहा। 1952 से 1996 तक और 1998 से 2009 तक ये सीट कांग्रेस के कब्जे में रही। 1996 के चुनाव में पहली बार बीजेपी का खाता खुला था। तब बनवारीलाल पुरोहित सांसद चुने गए थे। 2014 में नितिन गडकरी ने कांग्रेस की जीत का सिलसिला तोड़ दिया। तभी से वे नागपुर सीट से सांसद हैं। गडकरी अब तीसरी बार मैदान में हैं। मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। विकास ठाकरे नागपुर वेस्ट से विधायक हैं और मेयर रह चुके हैं।

**बीकानेर (राजस्थान):** राजस्थान के बीकानेर में इस बार भी बीजेपी ने मौजूदा कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ही अपना प्रन्याशी बनाया है। कांग्रेस ने उनके सामने राजस्थान सरकार में मंत्री रहे गोविंदराम मेघवाल को उतारा है। गोविंदराम मेघवाल हाल में खाजूवाला सीट से विधानसभा चुनाव हार गए थे। अर्जुनराम मेघवाल लगातार 3 बार से इस सीट से सांसद हैं।

**अलवर (राजस्थान):** अलवर सीट पर ?बीजेपी के भूपेंद्र यादव और कांग्रेस के ललित यादव के बीच मुकाबला है। ललित यादव मुंडावर से विधायक हैं। 2023 विधानसभा चुनावों में वे 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीते थे। वहीं, भूपेंद्र यादव राजस्थान से ही दो बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में अलवर सीट में भाजपा के बाबा बालक नाथ ने जीत दर्ज की थी।

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश):** 70 साल से ज्यादा समय से यह सीट कांग्रेस के पास है। बीते 45 साल से यहां नाथ परिवार का मेंबर जीत रहा है। हालांकि, 1997 में हुए उपचुनाव में राज्य के तन्कालीन मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने कमलनाथ को 37 हजार से ज्यादा मतों से हरा दिया था। इसके बाद अगले ही साल कमलनाथ ने भी पटवा को बड़े अंतर से हराया। कमलनाथ यहां 1980 से 2019 के बीच 9 बार सांसद रहे। 2018 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कमान बेटे को सौंपी और 2019 में मोदी लहर के बावजूद नकुलनाथ एमपी की यह सीट जीतने में कामयाब रहे। इस बार भी कांग्रेस के नकुलनाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच मुकाबला है।

**मंडला (मध्य प्रदेश):** भाजपा ने यहां से 6 बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। इस सीट पर बीजेपी की चिंता इस वजह से बढ़ी हुई है, क्योंकि 6 माह पहले हुए विधानसभा चुनाव के दौरान फग्गन सिंह कुलस्ते को मंडला जिले की निवास सीट से हार का सामना करना पड़ा था। मंडला संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटों में से 5 पर कांग्रेस तो 3 पर बीजेपी का कब्जा है।

**उधमपुर (जम्मू-कश्मीर):** जम्मू-कश्मीर की उधमपुर-डोडा लोकसभा सीट से तीसरी बार जीत के लिए मैदान में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह हैं। उन्होंने 2014 में जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को 61 हजार वोटों से हराया था। इसके बाद 2019 में कांग्रेस प्रन्याशी विक्रम आदिन्य सिंह को 3 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था।

**अरुणाचल पश्चिम:** भाजपा ने इस सीट पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू को मैदान में उतारा है। उनको कांग्रेस अध्यक्ष नबाम तुकी चुनौती देंगे। तुकी अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं, जो पापुम पारे जिले के सागली की विधानसभा सीट से 6 बार चुने जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में इस सीट पर बीजेपी प्रन्याशी किरण रिजिजू को जीत मिली थी। वहीं, 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार ताकम संजॉय जीते थे।

**कूचबिहार (पश्चिम बंगाल):** भाजपा ने इस सीट से केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक को मैदान में उतारा है, जबकि टीएमसी ने जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया पर दांव खेला है। 2019 में कूचबिहार सीट से बीजेपी उम्मीदवार निशीथ प्रमाणिक सांसद चुने गए थे। 2019 में निशीथ प्रमाणिक को तृणमूल कांग्रेस ने निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद वे बीजेपी के टिकट पर कूचबिहार से चुनाव लड़े और जीत गए। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के अधिकारी परेश चंद्र को 54,231 वोटों के अंतर से हराया था।

**नगीना (उत्तर प्रदेश):** यूपी के बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा सीट इस बार हाई-प्रोफाइल हो गई है। यहां युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद अपनी पार्टी आजाद समाज पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। इसी वजह से सीट पर मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है। बीजेपी की ओर से यहां नहटौर विधायक ओम कुमार मैदान में हैं तो इंडिया गठबंधन की ओर से पूर्व जज मनोज कुमार हैं। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सुरेंद्र पाल प्रन्याशी हैं।

### पहला चरण: यूपी-उत्तराखंड की इन सीटों पर मतदान

**उत्तर प्रदेश (8):** नगीना, कैराना, मुरादाबाद, पीलीभीत, सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर व मुजफ्फरनगर।
**उत्तराखंड (5):** टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर, हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल।

### चुनाव प्रचार के अंतिम दिन इन नेताओं ने झोंकी ताकत

प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, योगी आदिन्यनाथ, नीतीश कुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी ने पूरी ताकत झोंक दी।

### दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए भी होगा मतदान

अरुणाचल प्रदेश (50 सीट) और सिक्किम (32 सीट) में विधानसभा चुनाव के लिए भी शुक्रवार को मतदान होगा। नतीजे 2 जून को आएंगे।

सीएम योगी ने मेरठ में विशाल जनसभा को किया संबोधित, अरुण गोविल के पक्ष में मुख्यमंत्री ने की मतदान की अपील

# पाकिस्तान भूखों मर रहा, भारत 80 करोड़ लोगों को राशन दे रहा: योगी आदिन्यनाथ

- जिस साल अरुण बने मेरठ से प्रत्याशी, उसी साल भगवान श्रीराम भी अपने भव्य मंदिर में हुए विराजमान: सीएम योगी
- पूरा देश कह रहा, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे: योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस । मेरठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए मगर आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है और भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। सीएम योगी मेरठ के किठौर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी के अगले दिन ही मेरा यहां आना हुआ है। जब अरुण गोविल रामायण सीरियल में भगवान राम का रोल अदा कर रहे थे और उसके माध्यम से कलियुग में भगवान राम के जीवन को चित्रित कर रहे थे, उस समय उन्हें भी नहीं पता कि एक दिन भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मदिन मनाएंगे। जिस साल मेरठ से अरुण गोविल प्रत्याशी बने, उसी साल 500 वर्षों के इंतजार के बाद श्रीराम अपना जन्मोत्सव मना रहे हैं। आपने देखा होगा कि सूर्यवंशी राम का तिलक सूर्य की किरणों से हुआ। ये देख पूरी दुनिया अभिभूत हुई है। सीएम योगी ने सवाल भी पूछा कि श्रीरामलला के मंदिर के शिलान्यास से लेकर उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य रामनवमी का आयोजन क्या कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग कर पाते? उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन 15 लाख लोग अयोध्या पहुंचे थे। इस अवसर पर बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश सत्येन्द्र सिसोदिया, मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार अरुण गोविल, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



## आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1857 में धन सिंह कोतवाल ने अपनी नौकरी को ठुकराकर व देश के अमर बलिदानियों की श्रेणी में खड़ा होकर स्वतंत्रता का उद्घोष किया था। उनका सपना एक ही था कि तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहें न रहें। वे अपने और अपने परिवार के लिए न होकर देश की स्वाधीनता और आने वाली पीढ़ि के उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़े। ये हमारा सौभाग्य है कि हम सब उस सपने को साकार होता देख रहे हैं। आज मेरठ से दिल्ली 12 लेन हाईवे, रैपिड रेल की सुविधा, स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी के साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के तमाम कार्य हुए हैं। 2014 से पहले ये सब कल्पना की बात थी। आने वाले समय में हम मेरठ को मेट्रो रेल की भी सुविधा देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गरीब कल्याण की तमाम योजनाओं की उपलब्धियां भी गिनाईं।

## कांग्रेस के लोग कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा पाते: सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सम्मान और सुरक्षा में वृद्धि के कार्य पीएम मोदी के नेतृन्व में हुए हैं। क्या कांग्रेस के लोग कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा पाते, आतंकवाद समाप्त करा पाते, तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त कर पाते। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में सबसे ज्यादा काम भाजपा और मोदी जी ने किया है। आज प्रदेश कर्फ्यू मुक्त हुआ है, अब धूमधाम से कांवड़ यात्राएं निकाली जा रही हैं। बेटियां और व्यापारी सुरक्षित हुए हैं। आस्था का सम्मान और युवाओं के आजीविका के साधान बढ़े हैं, इसलिए क्योंकि भाजपा की सरकार और मोदी जी प्रधानमंत्री हैं।

# आपदा हो या आफत, इस लोकसभा चुनाव में आसमान से 'बरसेगी' राहत

उत्तर प्रदेश में चुनाव के हर चरण में राहत और बचाव के लिए निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस तैनात किए जाएंगे

- इस एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिक स्थिति में मदद पहुंचाई जा सकेगी
- साथ ही, अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव बिना किसी बाधा के कराने के लिए प्रदेश सरकार ने कमर कस ली है। किसी भी तरह की आपदा और आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए चुनाव के हर चरण में राहत और बचाव के लिए निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस तैनात किए जाएंगे। योगी सरकार द्वारा लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।



## गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिए गए हैं हेलिकाप्टर

अलग-अलग चुनावी चरणों के हिसाब से इन एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को अलग-अलग लोकेशंस पर तैनात किया जाएगा। एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिए गए हैं। शासन की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक प्रन्येक चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को तैनात किया जाएगा।

## हर चरण में प्रमुख शहरों में रहेगी तैनाती, आसपास के जिले होंगे कवर

19 अप्रैल को पहले चरण में यूपी के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए हेलीकॉप्टर को 18 अप्रैल और 19 अप्रैल को मुरादाबाद में तैनात किया गया है, जबकि, एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में तैनात किया गया है। इसी तरह दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलीकॉप्टर अलीगढ़ और एयर एंबुलेंस मेरठ में तैनात किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण में हेलीकॉप्टर आगरा और एयर एंबुलेंस को बरेली में लोकेट किया गया है।

## किसी शहर में तैनात रहेगा हेलीकॉप्टर, दूसरे बड़े शहर में रहेगी एयर एंबुलेंस

13 मई को चौथे चरण में हेलीकॉप्टर कानपुर तो एयर एंबुलेंस लखनऊ में तैनात रहेगा। इसी प्रकार पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलीकॉप्टर झांसी तो एयर एंबुलेंस लखनऊ में रहेगा। छठे चरण में हेलीकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में तैनात रहेगी। अंतिम चरण यानी सातवें फेज के चुनाव में एक जून को हेलीकॉप्टर गोरखपुर और एयर एंबुलेंस वाराणसी में तैनात होंगे।

## 7 दिन के हिसाब से 39.20 लाख रुपए का खर्च आएगा

अधिकारियों के मुताबिक, आकस्मिक परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही सैनिकों को लाने और ले जाने में हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार साबित होंगे। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपए के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से इस पर कुल 39.20 लाख रुपए का खर्च आएगा। प्रदेश शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है। भुगतान और जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायिन्व उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा। खर्च के बाद भी यदि कोई धनराशि शेष बचती है तो उसे नियमानुसार राजकोष में जमा कराया जाएगा।

## रामपुर, मुरादाबाद और पीलीभीत समेत सात जिलों में आज सार्वजनिक छुट्टी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में आज पहले चरण के लिए सात जिलों में मतदान होगा। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने 19 अप्रैल को सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। आदेश के तहत शुक्रवार को बाजार, स्कूल और प्रतिष्ठान आदि बंद रहेंगे। साथ ही सरकारी दफ्तरों में भी अवकाश रहेगा। जिससे लोग बढ़-चढ़कर मतदान में सहभागिता कर सकें। कल यानी 19 अप्रैल को प्रथम चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों के लिए मतदान होगा। इसके साथ ही यहां से चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे।

# खबर प्रकाशन के बाद जागे नगर निगम के अधिकारी, लिया संज्ञान

- अपनी जमीन खोजने में जुटे नगर निगम के अधिकारी, तीन दिन से लगातार हो रही पैमाइश
- विवादित भूमि पर नगर निगम द्वारा अवैध तरीके से तीन मकान गिराने के आरोप
- तहसीलदार ने दिए जांच के आदेश, आवास विकास से समन्वय स्थापित कर होगा निस्तारण

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ। वैसे तो राजधानी में नगर निगम की भूमि पर किसी न किसी रूप में अतिक्रमण ही देखने को मिलता है लेकिन जब से निगम में राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति हुई है तबसे कुछ हद तक नगर निगम अपनी संपत्ति को लेकर गंभीर होता नजर आने लगा है। सरोजनीनगर तहसील के अंतर्गत नगर निगम के जोन आठ के हरिहरपुर वार्ड की खसरा संख्या 635, और 290 में हुए अतिक्रमण को लेकर बीते दिनों खबर का प्रकाशन किया गया, जिसके बाद नगर निगम के राजस्व अधिकारियों में खलबली मच गई। नायब तहसीलदार नीरज कटियार पर पैमाईश को लेकर तरह तरह के आरोप लगने के बाद नगर निगम के तहसीलदार संजय कटियार द्वारा त्वरित जांच के आदेश देने की बात सामने आई है, जिसके बाद मौके पर सरोजनीनगर तहसील व नगर निगम की संयुक्त टीम लगातार जांच पड़ताल करके पैमाईश करती नजर आई। फिलहाल बीते तीन दिनों में कोई परिणाम सामने आता नहीं दिखा। वहीं जानकारों की मानें तो उक्त नंबरों में आवास विकास की भूमि भी सम्मिलित होने की जानकारी सामने आई है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि खसरा संख्या 635 व 290 में कुछ भाग आवास विकास का भी है, आवास विकास परिषद के अधिकारियों को पत्र भेजकर संपर्क किया जा रहा है।



नगर निगम की भूमि पर प्रॉपर्टी डीलरों का कब्जा, विकसित हो रही अवैध प्लाटिंग

## नगर निगम की विवादित भूमि में शामिल तीन हिस्सेदार

अब तक की गई जांच के अनुसार उक्त खसरा संख्या में क्रमशः आवास विकास परिषद, नगर निगम व किसान तीन हिस्सेदार हो गए हैं। जानकारों की माने तो पूर्व में आवास विकास द्वारा इसी नंबर पर एक पक्के नाले का निर्माण भी कराया जा चुका है।

## नायब तहसीलदार ने बिना जांच के गिराए थे तीन लोगों के मकान

नगर निगम द्वारा हरिहरपुर में ही तीन मकानों का ध्वस्तीकरण बिना सही पैमाईश के ही कर दिया गया, जिस मामले में नगर निगम को पीड़ित की ओर से अपने अधिवक्ता के माध्यम से कानूनी नोटिस भी भेजा गया है। पीड़ित के अधिवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पीड़ित की ओर से नगर निगम को दिए गए नोटिस का निगम ने जवाब भी दिया है जोकि किसी भी तरह से संतोषजनक नही प्रतीत होता।



"नगर निगम ने जिस मकान को तोड़ा है वह तीन भाइयों के थे, ऐसी स्थिति में नगर निगम द्वारा विधि सम्मत नोटिस तीनों पार्टी को दिया जाना चाहिए था, जबकि नगर निगम द्वारा पैमाईश भी गैर कानूनी तरीके से की गई और सादे कागज पर नोटिस सिर्फ एक व्यक्ति को दिखाई गई थी, वहीं निगम द्वारा अकेले ही पैमाईश कर ली गई जबकि नियमानुसार खाते में जितने हिस्सेदार हों उन सबका होना आवश्यक होता है। बाकी न्यायालय का विषय है वक्त आने पर हर स्थिति में इन्हे जवाब देना होगा और न्यायालय के समक्ष हम सारे तथ्य भी प्रस्तुत करेंगे।

–वैभव सिंह, (पीड़ित पक्ष) अधिवक्ता उग्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ

"उक्त खसरा संख्या में अब नगर निगम के अलावा आवास विकास परिषद और किसान भी सम्मिलित हैं, आवास विकास परिषद को पत्र भेजा गया है, जांच पड़ताल की जा रही है, अन्य हिस्सेदारों से समन्वय स्थापित कर नगर निगम की जमीन को जल्द ही सुरक्षित किया जाएगा।

– संजय कनौजिया, तहसीलदार नगर निगम लखनऊ

## फास्ट फॉरवर्ड

### रक्तदान शिविर आज

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर के कालपी रोड़ उर्मिला हॉस्पिटल में स्थित ललित ब्लड़ सेंटर डायरेक्टर डा. रक्षिता सिंह ने बताया कि उर्मिला हॉस्पिटल में स्थित ललित ब्लड सेंटर में आगामी 19 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिले के लोगों से कहा कि जिस किसी को भी रक्तदान करना हो। वह सभी व्यक्ति उर्मिला हॉस्पिटल पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति के शरीर में कमजोरी बिल्कुल भी नहीं आती है। बल्कि 72 घंटे के अंदर फिर से शरीर में ब्लड पूरा हो जाता हैं। कहा कि हम रक्तदान करके केवल किसी को जिंदगी देने का महान कर तो नहीं कर रहे होते बल्कि यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी है।

### अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 139 लीटर कच्ची शराब बरामद की। मानिकपुर थाना के उप निरीक्षक मुकेश सिंह परिहार तथा उनके हमराही द्वारा मनोज निवासी गिदुरहा को 100 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक सुशील चन्द्र निगम तथा उनके हमराही द्वारा उमेश कुमार मवासी निवासी रामनगर खोखला थाना मझगवां जनपद सतना मध्य प्रदेश को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। भरतकूप थाना के उप निरीक्षक बालकिशुन तथा उनके हमराही द्वारा लाला रवत निवासी खजांची की डाफई मजरा अकबरपुर को 29 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### मतदान के प्रति श्रमिकों को करेंगे जागरूक

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव में जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। जिसके तहत मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई जाएगी। जिसमें 19 अप्रैल प्रातः 7 से 9 बजे तक धनुष चैराहा, श्रमिक अड्डा, 22 अप्रैल को सीतापुर में रामघाट रोड के श्रमिक अड्डा, 24 अप्रैल को रौली कल्याणपुर के डाबर देवता स्टोन क्रशर में, 26 अप्रैल को नांदिन कुर्मियान के शिव शक्ति ब्रिक फील्ड में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### चोरी की 2 मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना भरतकूप पुलिस टीम ने आरोपी को चोरी की 2 मोटरसाइकिलो के साथ गिरफ्तार किया गया। भरतकूप थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 15 अप्रैल को वादी राममूरत निवासी तराव, गोपाल निवासी दुगवा ने थाना भरतकूप में सूचना दी कि उनकी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। इस सूचना पर थाना भरतकूप में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण के लिए थानाध्यक्ष भरतकूप ने उप निरीक्षक बालकिशन, राजकुमार एवं उनकी टीम को लगाया।

# डीएम ने वन कर्मचारियों को वितरित किए स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में गुरूवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन मयूर वन सभागार में किया गया।

जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व बन गया है। पहले यह वन्य जीव विहार के नाम से जाना जाता था। केन बेतवा लिंक का कार्य शुरू हो गया है। मानिकपुर क्षेत्र में पन्ना क्षेत्र से टाइगरों के आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जो पर्यटकों की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। अब आप लोगों के कार्य बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं। लगातार क्षेत्र का भ्रमण करके जंगली जानवर की सुरक्षा करें। जंगल व जंगली पशु पक्षियों की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। मानिकपुर क्षेत्र का वन क्षेत्र मध्य प्रदेश से जुडा है। यह पहला उत्तर प्रदेश का रानीपुर टाइगर रिजर्व होगा। उन्होंने कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व को विकसित करने के लिए जो भी कमियां हैं, उनको दूर किया जाएगा। साथ ही जो वन क्षेत्र के लोग हैं, उनसे भी संपर्क में रहे ताकि उनको कोई समस्या न हो। यहां पर जो पर्यटक आएगा तो क्षेत्र के लोगों को भी फायदा होगा। अब आप लोग अपना कार्य सही तरीके से करें। उन्होंने कहा कि यह जो इलेक्ट्रॉनिक सामाग्री आपको दी गयी है, इसका अच्छी तरह से उपयोग करें।

उपनिदेशक प्रभागीय वनाधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अब आप लोग वन्य जीव विहार से रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करेंगे, जो सामग्री आपको दी जा रही है, उसका इस्तेमाल सही तरीके से करें। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में कहीं आग लग जाए तो तत्काल उस पर काबू के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराएं ताकि पशु, पक्षी व वन हानि से रोका जा सके। स्मार्टफोन व यंत्र जो दिए गए हैं, उसके संचालन के लिए प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि महुआ बीनने का समय चल रहा है। गांव के लोगों को जागरूक करें कि वह वन क्षेत्र में आग न लगाएं।

सबसे अधिक मानिकपुर प्रथम वन क्षेत्र में आग लगने की समस्या रहती है। इसको सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी लगातार भ्रमण करके देखें। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि वाटर बॉडी के लिए भी वन क्षेत्र में कई जगह व्यवस्था कराई जानी है। साथ ही रपटा मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उसका भी निर्माण कराया जाना है। इसके पूर्व प्रभागीय वनाधिकारी ने जिलाधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही जिलाधिकारी ने वन कर्मियों एवं अधिकारियों को स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट का वितरण भी किया।

इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व राजीव रंजन सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक अधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व दिलीप कुमार तिवारी, वनाधिकारी हरि शंकर सिंह, नफीस खान आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महुआ बीनने का समय चल रहा है। गांव के लोगों को जागरूक करें कि वह वन क्षेत्र में आग न लगाएं।

सबसे अधिक मानिकपुर प्रथम वन क्षेत्र में आग लगने की समस्या रहती है। इसको सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी लगातार भ्रमण करके देखें। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि वाटर बॉडी के लिए भी वन क्षेत्र में कई जगह व्यवस्था कराई जानी है। साथ ही रपटा मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उसका भी निर्माण कराया जाना है। इसके पूर्व प्रभागीय वनाधिकारी ने जिलाधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही जिलाधिकारी ने वन कर्मियों एवं अधिकारियों को स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट का वितरण भी किया।

इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व राजीव रंजन सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक अधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व दिलीप कुमार तिवारी, वनाधिकारी हरि शंकर सिंह, नफीस खान आदि मौजूद रहे।

### पड़ोसी युवक ने मुंह दबाकर महिला के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/कौशांबी। इलाके के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति महाराष्ट्र के कल्याण शहर में रहकर कपड़ों की सिलाई करता है। गांव में वह सास के साथ रहती है। महिला के मुताबिक अंबेडकर जयंती के दिन यानि कि रविवार शाम को वह घर पर अकेली थी। सरायअकिल कोतवाली के एक गांव में अंबेडकर जयंती के दिन पड़ोसी युवक ने महिला को अकेली पाकर उसका मुंह दबाकर जबरन दुष्कर्म किया। आरोप है कि कहीं शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर बुधवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश करना शुरू कर दी है। इलाके के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति महाराष्ट्र के कल्याण शहर में रहकर कपड़ों की सिलाई करता है। गांव में वह सास के साथ रहती है। महिला के मुताबिक अंबेडकर जयंती के दिन यानि कि रविवार शाम को वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच उसे अकेला पाकर पड़ोस का हंसराज घर में घुस आया और उसका मुंह दबाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया।

## रामनवमी पर हनुमान धारा रोपवे में जलाए गए 20 हजार दीपक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



देशभर में रामनवमी की धूम रही। लोगों ने अपने-अपने तरीके से रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। वही हनुमान धारा मंदिर पर लगाए गए रोपवे परिसर में लगभग 20000 दिए जलाकर रामनवमी मनाई गई। यह कार्यक्रम रामनवमी की देर रात्रि किया गया। इस दौरान लोगों में खूब उत्साह दिखा। दामोदर रोपवे के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक ने कहा कि रामनवमी का त्योहार सत्य का प्रतीक है। भगवान राम के बताए गए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। इस पावन अवसर पर रोपवे की ओर से दीप प्रज्वलन का कार्य किया गया जो परिसर से लेकर मंदिर तक लगभग 20000 दिए जलाए गए। हनुमान धारा की मान्यता है कि जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम वनवास काल में आए थे और सीता का हरण हुआ था। हनुमान लंका पता लगाने गए और लंका दहन कर दिया। इसके बाद उनकी ज्वाला शांत नहीं हो रही थी तभी भगवान श्री राम ने हनुमान को यह स्थान बताया और उनके ऊपर एक जलधारा गिरती है। जिससे उनकी ज्वाला शांत हुई। भगवान श्री राम का चित्रकूट से गहरा नाता था। उन्होंने बनवास काल पर चित्रकूट में सबसे अधिक समय बिताया। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस पर उल्लेख किया है कि उन्होंने यहां 11 साल 11 महीना 11 दिन बिताएं हैं। यही चित्रकूट के पर्वतों पर भ्रमण कर कंदमूल फल का भोजन किया करते थे। हनुमान धारा के निकट मंदाकिनी नदी प्रतिदिन स्नान किया करते थे।

## कर्वी बस स्टैण्ड में व्यापारी के साथ हुयी चोरी की घटना का अनावरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस एवं कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा कर्वी बस स्टैण्ड से व्यापारी के साथ हुयी टप्पेबाजी घटना का अनावरण करते हुये एक टप्पेबाज को चोरी की लगभग 5 किलो चांदी की वस्तुओं के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 6 अप्रैल को कर्वी बस स्टैण्ड से सोने-चांदी के व्यापारी भगवान सिंह पुत्र स्व गनेश सिंह निवासी हरतीरथ कोतवाली काशी कमिश्नरेट वाराणसी के साथ



अज्ञात चोरों ने उनका चांदी की वस्तुओं से भरा बैग रोडबेज बस से चोरी कर लिया था। घटना के सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर प्रभारी एसओजी एम.पी. त्रिपाठी एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप को घटना के अनावरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसओजी सर्विलांस टीम एवं कोतवाली कर्वी में नियुक्त निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा अमरनाथ निषाद निवासी गोहनारपुर थाना आलापुर जनपद अंबेडकर नगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक बैग में सफेद धातु कुल वजन लगभग 5 किलो बरामद किया गया। आरोपी ने पूंछतांछ में बताया कि बीती 6 अप्रैल को 3 साथियों के साथ जीरो रोड बस स्टैण्ड प्रयागराज से रोडवेज बस में बैठे चांदी के व्यापारी का झोला देखकर रोडवेज बस का पीछा किया था। रोडवेज बस स्टैंड कर्वी चित्रकूट से मौका पाते ही बस में बैठे व्यापारी का झोला चोरी कर लिया था तथा अपने साथियों की मदद से मोटरसाइकिल में रखकर मौके से भाग गये थे। चारों ने चोरी के माल को आपस में बटवारा किया था। शेष तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### मुंबई-गोवा के लिए चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें, रेलवे ने जारी की समय सारिणी

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। प्रयागराज होकर जो समर स्पेशल चलेंगी, उसमें बनारस-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, मऊ-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, दानापुर-लोकमान्य तिलक प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा गोवा के वास्को द गामा के लिए भी एक समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। इसका संचालन मुजफ्फरपुर से वास्को द गामा के लिए होगा। मुंबई जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की लंबी प्रतीक्षा सूची को देख रेलवे प्रशासन ने कई समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का एलान किया है। इसमें पांच जोड़ी समर स्पेशल प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलेंगी। इनकी समय सारिणी जारी कर दी गई है। प्रयागराज होकर जो समर स्पेशल चलेंगी, उसमें बनारस-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, मऊ-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, दानापुर-लोकमान्य तिलक प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा गोवा के वास्को द गामा के लिए भी एक समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। इसका संचालन मुजफ्फरपुर से वास्को द गामा के लिए होगा।

## तीन प्रधानमंत्री देने वाले प्रयागराज में डॉ. जोशी के बाद नहीं बना कोई केंद्रीय मंत्री

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

इलाहाबाद सीट से सांसद चुने गए लाल बहादुर शास्त्री देश के दूसरे प्रधानमंत्री रहे। इलाहाबाद और फूलपुर दोनों ही सीट से सांसद चुने गए विश्वनाथ प्रताप सिंह भी प्रधानमंत्री बने। हालांकि, 1989 में जब वह प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे तो उस समय वह फतेहपुर से सांसद रहे लेकिन इससे पूर्व का पूरा राजनीतिक सफर उन्होंने प्रयागराज में पूरा किया था।

देश को तीन प्रधानमंत्री देने वाली संगमनगरी को 20 वर्षों से एक केंद्रीय मंत्री तक का इंतजार है। इलाहाबाद संसदीय सीट से सांसद चुने गए डॉ. मुरली मनोहर जोशी केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री रहे। इनके बाद केंद्र सरकार में जिले का कोई मंत्री नहीं रहा। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू फूलपुर संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए और हर बार प्रधानमंत्री रहे।

इलाहाबाद सीट से सांसद चुने गए लाल बहादुर शास्त्री देश के दूसरे प्रधानमंत्री रहे। इलाहाबाद और फूलपुर दोनों ही सीट से सांसद चुने गए विश्वनाथ प्रताप सिंह भी प्रधानमंत्री बने। हालांकि, 1989 में जब वह प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे तो उस समय वह फतेहपुर से सांसद रहे लेकिन इससे पूर्व का पूरा राजनीतिक सफर उन्होंने प्रयागराज में पूरा किया था।

इनके अलावा जनेश्वर मिश्र, हरिकृष्ण शास्त्री, हेमवती नंदन बहुगुणा, रामपूजन पटेल आदि केंद्र सरकार में मंत्री रहे। इस सूची में आखिरी नाम डॉ. मुरली मनोहर जोशी का है। डॉ. जोशी इलाहाबाद सीट से तीन बार सांसद चुने गए और मंत्री रहे। डॉ. जोशी आखिरी बार 1999 से 2004 के बीच मंत्री रहे लेकिन इनके बाद कोई केंद्रीय मंत्रीमंडल में शामिल नहीं हो सका। फूलपुर सीट की बात करें तो रामपूजन पटेल विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार में 1990 में खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री थे। इनके बाद कोई मंत्री नहीं बन सका। इस तरह से संगमनगरी के नेताओं को 20 वर्षों से केंद्रीय मंत्रीमंडल में जगह नहीं मिली है।

2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद सीट से भाजपा की डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने एक लाख 84 हजार से अधिक मतों के अंतर से सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को हराया था।

## दिग्गज बसपा नेता बलवीर पाल ने थामा भाजपा का दामन



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

बसपा प्रमुख की नीतियों से नाराज चल रहे बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बलबीर पाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लिया। वर्ष 2019 के आम चुनाव में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बलवीर पाल को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी और इसका प्रभाव यह रहा की पाल समाज और समर्थकों ने एकजुटता दिखाई तो भाजपा को यहां से जीत हासिल हुई थी। इसके बाद उपचुनाव 2019 में भाजपा से जोर-जोर से टिकट मांगने वाले बलवीर पाल ने दिसंबर 2021 में भाजपा को छोड़कर बसपा में शामिल होकर 2022 विधानसभा का चुनाव लड़कर 46000 वोट हासिल करने वाले पाल ने फिर से केन्द्र की मोदी सरकार तथा राज्य की योगी सरकार की नीति और रीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता हासिल कर ली। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में भाजपा को भारी बढ़त मिलेगी।

## करंट की चपेट में आया अधिवक्ता का परिवार, बड़े पुत्र की मौत

### छत पर बंधे तार पर कपड़े डालते समय हादसा, बचाने के प्रयास में झुलसा छोटा बेटा व अधिवक्ता

जन एक्सप्रेस। कालपी

नगर के मोहल्ला टरननगंज में छत पर बंधे तार में कपड़े सुखाने के दौरान अधिवक्ता व उसके दो पुत्र करंट की चपेट में आ गए। जिसमें बड़े पुत्र की मौत हो गई, जबकि छोटा पुत्र व अधिवक्ता झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिता पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन निवासी अधिवक्ता कमलेश अहिरवार 57 वर्ष परिवार सहित कालपी नगर के मोहल्ला टरननगंज में पुराने बस स्टॉप के पास निजी मकान में रहते हैं, और कालपी तहसील में वकाल करते हैं।

गुरुवार की सुबह कमलेश अहिरवार ने रोज की तरह स्नान किया और घर की आंगन में लगे तार पर अपने गीले



कपड़े सुखाने के लिए डालने लगा। तभी तार में उतर रहे करंट की चपेट में आकर वह चिपक गए। पिता को तार से चिपकते देख वहां मौजूद उसका 19 वर्षीय छोटा पुत्र रोहन पहुंचा और पिता को बचाने के प्रयास में वह भी चिपक गया। पिता व भाई के करंट से चिपके होने की खबर मिलते ही 25 वर्षीय बड़ा पुत्र विनीत दोनों को बचाने के लिए मौके पर पहुंच गया। जैसे ही उसने भाई व पिता को बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस दौरान घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने विधुत सप्लाई बंद करवाकर तीनों लोगों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने बड़े पुत्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि छोटे पुत्र व पिता का उपचार चालू कर दिया। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं मोहल्ले में मातम सा छाया हुआ है।

## 14 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट व 67 के खिलाफ हुई मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। कालपी

निर्भीक व निष्पक्षता लोकसभा चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूर्ण रुप से कमर कस ली है। जिसमें अपराधियों व अराजकतत्वों पर नकेल कसने को लेकर तावड़ तोड़ कारवाई की जा रही है। कालपी सर्किल में 67 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट और 14 लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जा चुकी है।

क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव-गांव तथा मोहल्लों-मोहल्लों के संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों को चिन्हित कर 4 हजार से अधिक लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। जिनमें कालपी थाने में डेढ़ हजार, कदौरा तथा आटा थानों में 9-9 सौ तथा चुर्खी थाने में 6 सौ लोगों के विरुद्ध निरोधत्मक कार्रवाई की गई है। बताया कि अलग-अलग स्थानों से 32 लोगों को पकड़ का 8 सौ लीटर अवैध शराब बरामद करके आवकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जगह जा चुकी है। सर्किल के थानेदारों के द्वारा विभिन्न जगहों में छापेमारी करके छह अवैध तमंचे तथा आठ 8 कारतूस को बरामद करके छह आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में सवा किग्रा. अवैध गांजा बरामद करके एक अपराधी को नारकोटिक्स एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अपराधी एवं अराजकतत्वों को चिन्हित करके 67 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट तथा 17 व्यक्तियों पर उ.प्र. गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान जो भी व्यक्ति चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करेगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चुनाव को लेकर पुलिस के द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है।

## डीएम ने किया प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने गुरूवार को मतदान कार्मिकों के चित्रकूट इण्टर कॉलेज कर्वी में चल रहे दोनों पालियों में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 में मतदान सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया तथा ईवीएम में मतदान सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दिए जाने के विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर निरीक्षण किया। साथ ही प्रशिक्षण कक्ष में बैठकर मतदान सम्बन्धी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनर्सो से कहा कि अच्छी तरह से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दे ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो।

जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन



को सकुशल संपन्न कराने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को विशेष कर ईवीएम मशीन के संचालन से सम्बन्धित समस्त तकनीकी जानकारी को प्राप्त करले और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य कर ले। मास्टर ट्रेनर्सो ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन का संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी मतदान कार्मिकों को दी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

### नवरात्रि समापन पर हुआ सफल आयोजन

## तुलसीपीठ में 1100 कन्याओं का पूजन कर रामानन्द मिशन ने बनाया इतिहास

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

धर्मनगरी स्थित तुलसीपीठ में गुरूवार को रामानन्द मिशन की ओर से कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने 1100 कन्याओं का पूजन किया। नवरात्रि समापन के अवसर पर हुए इस कार्यक्रम में उपहार पाकर कन्याओं के चेहरे खिल उठे।

कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम के आयोजक तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने बताया कि सनातन में कन्याओं को हमेशा से देवियों के रूप में पूजा गया है, किन्तु वर्तमान समय में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के चलते नई पीढ़ी के कुछ लोग भटकाव की स्थिति में आ जाते हैं। ऐसे में कन्या शक्ति वंदन जैसे कार्यक्रमों के जरिए समाज में कन्याओं के महत्व और सम्मान का संदेश जाता है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष तुलसीपीठ में 2100 कन्या वंदन का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम में आई कन्याओं का पूजन करने के बाद उन्हें उपहार और दक्षिणा भी प्रदान की गयी। जिसमें एक झोले में फल, रंग, फेबीकोल, पाउडर, क्रीम, चुनरी, लंच बाक्स, पानी की बोतल, अगरबत्ती, लूडो, चॉकलेट, बिस्कुट, इत्र व कॉपी समेत 16 सामग्रियां रखकर कन्याओं को भेट की गयी। बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे।

धर्मनगरी चित्रकूट में पहली बार तुलसीपीठ में हुआ यह भव्य कन्या



शक्ति वंदन कार्यक्रम चर्चा का विषय बन गया। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य ने अपने उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास को दी थी। जिसके बाद यह अनूठा कार्यक्रम पूरे देश को एक संदेश देने में सफल रहा। जहां कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के कन्याओं को आमंत्रित किया गया था। वहीं कार्यक्रम समापन के बाद आचार्य रामचन्द्र दास सभी कन्याओं को सकुशल घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर टीम को निर्देशित करते रहे। सफल आयोजन के चलते इस बार धर्मनगरी में नवरात्रि का समापन यादगार बन गया।

कार्यक्रम संयोजक निदेशक नरेन्द्र शर्मा ने सफल आयोजन के लिए युवराज आचार्य रामचन्द्र दास समेत पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कुकरेजा परिवार, जानकी नन्दन पाण्डेय, सुनील मुगदल, बृजेश शुक्ला, विवेक उपाध्याय, मदनमोहन दास, मनोज पाण्डेय, हिमांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनांक 20 अप्रैल, 2024 को गरज़-चमक, तेज हवाओं एवं धूल भरी आँधी के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 40.0 (+2.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.4 (+3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 32 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 27 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 11.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# चापड़ के वार कर बुजुर्ग को उतारा मौत के घाट, हत्यारे फरार




“मृतक का नाम मोहम्मद असलम है जिनकी उम्र लगभग 52 वर्ष बताई जा रही है। रजाई गद्दे की दुकान है उसी पर सोते थे। मोहम्मद असलम पर धारदार हथियार से वार किया है गया है जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई है।इनके साथ दो और लोग सोते थे जो गायब हैं, यह भी जानकारी सामने निकाल करके आई है की रात्रि में इन लोगों ने शराब पी है, जो दो लोग उनके साथ सोते थे वह गायब हैं। जॉच की जा रही है, जल्द खुलासे के लिए टीमों को लगाया गया है।



श्रवण कुमार
डीसीपी पूर्वी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में एक बार फिर से हत्याओं का सिलसिला आरंभ हो चुका है, अपराध का गढ़ माने जाने वाले थाना चकेरी क्षेत्र में गुरुवार को एक बुजुर्ग की हत्या कर आरोपी फरार हो गए और उसका रक्त रंजित शव फुटपाथ पर पड़ा पाया गया, सूचना पाकर मौके पर पहुंची चकेरी पुलिस ने फॉरेंसिक की टीम के साथ मिलकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जिस बुजुर्ग की हत्या हुई है उसका नाम मोहम्मद असलम उर्फ भोला बताया गया है। मौके पर डी.सी.पी. पूर्वी श्रवण कुमार भी पहुंचे और उन्होंने परिजनों संग पूछताछ करने के साथ ही घटना से जुड़े हर बिंदुओं पर जांच करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है। डीसीपी ने दावा किया है कि जल्द घटना का सफल अनावरण कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार थाना चकेरी क्षेत्र के जे.के. फर्स्ट में निवास करने वाले लगभग 54 वर्षीय मोहम्मद असलम उर्फ भोला जे के फर्स्ट में परिवार संग निवास करते थे, पास ही फुटपाथ पर टट्टर की दुकान बनाकर रजाई गद्दे का काम करते थे। गुरुवार की सुबह उनका रक्त रंजीत शव फुटपाथ पर पाया गया। पुलिस को सूचना मिलने पर चकेरी पुलिस फॉरेंसिक टीम और जाजमऊ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जॉच में जुट गई। डी.सी.पी. पूर्वी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों से कई बिंदुओं पर पूछताछ की। मृतक की पत्नी शकीला ने जानकारी देते हुए बताया है कि कुछ दिनों से उसके पति मोहम्मद असलम उर्फ भोला अनीश के यहां काम करते थे और वहीं पर उसके लेबरों के साथ सो जाते थे। पत्नी शकीला का आरोप है कि अनीश के साथ-साथ खुशबू नाम का सख्स और एक अन्य उनके पति भोले के साथ जमकर मारपीट करते थे और वह जब अपने पति को अपनी दुकान पर ले जाने के लिए आती थी तब उनके साथ अभद्रता गाली गलौज मारपीट कर उन्हें भगा दिया जाता था।

# थाना चकेरी क्षेत्र में चोरों ने मजाकिया अंदाज में मेडिकल स्टोर को बनाया निशाना






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं, कल चोरों ने कानपुर पुलिस को चुनौती देते हुए पर्दा लगाकर मेडिकल स्टोर में चोरी की घटना को अंजाम दे डाला और लाखों रुपए लेकर फरार हो गए। जैसे ही चोरी की घटना की जानकारी मेडिकल स्टोर संचालक को मिली उसके पैरों तले जमीन खिसक गई।
चकेरी थानाक्षेत्र के लाल बंगला में संजय मल्होत्रा का एक शक्ति मेडिकल एजेंसीज के नाम से मेडिकल स्टोर है। कल सुबह सवेरे लगभग 4 बजे के आस पास चोरों ने उनके मेडिकल स्टोर के शटर को उचका कर तीन लाख रुपये की चोरी कर ली। सुबह आस पास के लोगों की नज़र शटर पर पड़ी तो मेडीकल स्टोर संचालक को घटना की सूचना दी गयी। मौके पर पहुंच कर संचालक संजय मल्होत्रा ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मेडिकल स्टोर संचालक संजय मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह 2021 से यहां पर मेडिकल स्टोर चला रहे हैं, बुधवार की रात लगभग 11 बजे दुकान बन्द करके वह घर चले गए। सुबह पड़ोसियों की सूचना से उन्हें घटना की जानकारी मिली।

**चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद**

चोरों ने मेडिकल स्टोर में चोरी की घटना को बड़े मजाकिया और शातिराना अंदाज में अंजाम दिया है। सीसीटीवी टीवी फुटेज देखने पर पता चल रहा है कि चोर बड़े ही आराम से आते हैं और शटर का ताला तोड़ने लगते हैं। उनका एक और साथी आकर उन्हें कोई देख ना पाए इसलिए एक चद्दर का पर्दा बना देता है और उसके बाद वह है आसानी से शटर को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देकर रफूचक्कर चक्कर हो जाते हैं।



## पुलिस कमिश्नर से पीड़िता ने की विवेचक की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीते दिन गुरूवार को कानपुर के बर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत जरौली फेस 1 मे रहने वाली नीतू सोनी पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने कमिश्नर से एक मुकदमे के विवेचक की शिकायत की है। उनका आरोप है कि विवेचक ने दूसरी पार्टी से मिलकर उनके बेटे पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि मात्र दो बच्चों के विवाद मे उनके बेटे को जबरन घटना के चौथे दिन बाद उन पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दी। जिससे पूरा परिवार काफी परेशान है। कहना है कि विवेचक निष्पक्ष होकर जांच नही कर रहे हैं। जिसके बाद अब पीड़ित परिवार ने पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।
ज्ञातव्य हो कि जरौली फेस 1 निवासी नीतू सोनी ने बताया कि दो दो साल के बच्चे आपस मे खेल रहे थे। उसी दौरान ही खेल खेल मे एक बच्चे के पैर मे चोट लग गई। जिसके बाद कुछ दिन तक तो पास मे रहने वाली महिला संगीता देवी कुछ नही बोली थीं।
लेकिन बाद मे वह इलाज कराने के बात कहने लगीं। जिसके बाद पीड़िता ने बच्चे का इलाज भी कराया। उसके बाद भी करीब 4 दिन बाद पुलिस को उनके बेटे के खिलाफ झूठी तहरीर देकर फंसा दिया गया।
पीड़िता ने बताया कि उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच करने की बात कही है। ज्यादा कहने पर दरोगा ने कहा कि चाहे जहां चले जाओ, जो करना हो कर लो, लेकिन कुछ नही कर पाओगी। जिसके बाद पीड़िता ने अब पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से विवेचक बदलने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि उनका बेटा निर्दोष है और उसे जबरन फंसाया जा रहा है।

## राष्ट्रीय गोरखा ने नए पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राष्ट्रीय गोरखा सहयोग संगठन के द्वारा प्रदेश एवं जिला शाखा का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह छेत्री, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह छेत्री एवं कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह छेत्री के द्वारा गुरुवार को किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सूरज ध्वज राणा को जिलाध्यक्ष ध्वज राणा व महिला विंग जिलाध्यक्ष बबीता थापा को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह गठन गोरखा सहयोग संगठन को और अधिक गति प्रदान करने एवं सामाज हित में और अधिक सामाजिक कार्यों का संपादन सफलतापूर्वक करने के उद्देश्य से किया गया है।
इस अवसर पर संरक्षक भूतपूर्व सैनिक मनोज कुमार राणा, वरिष्ठ सलाहकार विश्वनाथ जी, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष हेमवीर दद्दा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कल्याणपुर पुलिस ने जुआरियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कल्याणपुर पुलिस ने एक निजी होटल के कमरे में चल रहे जुआड़खाने से 29 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से नकदी, ताश के पत्ते और वाहन बरामद किए हैं। पुलिस सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। बताते चलें कि कल्यानपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की खास सूचना पर बारासिरोही में बने कान्ती टावर होटल के द्वितीय तल से एक कमरे से ताश पत्तों से हार जीत की बाजी लगाते हुए 29 लोगो को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस को कुल 04 लाख 78 हजार रूपये नगद 30 मोबाइल फोन, ताश की गड्डियाँ आदि बरामद हुई है। पकड़े गए लोगों में दीनानाथ, राजेश यादव, अनीष, विवेक, अभिषेक तिवारी, सर्वेश शर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, राजेश सिंह, सत्यदेव त्रिपाठी, विशाल गुप्ता, सुरेश कुमार साहू, अमित शुक्ला, पवन यादव, रमेश पाल, अंकुर शुक्ला, प्रियांशु प्रभाकर, राजकुमार यादव, महफूज, नवील, रमेश, रवि तिवारी, राहुल गुप्ता, अभितेष, तोहिद,पवन, अतुल त्रिवेदी, अतुल कुमार, मोनू दुबे को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया है कि थाना में मु.अ.सं. 175 धारा 3/4 जुआ अधि।) पंजीकृत किया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कुष्मांडा देवी मंदिर की जमीन पर अवैध दुकानें बनाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने घाटमपुर में स्थित विश्व विख्यात कुष्मांडा देवी मंदिर की जमीन पर अधिशाषी अभियंता द्वारा बनवाई जा रही दुकानों के विरोध में क जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तत्काल मंदिर परिसर में बन रही दुकानों को गिराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने आए जितेंद्र कुमार ने बताया कि अधिशाषी अभियंता डाक्टर महेंद्र कुमार घाटमपुर कुष्मांडा देवी के मंदिर की खाली पड़ी जमीन पर 36 अवैध दुकानों का निर्माण करा रहे हैं जिसका पूरा क्षेत्र के लोग विरोध कर रहे लेकिन उसके बाद भी वह अपनी पावर का गलत प्रयोग कर अवैध निर्माण करा रहे हैं।घाटमपुर में कुष्मांडा देवी माता का मंदिर पूरे विश्व में विख्यात है और दूर दूर से लोग दर्शन करने आते है।

## पशु तस्करों को बिठूर पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर की बिठूर पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से पशुओं को का व्यापार करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इन दोनों के पास से पुलिस टीम को 57 भैस के साथ 47 पड़वे व 9 पड़ियां बरामद हुई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना पुलिस बिठूर द्वारा दौराने गस्त कन्ट्रोल रूम की सूचना पर भारतपुरवा पेट्रोल पम्प के मंधना गंगा बैराज रोड़ से 04 व्यक्ति को मय आयशर डीसीएम में क्रूरता पूर्वक भरे 57 भैस के 47 पड़वे व 9 पड़ियां के समय करीब 01.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया।

# कानपुर और देहात की दोनों लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया आरंभ




**कानपुर लोकसभा के लिए 16 उम्मीदवारों ने लिए नामांकन पत्र**

कानपुर लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए गुरुवार को 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए हैं। सुरेंद्र कुमार बाजपेई निर्दलीय ,आलोक मिश्र भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, रमेश अवस्थी भारतीय जनता पार्टी, आलोक मिश्रा निर्दलीय,अरविंद कुमार श्रीवास्तव निर्दलीय, अशोक पासवान सभी जन पार्टी, पंकज पटेल सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी, अजय कुमार मिश्रा निर्दलीय, प्रशस्त धीर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, प्रीति राठौर अखिल भारतीय परिवार पार्टी, संजय कुमार त्रिवेदी निर्दलीय, श्रीमती सरोज निर्दलीय, बालेंद्र कटियार सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया कम्युनिस्ट, विनोद कुमार भारत इंटीग्रेटेड रक्षक पाठ पार्टी, विजय नारायण पाल राष्ट्रीय किन्नर मोर्चा, दीपक मिश्रा निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पर्चे प्राप्त किए गए हैं।

**कानपुर देहात लोकसभा सीट से 10 उम्मीदवारों ने लिए नामांकन पत्र**

कानपुर देहात की लोकसभा सीट से चंद्रेश सिंह भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, देवेंद्र सिंह उर्फ भोले भारतीय जनता पार्टी, अशोक पासवान सभी जन पार्टी, रामगोपाल राष्ट्रीय जन उन्थान पार्टी, दिनेश कुमार पटेल सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी, राजेश कुमार द्विवेदी बहुजन समाज पार्टी, विपिन कुमार राष्ट्रीय संस्कृती पार्टी ,कलीम सेजवाडा निर्दलीय, प्रदीप भारत इंटीग्रेटेड रक्षक पार्टी, राजा रामपाल समाजवादी पार्टी ने नामांकन पत्र प्राप्त किए हैं।

**डीएम और कमिश्नर ने सुरक्षा के कराए व्यापक इंतजाम**

शहर में नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से आरंभ हो चुकी है इससे पहले जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर ने अपने स्तर पर कोई भी कोताही ही नहीं बरती है। जिलाधिकारी न आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए बहुत बड़े स्तर पर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई हैं। इस मर्तबा नामांकन करण जाने वालों के रास्ते में उन्होंने विशेष पंडाल तैयार करवाया है, जिसमें मतदान करने के लिए भी अलग-अलग प्रकार के स्लोगन लिखे हुए हैं। दूसरी ओर पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर जेसीपी हरिश्चंद्र की अगुवाई में चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स भारी संख्या में तैनात रहा।

**✻ दूसरे आलोक मिश्रा का चुनाव लड़ना, कांग्रेस आलोक मिश्र को कहीं पड़ ना जाए भारी**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर नगर और कानपुर देहात में होने वाले लोक सभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। कानपुर देहात अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले ने नामांकन फार्म दाखिल किया। साथ ही साथ कई प्रत्याशियों ने कानपुर और देहात की लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किए हैं। इस मर्तबा कानपुर लोकसभा सीट पर आलोक मिश्र और आलोक मिश्रा नाम से दो प्रत्याशी मैदान में है। आलोक मिश्र कांग्रेस से हैं तो वहीं दूसरी ओर आलोक मिश्रा नाम के प्रत्याशी निर्दलीय हैं आलोक मिश्रा नाम के निर्दलीय प्रत्याशी से कहीं ना कहीं कांग्रेस के आलोक मिश्र को जरूर फर्क पड़ेगा।

# डी. सी. एम. की टक्कर से ई-रिक्शा पेड़ में लटका, कई सवारियां घायल





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ की तरफ से सवारियों को लेकर घाटमपुर जा रहे ई-रिक्शा को पीछे से डी सी एम ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे रिक्शा उछल कर दूर पेड़ की टहनी से लटक गया जिसमे कई सवारियां घायल हो गई।
जानकरी के अनुसार भीतरगाँव चौकी के रावतपुर चौधरियान से ई रिक्शा चालक सुनील यादव अपने ही गाँव की कई सवारियों को लेकर घाटमपुर जा रहा था। वो जैसे ही बारीगाँव बम्बा के पास पहुँचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ़्तार डी सी एम ने रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह उछल कर पेड़ में टँग गई और लोगों में चीख पुकार मच गई, कुछ लोग तो गाड़ी में दब गए , राहगीरों ने तुरंत सभी घायलों को बाहर निकाला और 108 नंबर डायल कर एम्बुलेंस को सूचना दी, ई रिक्शा में करीब आधा दर्जन से ज्यादा सवारियां बैठी थी टक्कर लगने से चालक सुनील यादव व पुतान निवासी रावतपुर दोनों गंभीर घायल हो गए अन्य के मामूली चोटे आई हैं जिनको भीतरगाँव से कानपुर इलाज के लिए रिफर कर दिया गया है।



## अवैध शराब के साथ शातिर को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



थाना चमनगंज पुलिस द्वारा गुरुवार को श्रीनगर चौराहे के पास से एक व्यक्ति शारिक अमीन पुत्र रूहुल अमीन निवासी 88/486 फहीमावाद थाना चमनगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 ली0 अबैध देशी नाजायज शराब बरामद की गयी। जिसके सम्बन्ध में थाने पर धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 जय सिंह चौकी प्रभारी आनंदवाग बी.पी.ओ. हे0का0 रामपाल सिंह की भूमिका मुख्य रही।

# धार्मिक कार्यक्रम में अश्लीलता फैलाना पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



थाना बिल्हौर की पुलिस ने अश्लील नृत्य आयोजन के मामले में अश्लीलता फैलाने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की है इसी क्रम में दिव्यांशु सिंह पुत्र नेम सिंह, रोहित कुमार पुत्र सदारी लाल कमल, रामप्रकाश शर्मा पुत्र बाबू,सुनील कुमार पुत्र लाखन सिंह , राजपाल पुत्र बागेश्वरी ,के विरूद्ध धारा 107/116/151 सीआरपीसी की कार्यवाही कर चालान भी किया है। पुलिस के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उच्चाधिकारीगणों से ग्राम राजेपुर में स्थित जंगली देवी मंदिर के पास रासलीला के आयोजन हेतु अनुमति प्रात की गयी थी परन्तु अभियुक्तगण द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए स्त्रियों द्वारा अश्लील नृत्य का आयोजन किया तथा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति भंग की गयी। जिस पर थाना स्थानीय की पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगणों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.वीना आर्या पटेल के नेतृत्व में निराला नगर मंडल के अंतर्गत अंबेडकर नगर कच्ची बस्ती में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। संपर्क अभियान के दौरान लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ के विषय में जानकारी देने के साथ लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस अवसर पर 13 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ.सुदेश सचान, रविंद्र राजपूत, पंकज शर्मा, अनिल माथुर, आशीष कश्यप, विनोद कुमार गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ के आरोपी को सजा के साथ जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत छेड़छाड़ का जुर्म करने वाले आरोपी को सजा कराने में डीसीपी बेस्ट की टीम ने सफलता हासिल की है।
कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया है कि थाना चौबेपुर पर दर्ज मु0अ0स0 114/19 धारा 376/511/506 भा0द0वि0 के अभियुक्त आदित्य उर्फ भोला को माननीय न्यायालय एफटीसी-1 कानपुर देहात द्वारा दोषसिद्ध होने पर धारा 354 भा0द0वि0 में 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 3,000/- रूपये के अर्थदण्ड से, धारा 506 भा0द0वि0 में 01 वर्ष के साधारण कारावास से दण्डित किया गया तथा धारा 376/511 भा0द0वि0 में अभियुक्त को दोषमुक्त किया गया है। पैरवी टीम में अमित चौहान (अभियोजक) अजय कुमार त्रिपाठी (अभियोजक) म0का0 भावना अवस्थी (कोर्ट मोहर्रर) हे0का0 नरोत्तमदास (पैरोकार) की भूमिका प्रमुख रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

**जन एक्सप्रेस/जलालपुर अम्बेडकर नगर।** जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियो में नव विवाहिता की मौत हो गयी मृतका के पिता ने प्रताड़ना कर हत्या का आरोप लगाते हुए पांच लोगों की विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने मे जुटी है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगपुर खास की है। बीते बुधवार को नव विवाहित ज्योति 28 वर्ष का घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसकी सूचना मोबाइल से पिता को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। वहीं मृतका के पिता प्रेमचंद निवासी खानपुर जनपद गाजीपुर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी पुत्री का विवाह दिसंबर 2017 में अभिषेक सोनी के साथ हुई थी जो दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे जिसको बीते बुधवार को ज्योति को फांसी लगाकर मार डाला गया। इस मामले मे सुरेश, नीलम, विवेक, विशाल व अभिषेक को नामजद किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर अंग्रिम कार्यवाही शुरू कर दिया है।

# आग बुझाने और सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का अभियान

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अग्नि सुरक्षा सप्ताह एवं ग्रीष्म कालीन मौसम में होने वाली अग्नि दुर्घनाओं को लेकर अग्निशामन तथा आपात सेवाएं अमेठी द्वारा गुरुवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत प्रशिक्षण अभियान शुरु हुआ।

जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत अनेक स्थानों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें आग बुझाने, आग से बचाव और अग्नि शमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण देते सतर्क रहने के लिए जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर आग को काबू करने के लिए उपकरणों व उनके प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके रख-रखाव के सम्बन्ध में डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वॉय सहित अन्य सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया तथा प्रशिक्षुओं को फायर एक्सटिंग्यूशर चलाने, आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित गैस रिसाव, गैस सिलेण्डर की आग को सरलता से बुझाने एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समय आग से बचाव हेतु **क्या ना करें** बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर प्रशिक्षकों ने बताया कि बिस्तर में लेटकर सिगरेट-बीड़ी का प्रयोग मत कीजिए।बिना बुझाए हुए बीड़ी सिगरेट के टुकड़ों को लापरवाही से इधर-उधर मत फेकिए। दियासलाई अबोध बालकों की पहुँच से बाहर रखिये। भोजन बनाने के पश्चात चूल्हे के ईधन को पूर्ण रूप से बुझा दें।भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चुल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने में न करें। अपने ढीले-ढाले आँचल को भोजन बनाते समय बाँध कर रखें।और उसे चूल्हे व स्टोव की आग की लपटों से बचाकर रखें। जलते हुए स्टोव व लालटेन में मिट्टी का तेल न भरें। मोमबत्ती, चिराग,अंगीठी का अगर इस्तेमाल करना पड़े तो उसे सुरक्षित स्थान पर करें।घर में बिजली के कटे-फटे तारों को तुरन्त बदलवा दें या मरम्मत करा लें। सही ढ़ग का फ्यूज लगायें व एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगायें। कार्यालय व घरों के विद्युत स्टोव और आइरन प्रेस का प्रयोग करने के पश्चात् प्लग निकाल कर तभी हटें। कुकिंग गैस सिलेण्डर में तनिक भी लीकेज का आभास होते ही पास-पड़ोस की अन्य अंगीठियों व जलती हुई बीड़ी-सिगरेट को तुरन्त बुझा दें। जब तक घर का वायुमण्डल शुद्ध न हो जाये दियासलाई मत जलायें। लीक करने वाले सिलेण्डरों को तुरन्त घर के बाहर खुले स्थान पर निकाल कर रख दें और गैस कम्पनी को सूचित कर साथ ही साथ गैस लीकेज बन्द करने का प्रयत्न करें। रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्व बन्द करना न भूलिए। गैस का रबड़ पाइप अधिक पुरानी होने पर इसे बदलवा दें। जलाने से पहले सुनिश्चित कर लें कि गैस की गंध तो नहीं आ रही है। एक ही कमरे में गैस का चूल्हा,अंगीठी बौर बिजली का स्टोव एक साथ मत जलाइये।गैस का सिलेण्डर सदैव खडा रखिये।अपने मकान, दुकान व कारखानों के पास के आग बुझाने वाले फायर हाईड्रेन्ट या पानी के अन्य स्रोतों की जनकारी रखिये। यह खराब हो, खुले हों तो इसकी शिकायत जल संस्थान और अग्निशमन केन्द्र को तुरन्त करिये और सुनिश्चित कर लीजिए कि यह शीघ्र ही ठीक कर दिये गये हैं। अपने मकानों, दुकानों और कारखने में कुछ अग्निशमन यंत्र अवश्य रखिये।और उसके प्रयोग विधि की जानकारी प्राप्त करिये। इस विषय पर अपने क्षेत्र के अग्निशमन केन्द्र से मदद लीजिए। आग जलने पर शोर मचा कर मकान के समस्त लोगों को आगाह कीजिए, ताकि वे निकल कर बाहर आ सकें। आग लगने पर फायर बिग्रेड को टेलीफोन करके अवश्य बुलवाए इसकी सेवायें हर समय निःशुल्क उपलब्ध है। अपने क्षेत्र के फायर स्टेशन का टेलीफोन नम्बर याद रखिये। पुलिस थाने पर भी आग की सूचना दी जा सकती है। फायर बिग्रेड को सूचना देते समय घबराई हुई आवाज में मत बोलिए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एक ही नारा एक ही नाम-जय श्रीराम, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठी गलियां



**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम, जयश्रीराम के उद्घोष से शहर की गलियां बुधवार को गूंज उठी। अवसर था रामनवमी शोभायात्रा का। इस दौरान शहर में शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों युवा भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। विभिन्न समाज और संगठनों की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के शुभ अवसर पर हिन्दू संगठनों द्वारा अयोध्या शहर में श्रीराम शोभायात्रा निकाली गयी इस यात्रा का नेतृत्व हिन्दू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष शंभूनाथ जायसवाल ने किया तथा संचालन महानगर महामंत्री कुलभूषण द्विवेदी ने किया। शोभायात्रा आयोजक शम्भूनाथ जायसवाल ने बताया की पिछले 12 वर्षों से हर रामनवमी पर हिंदू संगठनों के सहयोग से शोभायात्रा निकाली जाती है, क्योंकि इस बार की रामनवमी खास है और हमारे रामलला टेंट से महल में आये हैं इसीलिए कार्यकर्ताओं और युवाओं का उत्साह बहुत ज्यादा है। संचालन कर रहे कुलभूषण द्विवेदी ने शोभायात्रा में आये हुए सभी हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राकेश सिंह, मनीष तिवारी, विनय सोनी, अभय मिश्रा, विशाल भट्ट और अन्य हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ता और रामभक्त उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, कई घायल-एक लखनऊ रेफर

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गाँव में रंजिश के चलते दो पक्षों में मंगलवार रात किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया नौबत मारपीट तक आ गई जिसमें कई घायल हुए एक गंभीर रूप से घायल को लखनऊ रेफर किया गया और दो को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल हिमांशु सिंह 23 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार सिंह को डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। राहुल सिंह 35 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह का इलाज चल रहा है। पुलिस को दी गई तहरीर व गांव निवासी कुम्भकर्ण सिंह का कहना है कि विकास, राजा, सौरभ, रिंकल और अंकित सिंह ने लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी से हिमांशु पर हमलाकर बेहोश कर दिया। बीच बचाव को पहुंचे मेरे बेटों अतुल व राजू व सुभाष पुत्र बीरबल को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं घायल राहुल सिंह ने विनोद कुमार सिंह, पत्नी प्रेमा, उनके बेटों हिमांशु, सुधांशु, कुम्भकर्ण सिंह, राजू सिंह व अतुल सिंह के खिलाफ हमलाकर ऋषभ सिंह व अंकित से गाली-गलौच व धमकी तथा उसको मरणासन्न कर देने का आरोप लगाया है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है। वहीं जिला चिकित्सालय में घायल अतुल सिंह का कहना है कि आज तीन दिन हो गए लेकिन ना तो हमारा अभी तक मेडिकल हुआ है और नहीं हमारी रिपोर्ट दर्ज हुई हमारी कहीं सुनवाई भी नहीं हो रही हम चाहते हैं कि घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कार्यवाही। घायल प्रेमा देवी का भी कहना है कि उनकी रिपोर्ट दर्ज की जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

### भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर हुआ मेधावियों का सम्मान

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सामाजिक, शैक्षिक एवं मार्गदर्शक संस्था एकलव्य एकेडमी अयोध्या द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत पढ़ाई का टूर्नामेंट-2024 के सभी विजेताओं का सम्मान भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर संस्था के मुख्य कार्यालय बनकट मठिया बीकापुर अयोध्या और शाखा कार्यालय हाजीपुर सिंहपुर मुमताजनगर अयोध्या पर किया गया। संस्था द्वारा यह प्रतियोगिता कक्षा 5 से 12 तक एवं नौकरी की तैयारी करने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

### सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधानसभा में दस स्थानों पर लगाई जनचौपाल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधानसभा में दस स्थानों पर जनचौपाल लगाई। उन्होंने चांदपुर, जोरियम, इसौलीभारी, मरूई गनेशपुर, तेंधा, सरियावां, मुंगीशपुर, गुजरामउ, अस्थना, चिरौली में चौपाल के माध्यम से लोगों से संवाद किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए जिसने न केवल नागरिकों का जीवन स्तर उपर उठाया बल्कि देश की अर्थव्यवस्था ने भी सारे रिकार्ड तोड़ दिए, देश पहले से ज्यादा सुरक्षित, और निर्णायक बना बल्कि दुनिया में देश ने नेतृत्व का एक नया अध्याय भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि जनधन खाता, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, इज्जत घर, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाओं से जनकल्याण की श्रंखलाएं जनता को प्रदान की है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता के मन में उत्साह का माहौल है। 4 जून को देश को भगवामय करने का संकल्प स्वंय जनता ने लिया है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अविवि ने रामनवमी के दिन तुलसी उद्यान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा रामनवमी के पावन पर्व पर एमएमसी हॉस्पिटल लखनऊ, फस्ट केयर इन फार्मेसी, गोरखपुर एवं मंगलम होम्यो क्लीनिक, आजमगढ़ के संयुक्त संयोजन में अयोध्या के तुलसी उद्यान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में 200 से अधिक श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। इसमें चिकित्सकों द्वारा श्रद्धालुओं स्वास्थ्य संबंधित उचित परामर्श देकर नि:शुल्क दवा वितरित की गई।इस शिविर का उद्घाटन करते हुए समाज कार्य विभाग के समन्वयक डॉ0 दिनेश कुमार सिंह ने सभी को स्वास्थ्य से जागरूक करते हुए कहा कि संतुलित भोजन, योग, भरपूर नींद एवं शुगर और ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की भाकपा (माले) ने की अपील

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

लोकसभा चुनाव को लेकर भाकपा (माले), किसान महासभा, एक्टू, इंकलाबी नौजवान सभा, इंसाफ मंच ने आज फलक लान में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की जनता से अपील की।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) नेता व ऐक्टू के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड विजय विद्रोही ने कहा देश की जनता ने मोदी सरकार के तानाशाही वाले राज को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है, मोदी सरकार के दस साल किसानों-मजदूरों के लिए आफत काल रहें हैं, पूरे देश ने देखा किस तरह इस सरकार ने किसानों पर गोलियां चलाई, रास्ते में कीलें ठोंकी, 13 महीने दिल्ली के बाहर बैठाए रखा अब भाजपा के लोग किसानों के दरवाजे से भगायें जा रहें हैं।

श्रम कानूनों को समाप्त कर पूंजीवादी को मजदूरों की मेहनत को लूटने, आशा-आंगनबाड़ी- रसोईया सहित करोड़ों स्कीम वर्कर्स को मोदी सरकार ने झूठे वायदों के सिवा कुछ नहीं दिया।

कामरेड विजय विद्रोही ने कहा आज पूरा देश जान गया है कि देश भर के भ्रष्टाचारियों की पार्टी भाजपा है और उनके नेता मोदी है, ईडी सीबीआई का इस्तेमाल कर पहले भ्रष्ट बताया जाता है और फिर उन्हें देश भक्त बता कर भाजपा में शामिल कर लिया जाता है। इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकरण ने भाजपा की ईमानदारी की नकाब उतार दी। अब यह साफ हो गया है कि भाजपा को किसी भी तरह से सत्ता चाहिए। भाजपा को हराना देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए जरूरी है।

इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष हनोमान अम्बेडकर ने कहा मोदी का ÷चार सौ पार÷ का नारा ही उसकी हार का कारण बनेगा, क्यों कि पूरा देश जान गया है कि भाजपा को चार सौ सीटों पर जीत देश के संविधान को बदलने के लिए चाहिए, देश की जनता दलित - पिछड़े - आदिवासियों - अकलियतों को जो कुछ मिला है बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा बनाए गए इसी संविधान के कारण मिला है। भाजपा संविधान को समाप्त करने के लिए वोट मांग रही है और देश की जनता संविधान की रक्षा करने के लिए भाजपा को इस बार **करारी हार** देने जा रही है।

पत्रकार वार्ता में भाकपा माले जिला सचिव कामरेड उदयभान चौधरी ने **भाजपा हराओ- देश बचाओ** शीर्षक से एक पर्चा जारी करते हुए कहा कि भाकपा (माले) आज से इस नारे के साथ पूरे जनपद में एक जन अभियान शुरू कर रही है।

किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कामरेड फूलचंद मौर्य व ऐक्टू जिला सचिव कामरेड रामगोपाल लोधी, इंसाफ मंच के जिला अध्यक्ष डॉ हलीम महमूद, भाकपा (माले) राही सचिव हरी लाल व किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष मो अंसार भी मौजूद थे।

## अज्ञात कारणों से मोबाइल शॉप में आग लगने से लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** गुरुवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब थाना कोतवाली नगर रोड से बंदूक वाली गली में जाने वाले मार्ग पर बनी मार्केट में स्थित मोबाइल शॉप में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें दुकान से बाहर निकल रही थी जिससे लोगों को अन्य दुकानों में आग लगने का डर सताने लगा। मिली जानकारी के अनुसार रोज की तरह बुधवार को मोबाइल शॉप मालिक ने दुकान बंद करके घर चला गया, अगले दिन सुबह दुकान से धुआं बाहर निकलता देख लोगों ने इसकी जानकारी मार्केट और दुकान मालिक को दी। उसके बाद फायर ब्रिगेड को को जानकारी दी। सुबह के समय ट्रैफिक कम होने के कारण तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम ने मोर्चा संभाला और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी जिससे दुकान पर रखा लाखों का सामान जलकर राख में तब्दील हो चुका था। आग के बाद उठे धुआं के गुबार से पूरी मार्केट सफेद से काली हो गई इसके साथ ही आग लगने से आस पास की दुकानों में भी असर देखने को मिला।

## पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण आज से



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थित में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण 125 मास्टर ट्रेनरो को दिया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनरों से पूर्व में कराई गई ट्रेनिंग के बारे में पूछा गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए गए जवाब से अधिकारी संतुष्ट दिखाई दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिनांक 19 अप्रैल से पीठासीन अधिकारी/प्रथम मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रारंभ हो रहा है।मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए गए हैं कि समय से उपस्थित हो संबंधित अधिकारियों को विधवत तरीके से प्रशिक्षण दिया जाए। जिससे 25 मई को मतदान सुचार रूप से कराया जा सके। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 15 कमरों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें प्रत्येक कमरे में चार मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं। पीठासीन अधिकारी/ प्रथम मतदान अधिकारी को ट्रेनिंग के दौरान विधवत रूप से जानकारी प्रदान किया जाए जिससे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## प्रथम मतदान कार्मिकों के चतुर्थ प्रशिक्षण मे 05 मतदान कर्मी रहे अनुपस्थित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

> ✻ **अनुपस्थित मतदान कार्मिक 19 अप्रैल को द्वितीय पाली में प्रशिक्षण प्राप्त करें, अन्यथा की जाएगी कार्यवाही: डीडीओ**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रथम मतदान कार्मिक के चतुर्थ प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय, रायबरेली में दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 1387 मतदान अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें से कुल 5 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। प्रथम पाली में 02 और द्वितीय पाली में 03 अनुपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक कुल 25 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहें। जिला विकास अधिकारी ने सभी 25 अनुपस्थित कार्मिकों को उनके कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निर्देशित किया है कि वह 19 अप्रैल को द्वितीय पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा 19 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त न करने की दशा में सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत संज्ञेय अपराध मानते हुए विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

## राम भक्तों की सेवा करने का सौभाग्य प्रभु की कृपा से मिला: राजेश महाराज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज के निर्देशन में भगवान राम के जन्मोत्सव राम नवमी को टेढ़ी बाजार पर विशाल शरबत वितरण का आयोजन किया गया।हजारों की संख्या में लोग शरबत ग्रहण किया। अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि राम नवमी के दिन हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। भगवान ने मानव रूप में अवतरित होकर धर्म, संस्कृति के साथ मानवता की मिसाल कायम की। आज हम सभी भगवान राम के राम नवमी के पर्व पर राम भक्तों की सेवा करने के लिए शरबत पान वितरण का कार्य क्रम किया जा रहा है। ताकि इस विकट गर्मी में आने वाले श्रधालुओं को पीने के लिए पानी न खोजना पड़े इसके लिए भव्य सरवत पान का आयोजन किया गया है।

# 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का बैनर लगा ग्रामीणों ने जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**




जनपद के अकबरपुर विकास खंड के अलमापुर अमरतल गांव में ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत न कराए जाने से रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर नाराजगी जताई है। और विभागीय अधिकारियों से सड़क मरम्मत की मांग की है।

अकबरपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत अलमापुर अमरतल गांव में 15 वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी के माध्यम से करीब 20 लाख रुपए की लागत से एक किलोमीटर सड़क बनवाया गया था। सड़क निर्माण के बाद फिर किसी ने इधर मुड़कर नहीं देखा। सड़क की दशा बेहद बदतर है।इसमें जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। सड़क के ऊपर की डामर व गिट्टी पूरी तरह से उखड़ कर गायब हो चुकी है। सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। नुकीले पत्थरों के बीच आवागमन करने से आए दिन वाहन पंचर होते रहते हैं।

रात के अंधेरे में राहगीर व ग्रामीण अक्सर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को होती है बारिश के दिनों में समस्या बढ़ जाती है। प्रधान शिव पूजन राजभर ने कहा कि उक्त सड़क की मरम्मत कराये जाने के लिए कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन किसी ने समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद यह मुद्दा जोर पकड़ रहा है। ग्रामीणों ने विरोध का नायाब तरीका ढूंढ निकाला है। गांव के बाहर रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर नाराजगी जताई है। गांव में लगा उक्त बैनर चौक चौराहे पर चर्चा का विषय बना है। ग्रामीण अजय कुमार, आरपी सिंह, नरसिंह, बाबूलाल, अनिल कुमार अजय कुमार, विनोद कुमार, रामनयन आदि ने बताया कि 15 वर्ष पहले गांव में सड़क बनवाया गया था।

# नृत्य नाटिका और लोक भजनों से मना जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**



संस्कृति विभाग द्वारा तुलसी मंच पर रामोत्सव के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमो में राम जन्म की धूम मची रही। लोक गायक सच्चिदानंद ने अपने दल के साथ लोक भजनों से श्रीराम जी के जीवन प्रसंगों का गायन करके सभी को अभिभूत कर दिया।

भगवती के भजन शेरवा सवार होके, आवेलि पहाड़वा के छोड़ देवी मईया से आरंभ करके रामलला के आगमन के उल्लास को प्रकट किया और गाया बहुत समैया बाद, आवा शुभ दिनवा, रामलला बैठ गए अपने भवनवा तो लोग तालिया बजाने लगे। इसके बाद निज भवन बैठे जगधार, बधाइयां सब लेके आवे गाकर बधाई दी,इसी उल्लास में अवध में उमड़े जनसैलाब की भावनाओ को स्वर देते हुए प्रस्तुत किया चला सइयां देखी आई अवध नगरिया तो सभी झूम गए। अयोध्या में आए श्रद्धालुओं को समर्पित भजन गजब नीक लागे, अयोध्या का मेला गाकर सभी को लुभा दिया।

अपने अंतिम प्रस्तुति में अवध नगरी हो अवध नगरी, सब गावे बधाइयां गाकर अयोध्या के आनंद को प्रतिबिंबित किया। अगली प्रस्तुति अयोध्या की कलाकार वाणी शुक्ला और दल ने रामायण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की, जिसमे राम जन्म के प्रसंग को गीत और नृत्य के माध्यम से मंचित करके सभी को रामरस में डुबो दिया। व्हील चेयर पर बैठकर वाणी ने जिस तन्मयता से अपने चरित्र को निभाते हुए नृत्य किया, सभी हतप्रभ रह गए।

पारंपरिक सोहर जन्मे अवध में राम के बोलो पर कलाकारो ने कौशल्या माता को बधाई दी इसके बाद रामलला को छवि को सजीव करते हुए ठुमुक चलत रामचंद्र, बाजत पैजनियां पर नृत्य किया तो सभी मुदित हो गए।

## विदेश से आए राम भक्तों ने किया रामलला का दर्शन पूजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** शिकागो से आए राम भक्त ने भगवान रामलला का किया भव्य दर्शन पूजन केंद्र व प्रदेश की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इतना भव्य राम मंदिर बन रहा सौभाग्य की बात उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा कि प्रभु रामलला का दर्शन प्राप्त करके मेरा जीवन धन्य हो गया! राकेश मल्होत्रा ने कहा हमारे गुरूजी ने बुलाया अयोध्या आओ उनके बुलाने पर पहुचे जायसवाल मंदिर के महंत श्याम सुन्दर दास ने विदेश से आए राम भक्तों का भव्य स्वागत किया और जायसवाल मंदिर मे सांय काल का भोग प्रसाद एवं आरती में भी शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व पार्षद कमला मल्होत्रा, सिक्कू पाठक, घनश्याम जायसवाल, विरानन्द दास, घनश्याम गुप्ता, कपिल देव जायसवाल आदि लोग मौजूद थे।

# गर्मी से गोवंशो को बचने के लिए गौशालाओं में किया जा रहा है उचित प्रबंध

**जन एक्सप्रेस । जलालपुर अम्बेडकरनगर**



नगरचिलचिलाती धूप तथा लू के थपेरा से.पशुओ को बचाना किसी चुनौती से कम नही है गर्मी को देखते हुए गौआश्रय केन्द्रो का कायाकल्प होना सुरु हो गया है इस चिलचिलाती धूप व लू से गोवंशो के बचाव के लिए जिम्मेदार ग्राम सचिवो की पहल पर दान दाताओं ने सहयोग के लिए आगे हाथ बढ़ाया।

विकास खंड जलालपुर में कुल पांच गौआश्रय केन्द्र स्थापित है जिसमे कल्यानपुर, पटौहा गानेपुर, मालीपुर, अस्ताबाद तथा शेखपुरा राजकुमारी शामिल हैं अधिकारियों द्वारा इन गौशाओ का निरीक्षण कर समय समय पर गौवंशो की सुरक्षा रखरखाव व पुष्टाहार भूसा की पर्याप्त मात्रा में रखा जाए तथा गौवंशो का मेडिकल चेकप बीमार पशुओ का उपचार के दिशा निर्देश दिया जाता रहा है कुछ ग्राम सचिवो व ग्राम प्रधानो की पहल पर क्षेत्र के सम्मानित लोगों के सहयोग से गौशालाओं का काया कल्प सुरु हो गया है गोशाला शेखपुरा राजकुमारी के ग्राम पंचायत सचिव शिवा कान्त मिश्रा ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम बरन बर्मा द्वारा चार हजार, हेमन्त यादव दो हजार, कमलेश वर्मा द्वारा दो हजार ईट तथा शिक्षक राजेश यादव द्वारा दस बोरी सीमेंट व एक ट्राली बालू गौशाला में बिभिन्न कार्यों के लिए दिया गया है धूप से पशुओ को बचने के लिए जन सहयोग से छप्पर का निर्माण कराया गया है गौशाला के बगल जंगल है। अज्ञात लोगों द्वारा मृत पशुओ के शव को जंगल में फेंक दिया जाता है जिस पर ग्राम सचिव ने आपत्ति जतायी है ग्रामीणो का कहना है कि जंगल झाड़ी है वहा पर पचासो की संख्या में नीलगायो का जमावड़ा रहता है और रात में लोग मृत पशु भी फेंक देते हैं सचिव के अनुसार गौशाला में 16 मार्च से 106 पशु थे जो आज भी मौजूद हैं एक माह में किसी गोवंश की मौत नही हुई है।

ग्राम पंचायत सचिव मालीपुर व पटौहा गानेपुर ने बताया कि मालीपुर में लगभग 60 गौवंश व पटौहागानेपुर में 175 गौवंश है भूसा व पुष्टाहार की पर्याप्त ब्यवस्था है सप्ताह भर के बाद हरा चारा भी पशुओ को दिया जाएगा इसी प्रकार ग्राम पंचायत सचिव कल्यानपुर उदयराज गौतम ने बताया कि गौशाला में कुल 167 गोवंश मौजूद हैं सभी सुरक्षित है ग्राम पंचायत सचिव अस्ताबाद कामिता यादव ने बताया कि गौशाला में 114 गोवंश मौजूद हैं उनके खाने के लिए 60 कुंतल भूसा व15 बोरी पशुआहार मौजूद है उनके बचाव के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा हैं इह तपिस भरी गर्मी व तेज पछुआ हवाओं के बीच पशुओ को सुरक्षित रखना किसी चुनौती से कम नही है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 40°C | 27°C |
| कानपुर | 40°C | 26°C |
| देहरादून | 33°C | 21°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 26°C |

# यूपी में पहले चरण से ही एनडीए को मिलेगी बढ़त

- सभी 8 लोकसभा सीटों पर भाजपा और घटक दलों के उम्मीदवारों को मिलेगा मतदाताओं का समर्थन
- राज्य और केंद्र की योजनाओं का बिना भेदभाव लाभ पा रहे मतदाता डबल इंजन सरकार को देंगे प्राथमिकता
- पहले चरण की सभी लोकसभा सीटों पर सीएम योगी कर चुके हैं तूफानी रैलियां, बड़ी जीत का कर चुके हैं दावा




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न होगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 8 लोकसभा सीटों के लिए भी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली इन सीटों पर एनडीए मजबूती से ताल ठोक रहा है। पिछली लोकसभा में इन 8 सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा था। हालांकि, विभिन्न चैनलों के ओपिनियन पोल में इस बार इन सभी 8 सीटों पर एनडीए की जीत की भविष्यवाणी की जा रही है। इस भविष्यवाणी के पीछे डबल इंजन की सरकार द्वारा हर तबके और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। खासतौर पर योगी सरकार ने केंद्र की योजनाओं को जिस तरह बिना लीकेज जन-जन तक पहुंचाया है, उसके चलते मतदाताओं के मन मे एनडीए की सकारात्मक छवि बनी है। सीएम योगी इन सभी सीटों पर तूफानी रैलियां कर चुके हैं। उन्होंने भी भविष्यवाणी की थी कि पहले ही चरण से एनडीए अपने विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल कर लेगा और शुक्रवार को उनकी इस भविष्यवाणी पर मतदाता ईवीएम के माध्यम से मुहर लगाएंगे।

### बिना भेदभाव केंद्र की योजनाओं का मिला लाभ

सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की योजनाओं के साथ-साथ केंद्र की योजनाओं को भी बिना भेदभाव जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री जनधन योजना हो या प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी योजनाओं से रिकॉर्ड संख्या में लोगों को लाभ दिलाया गया है। इन 8 लोकसभा सीटों की बात करें तो जनधन योजना के तहत इन सभी सीटों पर 100 प्रतिशत घरों में जनधन अकाउंट खुलवाया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी 8 लोकसभी क्षेत्रों में 2023 तक कुल 2,24,332 मकान निर्मित कर पात्र लाभार्थियों में वितरित किए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना की बात करें तो इन 8 सीटों पर कुल 4,878,400 लाभार्थियों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज के लिए बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

### 1.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को मिल रहा मुफ्त राशन

पीएम मोदी ने कोरोना काल मे देश भर के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का शुभारंभ किया था। उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को भी इसका लाभ मिल रहा है। यदि पहले चरण की इन 8 लोकसभा सीटों की बात करें तो 1,53,29,429 लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त,इन 8 सीटों पर प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 17,32,912 मुफ्त सिलेंडर वितरित किए गए हैं तो जल जीवन मिशन के माध्यम से 20,49,045 घरों में नल से जल उपलब्ध कराया गया है। रेहड़ी पटरीवालों को बिना गारंटी लोन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 1,02,957 रेहड़ी पटरी वालों को (सहारनपुर और रामपुर छोड़कर) लोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

# लोकसभा चुनाव: यूपी की पहले चरण की 8 सीटों पर मतदान आज

## 14845 पोलिंग बूथ पर वोटिंग, 80 उम्मीदवार मैदान में



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर खड़े 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शुक्रवार को होगा। पहले चरण में 1.44 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव आयोग ने 14845 मतदान स्थलों में से 3571 पोलिंग बूथों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा है। आपात स्थिति के लिए हेलीकाप्टरों और एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। पोलिंग पार्टियां मतदान स्थल पर पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने रिणवा ने यहां प्रदेश में पहले चरण में मतदान की तैयारियों की जानकारी दी। शुक्रवार को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। शाम छह बजे लाइन में लगे सभी मतदाताओं को वोट डालने दिया जाएगा। पहले चरण में सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद और सबसे कम नगीना लोकसभा क्षेत्र में हैं। सबसे ज्यादा प्रत्याशी कैराना में 14 और सबसे कम नगीना और रामपुर में 6-6 हैं। कुल 80 प्रत्याशियों में से 7 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं कुल मतदाताओं में 7.65 करोड़ से ज्यादा पुरुष और लगभग 6.74 करोड़ महिला मतदाता हैं। 749 थर्ड जेंडर भी मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### 7500 से ज्यादा पोलिंग बूथों की लाइव वेबकास्टिंग

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएंगे। हेलीकाप्टर की लोकेशन 18-19 अप्रैल को मुरादाबाद और एयर एंबुलेंस की लोकेशन 19 अप्रैल को बरेली में रहेगी। 50 फीसदी मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से की जाएगी। इसके अलावा 1510 पोलिंग बूथों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। मतदान अवधि के दौरान बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे अल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर मौजूद रहेंगे। वे मतदाताओं की मदद करेंगे। मतदान प्रतिशत की जानकारी प्रत्येक दो घंटे में मीडिया को अपडेट की जाएगी। ईवीएम खराब है तो आधे घंटे से ज्यादा समय दोबारा मतदान शुरू करने में नहीं लगेगा।

### मतदान की अचूक निगरानी

- 8 सामान्य प्रेक्षक
- 5 पुलिस प्रेक्षक
- 10 व्यय प्रेक्षक
- 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट
- 150 जोनल मजिस्ट्रेट
- 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट
- 1861 माइक्रो आब्जर्वर
- 65380 मतदान कर्मचारी

### इतनी होंगी ईवीएम और कर्मचारी

- 18662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट
- 18734 बैलेट यूनिट
- 19603 वीवी पैट
- 111 आदर्श पोलिंग बूथ
- 45 महिला प्रबंधित पोलिंग बूथ
- 36 युवा कर्मी पोलिंग बूथ
- 32 दिव्यागों द्वारा प्रबंधित पोलिंग बूथ

### शिकायतों का निस्तारण

- पहले चरण के चुनाव में कुल शिकायतें – 448
- इसमें से सही पाई गईं – 264
- गलत पाई गईं – 184
- शिकायतों के निस्तारण का औसत समय – 41 मिनट
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय –100 मिनट

## फास्ट फॉरवर्ड

### लखनऊ में ट्रैफिक नियमों का हो पालन: रोशन जैकब

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब यातायात व ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती हुई नजर आ रही हैं। यातायात की समस्या से समाधान दिलाने व शहर को बेहतर यातायात व्यवस्था देने के लिए रोशन जैकब ने आज सबंधित विभाग के आलाधिकारियों के साथ बेठक की। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक सलमान ताज, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, पीडब्लूडी, लखनऊ विकास प्राधिकरण सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से संचालन किया जाये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कठोरता से कराया जाए। अधिकांश सडक़ दुघर्टनाएं ट्रैफिक नियम की अनदेखी से होती हैं। लिहाजा दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही सडक़ पर बाईक चलाये। यातायात नियमों का पालन करने से सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि चौराहो पर अव्यवस्थित खड़े ठेलो को चिन्हित करते हुए उनको वेंडिंग जोन में विस्थापित किया जाए, साथ ही संचालित वेंडिंग जोन व पार्किंग जोन का नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण कर लिया जाए।

### नगर निगम ने दस करोड़ की जमीन को कब्जा मुक्त कराया

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** नगर निगम की जमीनों पर अवैध कब्जे हटाने में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की रणनीति कारगर साबित हुई है। नगर निगम मे लेखपाल और तहसीलदार की टीमें अपने अपने क्षेत्र में निगम में निहित करोड़ रूपये की जमीनों को खोज कर उन पर हुए अवैध कब्जे की जानकारी हासिल कर उन से लगातार कब्जा हटवा रहे है। आज भी नगर निगम की टीम नरे आधार खेड़ बीकेटी क्षेत्र में 113960 वर्ग फीट जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इस जमीन की बाजारू कीमत 10 करोड़ बताई जा रही है। इस सम्बंध में नगर निगम से प्राप्त जानकारी में कहा गया कि आधार खेड़ा में खसरा संख्या 79,86, 137, 138 और 1349 जिसमें कुल क्षेत्रफल 1,065 हेक्टयर पर अवैध कब्जा करा रखा गया था। इन कब्जे दारो को समय पर नोटिस के उपरान्त अवैध कब्जा ना हटाए जाने पर आज नगर निगम सम्मति अधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार, लेखपाल और स्थानीय पुलिस की मद्द से अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाकर उसे अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।

### भारत में हर साल 21 लाख लोगों की वायु प्रदूषण से हो जाती है मौत: डॉ. सूर्यकान्त

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन डिपार्टमेंट के अध्यक्ष और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन (डीएफसीए) की राष्ट्रीय कोर समिति के सदस्य डॉ. सूर्यकान्त का कहना है कि भारत में हर साल करीब 21 लाख लोगों की वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से मौत हो जाती है। हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश है, जहाँ दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 83 शहर भारत में ही हैं। इस खतरे को गंभीरता से लेना और कदम उठाना हम सभी की जिम्मेदारी है। दैनिक जीवन में छोटे–छोटे बदलाव लाकर और समुदाय के रूप में साथ मिलकर काम करके स्वच्छ हवा की लड़ाई में एक महन्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं–याद रखें स्वच्छ हवा ही जीवन है। डॉ. सूर्यकान्त ने यह बात बृहस्पतिवार को 'लखनऊ फोरम फॉर क्लीन एयर' शुभारम्भ के दौरान कही। कार्यक्रम डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन के माध्यम से और निजी संस्था के सहयोग से इसका शुभारम्भ किया है।

# अवैध निर्माण करने वालों पर लेखपाल नगर निगम ने दर्ज कराया मुकदमा

- मंदिर के नाम पर कर रहें थे सरकारी जमीन पर कब्जा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पारा कोतवाली क्षेत्र के सदरौना तहसील सरोजनी नगर में गाटा संख्या 2087 जो राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के नाम दर्ज है नगर निगम की सरकारी जमीन पर सरोज बाजपेई, चंदन, उमाकांत पांडे द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर मंदिर का प्रवेश द्वार बनाया जा रहा था, इस हो रहें अवैध निर्माण को रोकने के लिए संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 2/3 अन्य सुसंगत धाराओं के में प्रथम सूचना पारा कोतवाली में दर्ज कराई गई, लगातार हो रहें अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए नगर निगम लेखपाल अनुपम कुमार मिश्रा द्वारा रुकवा गया परन्तु विपक्षी लगातार नगर निगम की सरकारी जमीन पर कब्जा करते हुए मंदिर का प्रवेश द्वार का निर्माण कर रहें थे, जिसको लेकर 16 अप्रैल को अनुपम कुमार नगर निगम लेखपाल द्वारा सरोज बाजपेई, चंदन पांडे, व उमाकांत पांडे के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया।

# यूपीएसएलडीसी की साइड से हटाई रिपोर्ट के विरोध के बाद फिर डाला

- उपभोक्ता परिषद ने कहा कि आकड़े जानना उपभोक्ता का अधिकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जैसे-जैसे गर्मी बढ रही है बिजली की डिमांड भी बढना लाजिमी है।15 अप्रैल से 17 अप्रैल की आंकडे के अनुसार अधिकतम डिमांड 22750 मेगावाट तक पहुंच गई है। इसी बीच यूपीएसएलडीसी की वेबसाइट से मॉर्निंग रिपोर्ट के आधार पर दैनिक प्रणाली की रिपोर्ट को हटा दिया गया है। पब्लिक डोमेन से इस रिपोर्ट को हटाए जाने पर उपभोक्ता परिषद ने कड़ा एतराज किया। उपभोक्ता परिषद की तरफ से कहा गया कि यूपीएसएलडीसी प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की कार्यवाही करता है। यह गलत है क्योकि उपभोक्ता को आकड़े जानने का पूरा अधिकार है। जब उपभोक्ता परिषद विरोध में उतरता है और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक से बात करता है तो फिर दैनिक प्रणाली की रिपोर्ट फिर साइड पर डाली जाती है। जिसमें ग्रामीण तहसील महानगर जनपद बुंदेलखंड किसको कितनी विद्युत आपूर्ति दी गई का पूरा ब्योरा रहता है। इसके साथ ही प्राइवेट सेक्टर केंद्रीय सेक्टर व राज्य सेक्टर की उत्पादन इकाई से कितनी बिजली ली गई का पूरा ब्योरा रहता है। अधिकतम डिमांड कटौती का भी ब्यौरा रहता है। ऐसे में पब्लिक डोमेन से इस रिपोर्ट को हटाया जाना प्रदेश की जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड है। हालाकि उपभोक्ता परिषद के कड़े प्रतिवाद के बाद रिपोर्ट को पब्लिक डोमेन में डाल दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने जब यूपीएसएलडीसी की साइट देखा और यह मामला सामने आया तो तुरंत यूपीएसएलडीसी के निदेशक एके मिश्रा से बात कर और उनसे जानकारी चाही कि ऐसा क्यों हुआ। उन्हे बताया गया कि पब्लिक डोमेन से दैनिक प्रणाली की रिपोर्ट हटा ली गई है जो पारदर्शिता पर एक कुठाराघात है। निदेशक एसएलडीसी ने कहा शायद कोई तकनीकी दिक्कत रही होगी।अभी मैं पूरे मामले को दिखवाता हूं। इस पर उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि क्या कारण है।

# गेहूं के खेत में लगी आग,दस बीघा फसल जल कर हुई राख

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ के बीकेटी तहसील क्षेत्र के नगर चौगावां गांव के पास गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बता दें कि गुरुवार दोपहर में नगर चौगावां गांव के पास किसान कमता प्रसाद की 4 बीघा व कालिका प्रसाद की 4 बीघा एवं रामू के 2 बीघा गेहूं के खेत में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगेश शुक्ला ने इटौंजा थाने में आग लगने की सूचना दी। सूचना पर पहुंची महोना चौकी पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मीयों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक किसान के 10 बीघा गेहूं जलकर राख हो गये थे। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगेश शुक्ला ने बताया कि खेतों के ऊपर निकलने वाली बिजली की लाइन के तार आपस में टकराने से निकली चिंगारी ने किसान के गेहूं जलाकर राख हो गए हैं। वहीं तीनों किसानों का रो-रो कर बुरा हाल हैं साल भर की फसल जलकर राख हों जाने से परिवार भी मायूस व परेशान हैं। वहीं परिवार शासन प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगा रहा हैं।

# मुख्तार अंसारी को शेर–ए–पूर्वांचल बताकर स्टेटस लगाने वाला सिपाही निलंबित, विभागीय जांच भी शुरू

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर उसको शेर-ए-पूर्वांचल बता आपत्तिजनक व्हाट्सएप स्टेटस लगाने वाले सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। चुनाव आयोग की अनुमति के बाद डीसीपी नॉर्थ ने कार्रवाई की। उसके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। बांदा जेल में 28 मार्च को दिल का दौरा पड़ने से माफिया मुख्तार अंसारी की मौत हो गई थी। इसको लेकर माफिया को शेर बताते हुए बेहद आपत्तिजनक बातें लिखकर बीकेटी थाने में तैनात सिपाही फयाज खान ने 31 मार्च की दोपहर 03:18 बजे व्हाट्सएप पर दो स्टेटस लगाए थे। जिसमें लिखा था... जिंदा रहेगा वो तो दिलों में आवाम के, दिल न उसकी मौत पे रंजो मलाल कर। हिम्मत नहीं थी सामने आकर लड़े कोई। धोखे से मारा शेर को पिंजरे में डालकर... अलविदा शेर-ए-पूर्वांचल। वहीं, दूसरा स्टेटस बेहद आपत्तिजनक था। सोशल मीडिया पर इसके स्क्रीन शॉट वायरल हो गए थे। जिसको संज्ञान में लेकर सिपाही पर कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग से पुलिस ने अनुमति मांगी थी। डीसीपी नॉर्थ अभिजीत आर शंकर ने बताया कि आयोग से अनुमति मिल गई है। जिसके बाद सिपाही फयाज खान को निलंबित किया गया है। विभागीय जांच एसीपी बीकेटी को सौंपी गई है। जांच पूरी होने के बाद उस पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मतदान दिवस पर मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग से होगी निगरानी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पोलिंग बूथों की वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी करने के लिए कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ, लखनऊ में वेबकास्टिंग के लिए सेन्ट्रल कमाण्ड सेन्टर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से 19 अप्रैल को प्रदेश के प्रथम चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए हो रहे मतदान के दौरान कम से कम 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की जा रही है। कन्ट्रोल रूम में 30 बड़े टीवी 54 इंच के माध्यम से प्रथम चरण के बूथों पर लगातार निगरानी की जाएगी। जनपद स्तर पर सभी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग आफीसर के द्वारा भी इसी प्रकार निगरानी किये जाने का प्रावधान किया गया है।

# सीएम योगी बता रहे एक–एक वोट की कीमत तो आयोग मतदाताओं को कर रहा प्रोन्साहित

- अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग दे रहा वोटर्स को तमाम सहूलियतें
- मतदाताओं और मतदान कर्मियों को हीटवेव और हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए मतदान केंद्र पर मिलेगी मेडिकल किट
- गर्मी के प्रकोप से निपटने के लिए मतदान केंद्रों पर लगाये जा रहे टेंट, कैनोपी और छतरियां
- मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए पंखे, मिस्टिंग पंखे, कूलिंग डिवाइस और पेयजल की भी व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी जनसभाओं में मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वह एक-एक वोट की अहमियत को भी बता रहे हैं, ताकि देश में मजबूत और सशक्त सरकार बन सके। वहीं, निर्वाचन आयोग भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके लिए वह मतदाताओं को विभिन्न तरह की सहूलियतें भी दे रहा है। इसके तहत आयोग की ओर से गर्मी को देखते हुए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। साथ ही हीटवेव और हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए मेडिकल किट भी व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं हर बार की तरह इस बार भी मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र न होने पर 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों के जरिये मतदान करने की छूट दी गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से मौसम विभाग (आईएमडी) की भविष्यवाणी और स्थानीय क्लाइमेट पैटर्न के आधार पर हीटवेव की स्थिति वाले क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों की पहचान की गई है।



यहां मतदाताओं को सीधी धूप से बचाने के लिए मतदान केंद्र को पर्याप्त छायादार बनाने की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों पर टेंट, कैनोपी और छतरियों के साथ-साथ कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए पंखे, मिस्टिंग पंखे जैसे कूलिंग डिवाइस स्थापित किये जा रहे हैं। वहीं सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। यही नहीं, मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सहायता दी जाएगी। सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है। मतदान केंद्र के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण के दौरान हीटवेव से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और इसके उचित इलाज के भी प्रबंध किए गए हैं। 19 अप्रैल को प्रथम चरण के लोकसभा चुनावों के लिए पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी गई, जिसे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके।

### मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र से कर सकेंगे वोटिंग

आयोग ने वोटर मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों जिनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य किये गये हैं। इसके अलावा प्रवासी वोटरों को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा। वहीं वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने एवं पोलिंग बूथ जानने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट के साथ वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग कर सकते हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## देश में समरसता का माहौल

**राजा राम प्रजा के विचार को जानने के लिए आकुल रहते हैं। राज्य के निरीक्षण में वे अकेले भेष बदलकर निकल जाते हैं। वनवास से लौटने के बाद नागरिक अभिनंदन सभा में राम ने घोषणा की कि जो अनीति कछु भाखहु भाई। राम ने कहा कि मेरे राज्य में जो कुछ भी आपको अनुचित लगे उसको बिना भय के आप कहें क्योंकि लोक अपवाद से वह डरते नहीं हैं। आज के सत्ताधीशों को राम से प्रेरणा लेनी चाहिए। राम ने जंगल, महल, सुख दुख,निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की परवाह नहीं की। राजा को सत्य का आग्रही होना चाहिए।**

*भारत की संस्कृति राममय है। राम राष्ट्रनायक हैं। भारत के जीवन दर्शन में सर्वत्र राम समाये हुए हैं। भारत की आस्था, भारत का मन, भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत का चिंतन, भारत का विधान राम से है। भारत का प्रताप, प्रभाव व प्रवाह भी राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हुए। भारत के नगर, ग्राम, गिरी और कंदराओं से लेकर दुनिया के 125 देशों में रहने वाले हिन्दुओं ने उत्सव मनाया। युवाओं के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से बढ़कर कोई आदर्श नहीं हो सकता। राम ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय तरुणाई को राष्ट्र के काम में लगाया। राम का सारा जीवन प्रेरणा से भरा है। राम की राजमहल से जंगल तक की यात्रा को देखें तो कठिनतम परिस्थितियों में भी वह अविचल रहे। उन्होंने समाज में सब प्रकार का आदर्श स्थापित किया। आदर्श भाई,आदर्श मित्र,आज्ञाकारी पुत्र, आज्ञाकारी शिष्य, आदर्श पति, आदर्श पिता और आदर्श राजा का उदाहरण स्वयं के आचरण से प्रस्तुत किया। पूरी अयोध्या के युवा उनके सखा थे। वह कामादिदोषरहितं, कुशल संगठनकर्ता, लोक संग्रही, मितव्ययी व मृदुभाषी थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार नारद जी ने महर्षि वाल्मीकि को राम के गुणों के बारे में बताते हुए कहा- इक्ष्वाकुवंश प्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान द्युतिमान वशी। नारद जी कहते हैं इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न राम मन को वश में रखने वाले, महाबलवान, कान्तिमान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। वे बुद्धिमान,नीतिमान तथा वाग्मी यानि अच्छे वक्ता भी हैं। वे प्रतापवान, धर्मज्ञ, सत्यप्रतिज्ञ, प्रजाप्रतिपालक,अखिल शास्त्रों के तत्वज्ञ,वेदवेदांग के ज्ञाता,गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के जीवनकाल की शुरुआत संतों की सेवा के साथ हुई। अत्याचारी रावण के आतंक से जब समाज चीत्कार कर रहा था। ऋषि मुनि सताये जा रहे थे। अनुसंधान के प्रत्येक कार्य में जब राक्षस विघ्न डालते और ऋषियों के यज्ञ विध्वंस किए जा रहे थे। रावण को चुनौती देने का साहस समाज नहीं जुटा पा रहा था। रावण का आतंक इतना बढ़ गया था कि ऋषि-मुनियों की हड्डियों के पहाड़ लग गये थे। हड्डियों के लगे पहाड़ देखकर राम ने प्रतिज्ञा ली थी कि निश्चिचर हीन करहु महिं भुज उठाय प्रण कीन्ह। राम ने राक्षसों का संहार कर समाज को अभय प्रदान किया। राम का करीब 16 वर्ष की अवस्था में विवाह हुआ। 18 वर्ष की अवस्था में वनवास हुआ। इसके बाद कानन, कठिन भयंकर भारी, 14 वर्ष वन में रहे। जंगल, महल, सुख-दुख, निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की चिंता नहीं की। जो मिला उसे ग्रहण कि। जो कहा गया उसका पालन किया। राम को युवराज बनाने की तैयारी हो रही है लेकिन अचानक उन्हें समाचार मिला कि वन जाना है। राम विद्रोह नहीं करते वन जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं। चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी घोर अभाव के बीच वन में 14 वर्ष व्यतीत करते हैं। जंगल में वनवास के दौरान शूर्पणखा ने राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। राम और लक्ष्मण दोनों शूर्पणखा का यह प्रस्ताव अस्वीकार कर देते हैं। राक्षस राज रावण पंचवटी से सीता का हरण कर लेता है। वनवासियों के बल पर लंका पर चढ़ाई की। राम सुग्रीव से मित्रता करते हैं। वनवासियों को संगठित कर अत्याचारी रावण का संहार किया। राम ने रावण के मारने के बाद लंका पर अपना राज्य स्थापित नहीं किया। विभीषण को लंका का राजा बनाया। लक्ष्मण से राम कहते हैं अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। मातृभूमि के प्रति ऐसी उत्कट निष्ठा राम रखते हैं। राम के जीवन की इन सब घटनाओं से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सेवक के प्रति कैसा अनुराग होना चाहिए यह राम और हनुमान के बीच प्रेम को देखना चाहिए।*

**एक्सप्रेस आलेख**

**दरअसल 2024 के ये लोकसभा चुनाव अब तक हुए लोकसभा चुनाव से बिल्कुल भिन्न है और अगर चुनाव परिणाम भी सत्ता पक्ष और विपक्ष को आईना दिखाने के लायक आते हैं तो कोई खास बात नहीं है। सत्ता पक्ष और उसमें में भी खास तौर से प्रधानमंत्री मोदी यह बात स्वीकार करें या ना करें लेकिन हकीकत यह है कि देशवासी जबरदस्त महंगाई से जूझ रहे हैं लेकिन खामोश है। शिक्षा के साथ चिकित्सा और स्वास्थ्य के अलावा बेरोजगारी तथा पैसे के अभाव और नौकरी न मिलाना जैसी मूलभूत समस्याओं ने मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग और युवा वर्ग को परेशान करके रख दिया है।**



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**यही कारण है कि अब वह 2047 तक सपने देखने के बजाय जो उसे तत्काल लाभ प्रदान कर सके उसके साथ खड़ा होता दिख रहा है। मैं समझ नहीं पाता हूं कि राजनीतिक दल चुनाव में शिक्षा की बात को प्रमुखता से सामने क्यों नहीं लाते हैं? क्या उन्हें डर है कि अगर मतदाता शिक्षित हो जाएगा तो उनसे सवाल पूछेगा और जाति, धर्म, वर्ग ,भाषा और संप्रदाय से हटकर बात करेगा।**

# 2047 तक भरमाइये नहीं तन्काल बताइये

जब आप यह लेख पढ़ रहे होंगे तो उसी दिन यानि 19 अप्रैल को देश के कई हिस्सों में चुनाव हो रहे होंगे। चुनाव परिणामों को लेकर एनडीए और इंडिया कोई भी यह बात डंके की चोट पर नहीं कह सकता कि उसे पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मौका मिलने जा रहा है। वैसे यह अलग बात है कि एनडीए गठबंधन 400 पार की बात कहकर मतदाताओं के ऊपर एक तरह का मनोवैज्ञानिक दबाव बना रहा है । दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया की तरफ से राहुल गांधी कह रहे हैं कि एनडीए 180 तक पहुंच जाए तो बड़ी बात है। वैसे यह कहते हुए वे यह नहीं बताते हैं कि इंडिया में कितना आ सकती है। वैसे चुनाव प्रचार के दौरान बढ़-चढ़कर बोलने या आंकड़ों का हवाला देकर अपनी पीठ थपथपाना अलग बात है लेकिन हकीकत को समझना और स्वीकार करना अलग बात है। अभी पिछले दिनों सीएसडीएस के लोक नीति कार्यक्रम के तहत हुए सर्वेक्षण के जो आंकडे आए हैं वह इस बात की पुष्टि बिल्कुल नहीं करते कि एनडीए 400 से अधिक सीटे ला रही है। आंकड़ों पर अगर गौर करें तो पता चलता है कि जो वर्ग चुनाव में हवा बनाता है यानि आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्ग, यही वर्ग है जो सरकार के कामकाज से असंतुष्ट है और बेरोजगारी तथा महंगाई की चुनौती से जूझ रहा है। जबकि उच्च आर्थिक वर्ग के 62 प्रतिशत लोग सरकार के काम को लेकर सकारात्मक रूख रखते हैं। यह वही वर्ग है जो अधिक धूप और गर्मी का बहाना बनाकर वोट देने के लिए पोलिंग स्टेशन पर जाने के बजाय घर में पिक्चर देखता है। सर्वेक्षण बताता है कि 44 प्रतिशत लोग मोदी सरकार को तीसरा मौका देने के पक्ष में है जबकि 39 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जो चाहते हैं कि किसी दूसरे को मौका दिया जाए । सबसे दिलचस्प बात सर्वेक्षण कि यह है कि तीन में से दो लोग नहीं चाहते कि मोदी सरकार की पुनः वापसी हो। लोगों का मानना है की नई सरकार को मौका मिलेगा तो आर्थिक नीतियों को नई धार मिलेगी इतना ही नहीं हिंदुत्व और राम मंदिर के जरिए सत्तारूढ दल भाजपा को कितना फायदा मिल सकता है इसका भी उत्तर मात्र 10 प्रतिशत तक ही सीमित है। ये 10 प्रतिशत लोग मानते हैं कि कुछ फायदा मिलना चाहिए जबकि 90 प्रतिशत का कहना है कि इससे अब ध्रुवीकरण नहीं होने वाला। सर्वेक्षण के दौरान यह भी पता चला कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहरी



**सत्ता पक्ष तथा विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि लगातार बढ़ती बेरोजगारी, ए आई, ऑटोमेशन का मुकाबला करने के लिए लोगों के पास तकनीकी ज्ञान और कौशल का होना आवश्यक है ना की रेवड़ियों का मिलना जरूरी है। अब चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि लोगों को तकनीकी ज्ञान पसंद है या फिर मुफ्त की रोटी।**

क्षेत्र के लोगों की अपेक्षा मोदी सरकार से ज्यादा संतुष्ट हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 50 प्रतिशत मतदाताओं मोदी सरकार से संतुष्ट नजर आ रहा है। सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि विकास के मुद्दे पर 40 प्रतिशत मतदाता भाजपा के साथ है जबकि महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी नौकरी तथा आर्थिक पहलुओं पर मतदाता विपक्ष के साथ खड़ा होता दिख रहा है। तभी तो सर्वेक्षण में शामिल लोग यह कहने से नहीं चूकते की यह मुद्दे भाजपा के लिए गंभीर हो सकते हैं। इसके साथ ही देश में 55 प्रतिशत शिक्षित बेरोजगारो का आंकड़ा भी सत्तारूढ दल भाजपा को डरा रहा है। क्योंकि यह संख्या उन बेरोजगारों की है जिनकी आयु 19 से 35 वर्ष के बीच है। वैसे अगर सर्वेक्षण को छोड़ दिया जाए और आम लोगों से सीधी सीधी और सपाट बात की जाए तो मोदी सरकार की लोकप्रियता में 2019 की अपेक्षा लगभग 8 प्रतिशत की कमी आई है। लेकिन यह कमी अभी देखने और सुनने में उतनी मुखर नहीं है जितनी होना चाहिए। ऐसा क्यों है? के जवाब में 62 प्रतिशत लोग कहते हैं कि गुस्सा और आक्रोश का प्रकटीकरण बातो और विचारों में नहीं बल्कि वोट में दिखाना आवश्यक है। सरकार माने या ना माने लेकिन हकीकत यह है कि सरकार की कार्य प्रणाली से लोगों के अंदर भय का संचार हुआ है। लेकिन बातों में वे उसे प्रकट नहीं कर रहे हैं और कह रहे हैं कि मोदी है तुम मुमकिन है। इन पंक्तियों के लेखक ने करीब 5 दिनों तक हरिद्वार, देहरादून, मंसूरी , गाजियाबाद तथा मुजफ्फरनगर आदि क्षेत्रों में भ्रमण करने के बाद पाया कि लोग 2027 के विकसित भारत वाले सपने को गंभीरता से लेने के बजाय तत्काल यानि 2024 और 2025 की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि 2027 को लेकर भरमाने के बजाय 2024 पर तत्काल आइए और बताइए की मोदी की गारंटी और कांग्रेस के न्याय पत्र से देशवासियों को क्या मिलने जा रहा है? जानते चले कि भाजपा ने 2014 में संकल्प पत्र के जरिए अपनी बात रखी थी जबकि 2019 में फिर उसने घोषणा पत्र के जरिए अपनी उपलब्धियां पर चर्चा की। लेकिन 2024 में भाजपा ने जो अपना संकल्प पत्र जारी किया है उसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया है और बताया गया है कि देश में जो भी कुछ काम हुए हैं वह सब मोदी ने किए हैं। यानि मोदी है तो मुमकिन है। इसके विपरीत प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया उसका नाम न्याय पत्र यानि न्याय की गारंटी रखा है । कांग्रेस के इस घोषणा पत्र ने एक तरह से भाजपा की नींद उड़ा कर रख दिया है। क्योंकि यह न्याय पत्र घर-घर और गांव-गांव भेजे जा रहे हैं। आज यानि 19 अप्रैल को देश की जिन 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं वहां करीब 10 लाख से अधिक लोगों तक न्याय की गारंटी वाले पत्रक पहुंच चुके हैं। इस न्याय पत्र से भाजपा अचानक से असहज हो उठी है। यही कारण रहा है कि भाजपा को चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाना पड़ा है और कहना पड़ा है कि इस न्याय पत्र में कांग्रेस ने जो वायदे किए हैं वह एक तरह से मतदाताओं को प्रलोभन देने जैसा है। भाजपा का कहना है कि इससे मतदाता भ्रमित हो सकता है इसलिए इस पर तत्काल रोक लगाई जाए । अब चुनाव आयोग रोक लगाता है या नहीं लगता है और कब लगता है यह तो चुनाव आयोग जाने लेकिन बात अगर निकली है तो दूर तक जाएगी ही। यह भी निश्चित है।

**एक्सप्रेस कविता**

*एहसास दिल में न दबा देना तुम,*
*होठों से तिरछा मुस्कुरा देना तुमद्य*
*ये दिल की लगी है, घबरा न जाना,*
*सिर्फ आंखों में ही मुस्कुरा देना तुम।*
*नया नया रूप है तुम्हारे यौवन का,*
*न सम्भले तो बहक न जाना तुम।*

*आ जाओ जरा सुनहरी रोशनी में,*
*रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,*
*निशा के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,*
*राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।*
*पर्दे में छुपने की अदा है बड़ी प्यारी,*
*सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।*
*जज्बातो के एहसास पुराने हैं हमारे,*
*दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।*

संजीव ठाकुर

**एक्सप्रेस ज्ञान**

**भले ही आप इस दुनिया में अकेले आए हो परंतु जाने के बाद दुनिया में अपने विचार और बुद्धि तो देकर जा सकते हैं**

**आज का पंचांग**


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 20:06 तक |
| नक्षत्रः | मघा 10:53 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | वृद्धि, 25:41 |
| सूर्योदयः | 05:54 |
| सूर्यास्तः | 18:31 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 10:38-12:13 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 11:47-12:38 |

# जन एक्सप्रेस

**महासमर चुनाव का !**

*अपने अपने ढंग से।*
*हो रही तैयारी ।।*
*महासमर चुनाव का।*
*जिम्मेदारी भारी ।।*
*छोड़ने की कोशिश है।*
*अपने अपने तीर ।।*
*डट चुके है आज।*
*सारे लगभग वीर ।।*
*कर के रहेंगे हासिल।*
*अपना अब मुकाम ।।*
*भावना से यही।*
*जा रहा पैगाम ।।*
*जीतने की अब लगभग।*
*मच गई है होड़ ।।*
*है पूरा प्रयास।*
*है हम ही बेजोड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

## आपका प्रोटीन पाउडर भी हो सकता है मुंहासों का कारण



**प्रोटीन** हमारे शरीर का बहुत जरूरी पोषक तत्व है। प्रोटीन शरीर के सेल्स को रिपेयर करने का काम करता है और मसल्स बढ़ाने में भी मदद करता है। जिम जाने वाले लोग अक्सर अपनी डाइट में प्रोटीन पाउडर शामिल करते हैं। लेकिन कई बार प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन करने से शरीर पर कई तरह के साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं, जिसमें ब्रेकआउट्स की समस्या भी शामिल है।

**सोया प्रोटीनः** कुछ लोगों को सोया प्रोटीन लेने के बाद चेहरे पर एक्ने निकलने की समस्या बढ़ जाती है। दरअसल हार्मोनल प्रभावों के कारण सोया प्रोटीन के सेवन से दाने या त्वचा में जलन की समस्या हो सकती है।

**ब्राउन राइस प्रोटीनः** ब्राउन राइस प्रोटीन पाउडर में आर्सेनिक हो सकते हैं, जो कई लोगों में एलर्जी का कारण बन सकता है, जिससे स्किन से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती है।

**कैसिइन प्रोटीनः** कैसिइन जैसे डेयरी आधारित प्रोटीन पाउडर उन लोगों में ब्रेकआउट का कारण बन सकते हैं जो लैक्टोज या डेयरी उत्पादों के प्रति संवेदनशील होते हैं।

**अंडा प्रोटीनः** अंडा प्रोटीन के कारण बहुत कम लोगों को ब्रेकआउट की समस्या हो सकती है। लेकिन जिन लोगों को अंडे से एलर्जी की समस्या होती है उन लोगों को अंडा प्रोटीन के सेवन से ब्रेकआउट की समस्या हो सकती है।

**पौधे-आधारित प्रोटीनः** पौधा-आधारित प्रोटीन पाउडर, खासकर मटर या बीन्स जैसी फलियों से बने पाउडर में ऐसे कंपाउड्स हो सकते हैं, जो कुछ लोगों की स्किन पर एलर्जी या ब्रेकआउट की समस्या का कारण बन सकता है।

**प्रोटीन पाउडर के कारण ब्रेकआउट्स होने से कैसे रोकें?:** प्रोटीन पाउडर का सेवन सीमित मात्रा में करने और डाइट में अलग-अलग प्रकार के प्रोटीन स्त्रोतों को शामिल करने से ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखा जा सकता है, जो ब्रेकआउट की समस्या को भी कंट्रोल कर सकता है। सब्जियों, साबुत अनाज और हेल्दी फेट जैसे कम जीआई खाद्य पदार्थों के साथ मट्ठा प्रोटीन पाउडर का सेवन सप्लीमेंट्स के ग्लाइसेमिक प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। एक हेल्दी स्किन केयर रूटीन बनाए रखना, जिसमें स्किन की सही सफाई और देखभाल शामिल हो, पिंपल्स, एक्ने की समस्या को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं।

**एक्सप्रेस विशेष**

## नौनिहालों की प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता ही देश का उज्ज्वल भविष्य



संजीव ठाकुर

**1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों, कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है।**

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है। राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा, अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है। स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था। जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे। वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैद्य इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन, विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु

**वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन, उन्कृष्ट नवाचार, लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उन्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे।**



शक्ति बन गया है। वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय, संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है। आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं। यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता, प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों, कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन, करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा, कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल, हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता, अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय, बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है। वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन, उत्कृष्ट नवाचार, लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

# खाना बनाते समय लगी भीषण आग, 30 से अधिक घर जले

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



थाना निघासन क्षेत्र की ग्राम पंचायत लुधौरी के मजरा टूरा टांडा में गुरुवार की दोपहर खाना बनाते समय एक घर में लगी आग ने तेज आंधी चलने के कारण पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया।

ग्रामीणों को इतना मौका नहीं मिला कि वह अपने घरों से जरूरत का सामान ही निकाल सकें। लगातार बढ़ रहीं आग की लपटों के कारण लोगों ने किसी तरह से घरों से भागकर अपनी जान बचाई। इस अग्निकांड में 30 से अधिक घर जलकर स्वाहा हो गए हैं। मौके पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने आग बुझाई। इस बार गर्मी के सीजन में यह अब तक का सबसे बड़ा अग्निकांड हैं। राजस्व टीम पीडित परिवारों की सूची बना रहा है।

मजरा चूरा टांडा निवासी प्यारे सिंह के घर पर गुरुवार की दोपहर खाना बन रहा था। इसी बीच चूल्हे से निकली चिंगारी से आग भड़क उठी। यह देख परिवार के लोग शोर शराबा करते हुए आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन चल रही तेज आंधी ने आग में घी डालने का काम किया। शोर शराबे पर ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। हवा के साथ काफी दूर तक फैल रही आग की लपटे एक साथ कई घरों को अपनी चपेट में ले रहीं थी और तेजी से आग बढ़ती जा रही थी। यह देख पूरे गांव में हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी और तेजी से फैल रही थी कि लोग अपने घरों से एक तिनका भी नहीं निकाल सके। लोग जान बचाकर घरों से भागते रहे। ग्रामीणों की मानें तो 20 मिनट के भीतर ही आग ने लगभग पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। आग से घरों के साथ पशुशालाएं भी जल गईं। गनीमत रही कि कोई पशु और जनहानि नहीं हुई। सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह से आग पर काबू पाया। तेज हवा के लगातार चलने के कारण फायर सर्विस की एक टीम देर शाम तक मौके पर ही मौजूद रही। इस अग्निकांड में मानसिंह, प्यारेलाल, राधेश्याम, कंचन, सुनील, विनोद, अमर , चेतराम , विनोद, राम सिंह, मैंकू, शेर सिंह, मोहर सिंह, केहर सिंह, प्रेम सिंह, शिवलाल, सुधीर, चेतराम, सर्वेश सहित 30 से ज्यादा घर राख के ढेर में तब्दील हो गए। घर में रखी नगदी, जेवर, कपड़ा समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। लेखपाल शिवम गुप्ता ने बताया कि सर्वे किया जा रहा है। 30 से अधिक घर जले हैं। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही व प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने अग्निपिड़ितो से मुलाकात की और सहायाता दिलाने का अश्वासन दिया है।

इस भीषण अग्निकांड में करीब 50 लाख रुपए की क्षति होने का अनुमान लगाया गया है।

# विभिन्न स्कूली बच्चों ने चैती मेले मंच पर प्रस्तुत किया मनमोहक नृत्य



**चैती मेला में आज–**

1. गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागी का आडीशन लखीमपुर रोड स्थित नगर पालिका परिषद कार्यालय में शुक्रवार को पूर्वाह 11बजे से ।
2. मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर शुक्रवार को स्थानीय कवि सम्मेलन रात्रि आठ बजे से।

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी

छोटी काशी ऐतिहासिक मेला चैती के कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकुमारी पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि रजनीश गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत लिटल होपर्स एकेडमी के किंजल यादव, सिदरा बानो, मिस्ठी वर्मा, आद्याश्री अवस्थी, काव्या वर्मा, अनमिता भारती, सगुन पटेल, आख्या वर्मा, आद्या जायसवाल, अनाविया, अमोलिका राजपूत, उन्नति वर्मा, अदिति पटेल ने रंगीलो मारो ढ़ोलना-ढ़ोलना पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर किया। इंडियन हेरिटेज एकेडमी की रितिका श्रीवास्तव, मन्नत शर्मा, रिया पाडे, सायफा बानो, अवनि गुप्ता, निधि सिंह, आरोही गुप्ता, राखी शंखवार, तमन्ना बानो, मानवी गुप्ता ने राम आयेंगे पर प्रस्तुति दी।

कृषक समाज इंण्टर कालेज के काव्या शुक्ला, हृदयांशी सक्सेना, प्रभा अवस्थी, अनन्या गौड़, दर्षिका शर्मा, कनक, कीर्ति, अचिर्तत मिश्रा, शशांक शुक्ला, आदर्श शर्मा, सौरभ दिवाकर, नितिन कुमार ने रक्तबीज संहार पर दृष्य प्रस्तुत किया।

मां सरस्वती शिक्षा मंदिर की आराध्या वर्मा, कोमल, सुरभि, नित्या, श्रुति, साक्षी ने बड़ा नीक लागे सांग पर और धानी आशी आद्या, मानवी, समद्धि,लक्ष्मी, आरजा, अंशू ने आना होगा कान्हा जब जब राधा तुम्हे बुलाएगी पर प्रस्तुति दी।

सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्वी पटेल, कुशाग्र मिश्र, अथर्व गिरि, दर्श, शीतल बाजपेई, दिव्या वर्मा, नीतिका प्रजापपति, प्रिंसी शर्मा, रूपाली कनौजिया, आरोही बाजपेयी, हिमाली वर्मा, अनमोल वर्मा, अवनी गुप्ता ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं पर तथा लक्ष्मी जोशी, किंजल पटेल, सृष्टि वर्मा, श्रेयांशी वर्मा, अनुश्का वर्मा, काव्या श्रीवास्तव, प्रिया प्रजापति, आराधना जायसवाल, अनन्या श्रीवास्तव ने रितु आ गई रितु छा गई।

शारदे ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल की जानवी राज, पंखुड़ी तिवारी, आराध्या मिश्रा, माही अवस्थी, ज्योति गौतम, समर श्रीवासतव, मयंक शर्मा, बैभव सिंह कश्यप ने दही का दान दे दे पर प्रस्तुतीकरण दिया।

आदर्श दुर्गा बाल विद्या मंदिर के सबनम गौतम,रूपा देवी, नैंसी चौहान, पूजा देवी, अंकित ने जलबा जलबा, और शबनम गौतम,रूपा देवी, नैंसी चौहान, पूजा देवी ने पानी छलके पर

उमा देवी चिल्डेंस एकेडमी की गुरलीन कौर, जसमीत, आरोही शुक्ला, नव्या गुप्ता, नम्रता गुप्ता ने मंच पर प्रस्तुत की।

एफएम ज्ञान दायनी विद्या मंदिर की अनिका प्रजापति जुलम करि डारो, सितम करि डारो और अस्मिता गिरि ने चटक मटक पर प्रस्तुत की। यदुशील शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल की यशी जोशी, सौम्या श्रीवास्तव, राजप्रिया खरे, अनन्या गुप्ता, हिमांशी जोशी, अंशिका यादव, वंशिका गुप्ता, शुभी रस्तोगी, अनुष्का कश्यप ने हर तरफ हर जगह हर कहीं पे है उसी का नूर पर प्रस्तुतीकरण दिया।

ब्राइट पब्लिक एकेडमी की प्राची देवी, मीनाक्षी देवी, खुशी प्रजापति, अमृता देवी, कशिश मिश्रा ने कान्हा बरसाने में आ जइयो, और नूर्वी, अंशुमान, पारूल कश्यप ने मुरली बजाते हो पीछे पीछे आते हो पर

पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर के अनुकरुणा, तृषा वर्मा, नियां सक्सेना, शगुन मिश्रा, कार्तिक गुप्ता, आयत, शीतल राठौर, नन्दिनी राठौर, यश, प्रिया, कशिश ने मसाने की होली पर रामजानकी विद्या मंदिर इंटर कालेज के नैमिष, कमल, निखिल, सुधीर, आकर्ष, श्रेयश, अभय, अर्पित, आलोक, आयुष ने संदेशे आते हैं और इमा, ब्यूटी, अनन्या, तृष्टि, तान्या, सृष्टि मिश्रा ने आरम्भ है प्रचन्ड है पर कामधेनु विद्या निकेतन की मोहिनी देवी, राजनंदनी, अंजली देवी, शालिनी देवी, प्रतिभा देवी, बेबी ने बावन गज की चुनरी को चढ़ाने जाऊंगी पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन अनुज खरे ने किया।इस अवसर पर सभासद शोभित सिंह, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, हर्ष अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, आनन्द किशोर गिरि भोली, शब्बन खां, हरिओम वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, रियाजुद्दीन, सुशील कुमार कश्यप, नानकचंद्र वर्मा, रज्जन खान, राजेश कुमार वर्मा, राजेश अवस्थी, आशीष अवस्थी, दानिश राईन, मोहित कुमार कनौजिया, सुरेष जायसवाल, अल्लू सैनी, कफील अहमद, शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार,विमलेश वर्मा नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा,आर0आई0 अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, प्रेम प्रकाश पाठक, ऋषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शातिर अपराधी का तमंचे के साथ वीडियो वायरल,गांव वालों के उड़े होश

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। थाना खीरी क्षेत्र में एक युवक का तमंचे के साथ वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। पकड़ा गया युवक शातिर अपराधी बताया जा रहा है।बुधवार की शाम एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमे एक युवक तमंचा लिए हुए जा रहा है। किसी ने उसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो थाना खीरी के मल्हपुर गांव का है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई।पुलिस ने कई संभावित स्थानों पर छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी रामलोटन गांव मल्हपुर का रहने वाला रामलोटन है। उसके खिलाफ थाना खीरी समेत जिले के अन्य थानों पर चोरी, लूट आदि के कई मामले दर्ज हैं।



### राइस मिलों पर गेहूं का स्टॉक चेक करने पहुंचे अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंची टीम

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। राइस मिलों में गेहूं का स्टॉक चेक करने के लिए बनाई गई समिति ने गुरुवार को राइस मिलों का आकस्मिक निरीक्षण किया जहां उन्हें सब ठीक-ठाक मिला। सहायक विपणन अधिकारी सुभाष चंद्रा ने बताया कि गुरुवार को तहसीलदार सुखबीर सिंह की अगुवाई में सहायक विपणन अधिकारी सुभाष चंद्रा, मंडी सचिव राम लखन,सेल टैक्स अधिकारी के साथ आरआरएस अग्रवाल एंड कंपनी पहुंचे स्टॉक चेक किया।जहां उन्हें स्टाक 5000 क्विंटल से कम मिला। उसके बाद उन्होंने नेहा अग्रवाल एंड कंपनी में पहुंच स्टॉक की जांच की वहां भी स्टाक ठीक था, टीम मोहम्मदी रोड पर श्याम जी इंटरप्राइजेज का स्टॉक चेक किया वहां भी सब कुछ ठीक मिला, फिर टीम विजय राइस मिल अलीगंज पहुंची वहां भी स्टाक ठीक मिला।रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।



### चतुर्थ चरण : पहले दिन दो प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। गुरुवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 जून को मतदान होना है। 28 खीरी और 29 धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में 18 अप्रैल से अधिसूचना जारी हो गई। आज से नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए कलेक्ट्रेट में सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।पहले दिन 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए भाजपा से उम्मीदवार अजय कुमार, निर्दलीय नरेश सिंह भदौरिया ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वही 08 अच्यर्थियों ने 14 सेट नामांकन सेट प्राप्त किया। धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।वही नौ व्यक्तियों ने 20 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए।बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा।सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली।निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रन्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रन्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है।नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रन्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है।नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

### नामांकन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न करने हेतु पुलिस व्यवस्था रही चाक चौबंद

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 के तहत नामांकन प्रक्रिया के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस अधीक्षक खीरी,गणेश प्रसाद साहा द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर, रमेश कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक सदर,अम्बर सिंह व भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, तथा सम्बन्धित को नामांकन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बताते चलें गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर जनपद खीरी में शुरू हुई, लोकसभा सीट खीरी के लिए नामाकंन कक्ष 28 खीरी व धौरहरा लोकसभा के लिए नामांकन कक्ष 29 धौरहरा में नामांकन प्रक्रिया सम्पादित की जा रही है नामांकन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने तथा सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में प्रयाप्त पुलिस व पीएसी के जवान की तैनाती जगह-जगह पर की गई है, तथा बेहतर यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं साथ ही साथ नामांकन कक्ष के पास तैनात पुलिस बल को आने-जाने वाले लोगों को डीएफएमडी, मेटेल डिटेक्टर आदि से चेक करने हेतु बताया गया तथा एलआईयू को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### दमकल कर्मियों ने एक मॉक ड्रिल कर कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीके बताएं गए

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड में दमकल कर्मियों ने एक मॉक ड्रिल कर कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीके बताएं। चल रहे अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत उपनिरीक्षक अग्निशमन व सुरक्षा अधिकारी पलिया राधेश्याम पाल ने बुधवार को बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया के प्लांट में अग्निशमन टीम ने मॉक ड्रिल के जरिए आग पर काबू पाने का तरीका बताया।

उप निरीक्षक अग्निशमन ने बताया कि जिस जगह पर आग लगने की आशंका हो वहां बाल्टी में पानी व मग और सूती कपड़ा का गमछा तथा बालू मौजूद होना चाहिए। इसके जरिए आग बुझाने में काफी मदद मिलती है ।रसोई गैस के सिलेंडर में आग लगने पर उसे सूती कपड़े के चादर या टाट के बोरे से ढक देना चाहिए। इससे आग तुरंत बुझ जाती है। आग लगने की सूचना तन्काल अग्निशमन विभाग को देनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि जैसे आप सब एंबुलेंस के लिए रास्ता छोड़ देते हैं उसी प्रकार अग्निशमन वाहन को भी रास्ता देना चाहिए जिससे आग लगने वाली जगह पर पहुंचने में आसानी हो सके। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी, कर्मचारी व चीनी मिल के श्रमिक,सुरक्षा कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधेड़ का खून से लथपथ संदिप्धावस्था में शव मिलने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



कोतवाली के मूडा निजाम चौकी क्षेत्र के गांव मुकंदीपुर में गुरुद्वारा के पीछे एक अधेड़ का खून से लथपथ संदिग्धअवस्था में शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिंसक पशु द्वारा हमला करने से मौत की बात कहकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।गुरुवार को गांव मुकंदीपुर निवासी बलजिंदर ने सुबह गुरुद्वारे के पीछे सड़क किनारे एक अधेड़ का खून से लथपथ अवस्था में शव दिखाई पड़ने पर पुलिस को सूचना दी। सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह चौकी प्रभारी हिमांशु आनंद सिंह की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शरीर पर निशान मिलने से हिंसक पशु द्वारा हमला करने की बात कहकर उसकी शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला मृतक गांव में लगे साईं ईट भट्ठा पर काम करने की बात सामने आई। पुलिस में भट्ठा मालिक से पूछताछ करने पर दस्तावेजों से मृतक की शिनाख्त गांव मनहरिया थाना शेरामऊ उत्तरी जिला पीलीभीत निवासी जसवंत 40 वर्ष पुत्र राम बहादुर के रूप में होने पर उसके परिजनों को घटना की सूचना भेजी गई है।

भट्ठा मलिक कहना है उसके यहां मजदूरी करता था। उधर मृतक के शरीर पर निशान के साथ पहने कपड़े सुरक्षित मिलने पर लोग हत्या की आशंका जाता रहे हैं।

मृतक शराब पीने का आदी होना पता चला है। सीओ का कहना है खून से लथपथ अवस्था में अधेड़ का शव मिला है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है।परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

## किशोरी से दुराचार का आरोप, एक हिरासत म

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

थाना हैदराबाद क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुराचार का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ कर रही है। किशोरी की मां का कहना है कि पुलिस रिपोर्ट लिखने से इनकार कर रही है।हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव में एक किशोरी घर के बाहर बने टॉयलेट में शौच को गई थी। तभी एक युवक भी उसमें दाखिल हो गया। आरोप है कि युवक ने टॉयलेट के अंदर ही किशोरी से दुराचार किया। लोगों ने युवक को टॉयलेट में जाते देखा तो आसपास लोगों को इकट्ठा कर उसे घेर लिया। बाहर निकाल कर उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। दोनों पक्ष में सुलह समझौते की कोशिश की जा रही है।थाना अध्यक्ष दीपक तिवारी का कहना है कि उन्होंने मामले की पूरी जांच कर ली है। मामला पूरी तरह से फर्जी है। यह किशोरी एक बार पहले भी दूसरे युवक के साथ चली गई थी जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज थी हुई थी। फिर इन लोगों ने सुलह समझौता कर लिया था।

### ग्राहक बनकर आये युवक मोबाइल लेकर फरार

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। कस्बा की एक मोबाइल शॉप पर ग्राहक बनकर आये दो युवक मौका पाकर 25 हजार की कीमत का एक मोबाइल लेकर फरार हो गए। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है। पाली कस्बा के मोहल्ला इमामचौक निवासी मोमिन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाजार में मारुफ मोबाइल शॉप पर काम करता है। बुधवार की शाम सात बजे थाना क्षेत्र के ही दो युवक दुकान पर आए और मोबाइल देखने लगे। मौका पाकर दोनों युवक 25 हजार की कीमत का मोबाइल और उसका डिब्बा चोरी करके फरार हो गए। देर शाम मोबाइल की गिनती करने पर जानकारी हुई।

# हरदोई से जय प्रकाश रावत व मिश्रिख से अशोक रावत ने नामांकन पत्र दाखिल किया





जन एक्सप्रेस । हरदोई

गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 31 लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश रावत ने जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट में जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के समक्ष तथा 32 लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख से भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत ने अपर जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी के समक्ष प्रस्तुत होकर भाजपा से प्रत्यासी के रूप में अपना अपना नामाकंन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार 31 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हरदोई में जय प्रकाश, ऊषा वर्मा, मुन्ना लाल, शिव कुमार, ज्ञानी, इन्द्रपाल पासी एवं ब्रम्हा प्रसाद सहित कुल 07 लोगों ने तथा 32 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अशोक कुमार, नीलम सिंह, वन्दना वर्मा, संगीता राजवंशी, मनोज कुमार राजवंशी तथा ललित कुमार सहित कुल 06 व्यक्तियों द्वारा संबंधित नामाकंन कक्ष से नामांकन पत्र प्राप्त किये। नामांकन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## मल्लावां क्षेत्र में हुई चोरियों का पुलिस ने किया खुलासा

जन एक्सप्रेस । हरदोई

पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा अपराधो पर नियंत्रण के लिए अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को मल्लावां पुलिस व एसओजी तथा स्वाट, सर्विलेंस की संयुक्त टीम द्वारा मल्लावां थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए भारी मात्रा में चोरी के आभूषण व नगदी सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि नयागांव माधौगंज मार्ग पर कंथरी तिराहे के निकट कुछ संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं। उनके पास चोरी का कुछ सामान भी है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा अंधेरे का फायदा उठाते हुए तीन व्यक्ति भाग निकले। जबकि पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए तीनो युवकों से भारी मात्रा में चोरी किए गए सोने एवं चांदी के आभूषण तथा 75000 की नगदी बरामद करते हुए उनके नाम पता पूँछे।गिरफ्तार आरोपियों ने क्रमशः सुलेमान पुत्र पुत्तन कस्बा भटपुरी थाना सांडी, उस्मान पुत्र साबिर निवासी काजीपुरा थाना बिलग्राम, एहसान पुत्र इरफान निवासी खुर्दपुरा थाना बिलग्राम बताया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ मे तीनों आरोपियों ने मल्लावां थाना क्षेत्र में हुई चार चोरियों में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया। फरार तीनों आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी कर रही है गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास है पुलिस द्वारा संबंधित के खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

## घर मे घुसकर महिला से दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज




जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली। क्षेत्र की एक महिला ने गावं के ही एक व्यक्ति पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

पाली थाने के एक गांव निवासी 36 वर्षीय एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया है कि बुधवार रात वह अपने घर में सो रही थी। तभी रात में करीब साढ़े 12 बजे गांव का ही परमानंद घर में घुस आया और जबर्दस्ती दुष्कर्म किया। शोर मचाने पति ने आकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह मौका पाकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

## बहेड़ी में मतदान आज, बरेली जिले में रहेगा अवकाश

जन एक्सप्रेस । बरेली

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को बहेड़ी में मतदान होना है। इसको देखते हुए बरेली जिले में अवकाश घोषित किया गया है। सरकारी कार्यालयों से लेकर स्कूल, रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली कॉलेज व अदालतें तक बंद रहेंगी। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में पीलीभीत जिले में 19 अप्रैल को मतदान होगा। बरेली जिले का बहेड़ी तहसील क्षेत्र पीलीभीत लोकसभा में लगता है। जिस कारण बहेड़ी में भी 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान है। इसको देखते हुए बरेली जिले में अवकाश घोषित किया गया है।अधिकांश अधिकारी चुनाव की ड्यूटी में बहेड़ी में रहेंगे। इस कारण सरकारी कार्यालय शुक्रवार को बंद रहेंगे।

## रोडवेज बस में लगी आग से मचा हड़कंप

**हादसे के समय सवार थे 45 लोग**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

लखनऊ से आ रही बहराइच डिपो की रोडवेज बस में गुरुवार दोपहर फखरपुर दयाल पेट्रोल पंप के पास अचानक आग लग गई। बस में आग लगने से अफरातफरी मच गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन व स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। गुरुवार दोपहर रोडवेज बस बहराइच डिपो यूपी 40 टी 2914 लखनऊ से सवारियां लेकर बहराइच जा रही थी कि फखरपुर चौराहे पर अचानक आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

बस चालक उस्मान ने बताया कि लखनऊ से करीब 10:30 बजे बस लेकर चले थे। उस समय बस में करीब 45 सवारियां बैठी थीं। फखरपुर के पास प्रेशर पाइप फट गया तो उसे देखने के लिए ब्रेक लगाया। ब्रेक नहीं लगी तो तत्काल गियर को डाउन कर बस पेट्रोल पंप के सामने रोक दिया गया। बस रोकने पर पता चला कि वाहन के नीचे से आग की लपटें निकल रही हैं। इससे अफरातफरी मच गई। हड़कंप मच गया और बस में बैठी सवारियां उतरकर भागने लगीं।

मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने पेट्रोल पंप पर रखे अग्नि नियंत्रकों की मदद से आग बुझाना शुरू करवाया। थानाध्यक्ष ने जेसीबी की मदद से बस को गाड़ी धोने वाली दुकान पर भेजा। जहां आग को बुझा दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

## घर में घुसकर दंपती समेत चार को पीटा

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

गाली-गलौज के विरोध पर आरोपियों ने महिला, उसके पति, पुत्र और पुत्री की पिटाई की। पुत्री से छेड़खानी की और खींचकर ले जाने लगे। उसके कपड़े फाड़ डाले। मामले में घुंघचाई पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव में 31 मार्च की है। महिला ने बताया कि परिजन के साथ घर में खाना खा रही थी। गांव के चार लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर उसे, उसके पति, पुत्र और पुत्री को पीटा। पुत्री से छेड़खानी कर आरोपी खींचकर ले जाने लगे। उसके कपड़े फाड़ डाले। शोर-शराबे पर आरोपी चले गए। पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुल्हन विदा कर ले जा रहे दूल्हे संग लूटपाट

**जनएक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद में एक शख्स ने शादी कराने के नाम पर गाजियाबाद के दूल्हे व उसके भाई से लूट की वारदात अंजाम दे डाली. शख्स ने फोर व्हीलर से आए दूल्हे और उसके घरवाले को सलेमपुर के पास स्थित मंदिर में लड़की दिखाई. लड़की पसंद आने के बाद दूल्हा पक्ष से खरीदारी करवाई. फिर मंदिर में ही शादी कराकर विदाई करवा दी. लेकिन अभी दूल्हा पक्ष 10 किलोमीटर दूर ही पहुंचा होगा कि शख्स (बिचौलिये) ने अपने साथियों के साथ मिलकर पिस्टल व चाकू के दम पर उसे लूट लिया. दूल्हे पक्ष का सारा सामान (कैश, जेवर आदि) छीन लिया. इतना ही शख्स और उसके साथियों ने कार से दूल्हे-दुल्हन को भी उतार लिया और अपने साथ लेकर चल दिए.जब इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के जरिये इस गैंग को 24 घंटे के अंदर दबोच लिया और लूटा गया कैश आदि बरामद कर लिया. पकड़े गए लोगों के पास से देसी तमंचा, जिंदा कारतूस और चाकू बरामद हुआ है.

### एक ट्रक गोवंश ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**जनएक्सप्रेस/बरहज।** बरहज थाना क्षेत्र के कपरवार तिराहा पर गुरुवार को सुबह आठ बजे ग्रामीणों ने एक ट्रक गोवंश पकड़ा। ट्रक छोड़कर भाग रहे चालक और दो पशु तस्करों के पीछा किया। एक तस्कर को पकड़कर पुलिस को सौंपा। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर बरहज गोशाला पहुंची। ट्रक में गोवंश ठूंस कर भरे गए है। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि पकड़े गए गोवंश को गोशाला भेजा गया है।

### आजादी की लड़ाई में जौहर करने वाली वीरांगनाओं की हुई स्थापना

**जनएक्सप्रेस/पैना/बरहज।** पैना के शहीद स्मारक सतिहड़ा स्थित आजादी की लड़ाई के दौरान जल में जौहर करने वाली वीरांगनाओं को प्रतिष्ठित किया गया। दो दिन से चल रहे पुजा पाठ कर विधी विधान से पांच परिवारों ने मिलकर अपने परिवार से सती हुई सतियों का भव्य भवन का निर्माण कराकर उन्हें एक स्थान पर पिंडी के रुप में स्थापित किया, ताकि उनकी वीर गाथा जीवंत रह सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से सांसद कमलेश पासवान, संजय सिंह , अंगद तिवारी, विजेश्वरी सिंह, श्रवण सिंह, प्रमुख छट्ठू यादव, अशोक सिंह, चन्द्र भूषण सिंह, अटल सिंह, प्रिन्स सिंह, राणा सिंह, मृत्युंजय सिंह, दीपक सिंह, बाबू सिंह, भोला सिंह, चन्द्रभान मौर्य, अनिरूद्ध सिंह आदि उपस्थित रहे।

### चालक को पकड़ने के लिए एक महीने से लगी थी नेपाल पुलिस

**जनएक्सप्रेस/ महराजगंज।** नेपाल शसस्त्र पुलिस ने इंटेलिजेंस की गोपनीय सूचना के आधार एक भारतीय ट्रक से 272 किलो गांजा बरामद किया। इस ट्रक को पकड़ने के लिए बीते एक महीने से नेपाल खुफिया विभाग की टीम लगी थी। मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे सरहद से सटे बेलहिया बाईपास पर गिरफ्तार कर लिया।

# आग में जला बेटी की शादी का सामान, प्रवासी मदद फाउंडेशन ने सहयोग कर पिता का पूरा किया अरमान



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के नेबुआ नौरंगिया विकास खंड के कलवारी पट्टी गांव मे प्रवासी मदद फाउंडेशन संस्था द्वारा गांव की एक जरूरतमंद बेटी की शादी में जरूरत का सामान देकर सहयोग किया है। जब आग ने बेटी की शादी के समान को जलाकर राख कर दिया तो इसकी जानकारी होने पर संस्था के सदस्यों ने आपस में धन इकट्ठा कर गांव की बेटी की शादी में उसके गृहस्थी बसाने के लिए समानों का इंतजाम किया और बेटी के पिता को बेड, सिंगारदानी, अलमारी, मेज, पंखा, कपड़ा सहित रोजमर्रा के अनेक अन्य सामान उपहार स्वरूप दे दिया। इस सहयोग को देख बेटी के परिजन सहित ग्रामीणों के आंखों मे आंसू छलक आये। बताते चलें कि विकास खंड के कलवारी पट्टी गांव निवासी रमाकांत गौड़ की पुत्री बेटी सोनी की शादी इसी 18अप्रैल को महराजगंज जनपद के घुघुली खास निवासी कुपाल पुत्र तुफानी से होनी थी। पिता ने अपनी लाडली बेटी के शादी लिए एक पाई इकठ्ठा कर धीरे धीरे कुछ किमी सामानो में जेवरात, बर्तन, कीमती साड़ियां व फर्नीचर के समाग्रियां तथा बारातियों के सत्कार और भोजन के लिए लगभग थोड़ा बहुत सामान खरीद कर घर में रख दिया था। लेकिन विते 3 अप्रैल को गांव के एक झोपड़ी में खाना पकाते समय तेज हवा से निकली चिंगारी ने झोपड़ी में आग पकड लिया और पलक झपकते ही आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया जिससे घर में बेटी की शादी के लिए रखा सभी सामान देखते देखते उनकी आंखों के सामने ही जल नष्ट हो गया। इस घटना ने बेटी के पिता रमाकांत को काफी परेशानी में डाल दिया था। इस घटना की जानकारी मीडिया के माध्याम से प्रवासी मदद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार, राजन विश्वकर्मा, अरविंद यादव, संदीप मिश्र, प्रदीप पांडेय, बबलू, विजय मद्देशिया, बृजेश कुमार, सर्वेश्वर, सिंह, वीरु, जावेद। अनुपम, अजय, शिवम, जीतू, विष्णु, दिलीप गौड़, प्रभाकर, आलोक, अरशद, पंकज आदि को हुई तो पदाधिकारियों ने बेटी की शादी का बीड़ा उठाया और बुधवार की शाम को रमाकांत के घर पहुंचकर बेटी के गृहस्थी बसाने की वह सभी आवश्यकता व रोजमर्रा की सामानों को लेकर उपहार स्वरूप दिया। जिसे पाकर पीड़ित परिवार के आंखों मे आंसू आ गए। जिले सहित क्षेत्र मे संस्था द्वारा इस तरह के सराहनीय कार्य को किये जाने को लेकर आम जनमानस में काफी प्रशांसा हो रही हैं। प्रवासी मदद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश ने बताया कि अबतक इस तरह का सहयोग अनेकों असहाय कई परिवारों के कन्याओं की शादी मे सहयोग किया गया है।संस्था के लोग इस तरह की सूचना जब भी पाते है तो वह आगे आकर मदद करने में पीछे नहीं रहते है। कहा कि हमारी संस्था बगैर सरकारी सहयोग के समाज के उत्थान व विकास के लिए तत्पर रहती है।

# सीएम योगी ने किया श्रीहनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



- गोरखनाथ मंदिर में 21 अप्रैल को होगी श्री हनुमान नव्य विग्रह प्रतिष्ठा
- 22 अप्रैल को होगी रूद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का विधि विधान से शुभारंभ किया। प्रभु हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान आज से पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे। 22 अप्रैल तक होने वाले रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य दरवाजे पर पूजन करते हुए मंडप में प्रवेश किया, तत्पश्चात वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच वेदी का पूजन हुआ। बताते चलें कि हनुमत प्राण प्रतिष्ठा 22 अप्रैल को देवालय में की जाएगी। यज्ञ गुरुवार शाम से ही शुरू हो जाएगा।

इसके पहले गाजे बाजे के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की अगुवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजन के बीच भीम सरोवर से यज्ञ कलश में जल भरा। भीम सरोवर की परिक्रमा करने के पश्चात कलश यात्रा यज्ञशाला पहुंची जहां विभिन्न स्थलों पर यज्ञ कलश को विराजमान कराया गया। और यही से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमान संभालते हुए मुख्य दरवाजे पर पूजा अर्चना के पश्चात यज्ञशाला के मंडप में प्रवेश किया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में आज पंचांग पूजन किया गया।

इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, रामानुज त्रिपाठी, डॉक्टर. रंगनाथ त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अरविंद चतुर्वेदी, रोहित मिश्र, बृजेश मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रागेश मिश्र, अभिषेक पांडेय, डॉक्टर हृदय नारायण शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# उपभोक्ता खुद बढ़ा सकेंगे 20 किलोवाट तक बिजली का भार, दफ्तर की दौड़भाग से मिलेगी छुट्टी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



बिजली निगम के उपभोक्ताओं को 20 किलोवाट तक बिजली भार बढ़ाने के लिए अब बिजली दफ्तरों का चक्कर नहीं काटना नहीं पड़ेगा। नए नियम के तहत वाणिज्यिक और घरेलू उपभोक्ता अपना भार खुद ही भरा सकते हैं। बिजली निगम के उपभोक्ताओं को 20 किलोवाट तक बिजली भार बढ़ाने के लिए अब बिजली दफ्तरों का चक्कर नहीं काटना नहीं पड़ेगा। नए नियम के तहत वाणिज्यिक और घरेलू उपभोक्ता अपना भार खुद ही भरा सकते हैं। इसके लिए उन्हें बिजली निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर लॉगिन करना होगा। पहले उपखंड से लेकर खंड कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद बिजली भार बढ़ाया जाता था। दरअसल, अभी तक की व्यवस्था के मुताबिक, जैसे राहुल (काल्पनिक नाम) के आवासीय परिसर पर चार किलोलाट के बिजली कनेक्शन है। लेकिन, खपत अधिक है। ऐसे में राहुल को बिजली के उपखंड दफ्तर जाकर भार क्षमता बढ़ाने का फार्म लेकर आवेदन करना होगा। बताया पड़ेगा कि सिंगल फेज केबल पर सिंगल फेज मीटर से आपूर्ति ली जा रही है। लेकिन, भार बढ़ाने के साथ मीटर भी थ्री फेज की लाइन लगवाने की जरूरत है। आवेदन के आधार पर जेई मौके पर जाकर टेक्निकल फिजिबल रिपोर्ट (टीएफआर) भरता है। सिक्योरिटी और मीटर का शुल्क जमा करना होता है। लेकिन, नई व्यवस्था के तहत थोड़ा बदलाव आया है। इसके तहत शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता अब घर बैठे घरेलू कनेक्शन का लोड बढ़ा सकेंगे।

# गर्मी के मौसम में पक्षियों को प्यास बुझाने हेतु जल पात्र का हुआ वितरण

**जन एक्सप्रेस । बरहज**

श्री राम नवमी एवं हिंदू युवा वाहिनी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर श्री राधा माधव प्रेम संस्थान (रजि.) आजाद नगर दक्षिणी बरहज (देवरिया) की शाखा वृंदावन द्वारा स्वामी देवस्वरूपानंद जी महाराज संस्थापक- उज्जवल भारत अभियान के पावन सद् प्रेरणा से पागल बाबा मंदिर के सामने स्थित श्री गुरु गोरखनाथ ए.सी रेस्टोरेंट पर पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत हेतु जलपात्र का वितरण कर समाज को जीव-जंतुओं की सेवा का संदेश दिया गया। जीव जन्तुओं की सेवा से परम पिता परमेश्वर की असीम कृपा प्राप्त होती है। जल दान द्वारा हम इस भयानक गर्मी में अनेकानेक पक्षियों के प्राणों की रक्षा कर सकते हैं। आईए हम सब मिलकर एक साथ संकल्प लें कि अधिक से अधिक जीवों के रक्षार्थ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, जिससे प्रभु कृपा के साथ ही मन को अद्भुत सुख शांति प्राप्त होगी। सैकड़ो वर्षों की तपस्या के बाद आज इस पवित्र रामनवमी के पावन अवसर प्रभु राम लाल को अपने मंदिर में विराजमान होते देखकर सभी देश वासी हर्षित हैं। रामलाल का अद्भुत दर्शन समूचे विश्व को प्राप्त हुआ जिसमें सूर्य तिलक अलौकिक रहा। उक्त अवसर पर श्री राधा माधव प्रेम संस्थान के प्रबंधक पंडित रुद्रदेव मिश्र ने उपस्थित लोगों को जल पात्र देकर सबसे निवेदन किया कि प्रतिदिन जल पात्र को साफ करके ठंडे पानी से भरकर रखें, जिससे प्यासे जीव जन्तुओं को लाभ मिल सके।

# भोजपुरी के सशक्त हस्ताक्षर रहे कविवर पं धरीक्षण मिश्र: प्रो. रामदेव शुक्ल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

तमकुही राज तहसील के गांव कोईन्दी बरियारपुर में बुधवार को भोजपुरी के प्रख्यात राष्ट्रीय कवि पं.धरीक्षण मिश्र की जयंती पर उनके पैतृक गांव में जूटे क्षेत्र के प्रबुद्धजन शिक्षाविद् व कवियों ने परिजनों के साथ कविता पाठ कर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीदयू गोविवि के प्रो.रामदेव शुक्ला ने कहा कि कविवर पं. धरीक्षण मिश्र अद्भुत प्रतिभा के धनी थे वे भोजपुरी भाषा के सशक्त हस्ताक्षर रहे उनकी भोजपुरी रचना आम जनमानस में रूसी बसी है।स्व.मिश्र भोजपुरी भाषा को उच्च शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया है। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए किसान पीजी कालेज सेवरही के पूर्व प्राचार्य डा0 वेद




प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कविवर पं धरीक्षण मिश्र की कविताएँ जन जन तक पहुंचाना हम लोगों का लक्ष्य है। बाबा की कविता भोजपुरी समाज का आईना है।उन्होंने कहा कि कविवर पं धरीक्षण मिश्र ट्रस्ट द्वारा उनकी रचनाओं का प्रतियोगिता कराकर भावी पीढ़ी को पुरस्कृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को सुधाकर तिवारी उमाकान्त राय ने कविवर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। कविता का शुभारंभ कविवर के पौत्र कैलाश नाथ मिश्र के वाणी वन्दना से किया गया।

विद्या प्रकाश मिश्र व अवध कुमार अवधू ने हास्य कविता पाठ कर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। कवि कृष्ण कुमार चुलबुल, हरेन्द्र पाण्डेय, जितेंद्र पाण्डेय, नन्दलाल विद्रोही, संजय मिश्र, रमापति रसीया, आकाश महेशपुरी, सतेन्द्र पाण्डेय, संजय मिश्र, आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय मिश्र ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्या प्रकाश मिश्र व सदानंद मिश्र ने आये आगन्तुको के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामनारायण मिश्र, डा. अशोक राय, प्रहलाद मिश्र, सुनील मिश्र, वीरेंद्र मिश्र, राघवेन्द्र मिश्र, कृष्णकांत, दिनानाथ मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# वृद्ध किसान की खेत में फसल के साथ जलकर मौत, कंबाइन मशीन धू-धू कर जली

**जन एक्सप्रेस । रामपुर कारखाना**

गुरुवार को आग ने लगभग एक दर्जन गांवों में तांडव मचा दिया। इस दौरान गेहूं की फसल कटवाने गए वृद्ध किसान की जल कर मौत हो गई। एक कंबाइन मशीन धू-धू कर जल गई। इस भयावह अग्निकांड में सैकड़ों एकड़ फसल जलकर राख हो गई।गुरुवार की दोपहर प्रचंड पछुआ हवा के बीच रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बलियवा गांव के सरेह में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसी बीच बरियारपुर थाना क्षेत्र के आमघाट सरेह में भी आग लग गई। डंठल जलने के बाद आग ने गेहूं की खड़ी फसल और काट कर रखे गए बोझा को भी जलाना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड वाहन आम घाट पहुंच गया और उसने आग बुझाना शुरू कर दिया। इधर बार-बार सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड बलियांव और गौर के बीच लगी आग बुझाने नहीं पहुंच सकी। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी गौरी शंकर शुक्ला (70) गेहूं कटवाने खेत की ओर गए थे। आग तेजी से बढ़ते देख उन्होंने भागने की कोशिश भी की, लेकिन आग के रौद्र रूप धारण कर लेने से वह निकल नहीं सके और झुलसकर मौत हो गई। इधर डुमरी गांव में शैलेश सिंह की कंबाइन मशीन भी आग की चपेट में आकर जल गई।

# पर्यावरण प्रेम ने मीरा के घर को बना दिया फुलवारी

## युवाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट बन गये मीरा के फूल



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

मिट्टी की खुशबू कहें या फूलों से प्यार, मगर जो भी हो पर है लाजवाब। 38 वर्षीय मीरा देवी में पर्यावरण को लेकर फूल पौधे लगाने का ऐसा जुनून है कि दो ढिसमील आवासीय भूमि में स्थित एक झोपड़ी प्रांगण में पचास नही डेढ सौ विभिन्न फूलो के पौधे लगाकर फुलवारी बना दिया है। नजारा ऐसा कि चारों ओर हरियाली व रंग बिरंगे फूल देखकर हर कोई आकर्षित हो जाता है। जी हां हम बात कर रहे हैं कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया ब्लाक के गांव लक्ष्मीपुर निवासी सूरजभान की पत्नी मीरा देवी की। पौधों से लगाव इस कद्र है कि शायद की घर का कोई ऐसा हिस्सा हो जहां पौधे न हो। वो भी हाईब्रीड से लेकर सभी प्रकार के गेंदा का फूल तथा 4 प्रकार का अड़हुल, हरसिंगार, 2 प्रकार का तुलसी, मंडुवा,जटाशंकर का फूल,मनी प्लांट, डेलिया से लेकर सालविया की अलग-अलग किस्म यहां मौजूद हैं। कहीं भी अगर उनका जिक्र हो जाए तो कोई उनके घर आने से आपने आप को नहीं रोक पाता है बल्कि इनके फुलवारी के जुनून को देखकर लोग जागरूक भी होते हैं। यहीं कारण है कि रिश्तेदार हो या चाहे जान पहचान के लोग हर कोई उनके घर आते ही पौधों की महत्वता का अंदाजा लगा लेता है। हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस समाचार पत्र से बात चीत में मीरा बताती है कि बिना गमला के डेढ सौ से अधिक फूल हैं। जिन्हे दरवाजा के सामने खाली पड़ी दो ढिसमील,अगल बगल मे डेढ ढिसमील भूमि है।जिस पर विभिन्न प्रकार के फूल रोपे गए हैं।मौसम के अनुसार पौधों में समय-समय पर बदलाव होता है। चौंकाने वाली बात है कि पौधों के अंदर किसी प्रकार का कैमिकल नहीं होता, सभी आर्गेनिक हैं। जिसके रखरखाव के लिए कोई नही बल्की स्वयं गृहणी कार्य करने के साथ देखभाल करती हूं। पौधों पर प्राकृतिक ढंग से ही गोमूत्र व नीम के पत्तों से स्प्रे किया जाता है। मीरा बताती हैं कि उनको बचपन से ही प्रकृतिक व अपने मिट्टी से काफी लगाव है,उनको पेड़ पौधा लगाना काफी अच्छा लगता है, सन् 2002 मे उनकी शादी सूरजभान से हुई थी।खर्च के लिए पति से मिले पैसो मे कुछ खर्च कर देती थी और कुछ बचा लेती थी।

बचाए हुए पैसो से एक एक फूल का पौधा पौधाशालों से खरीदकर आगन व दरवाजे के सामने खाली पड़ी दो ढिसमील भूमि घर के पीछे खाली पड़े भूमि मे करीब दो सौ फूल के विभिन्न प्रजातियों का पौधे रोपे हैं। मुझे फूलों की खुशबू के बीना नींद ही नही आती है।मै फूलो को किसी को तोड़ने भी नही देती हूं।

### फूलों की बगिया लोगों के लिए बना सेल्फी प्वाइंट

मीरा की फूलो की बगिया राहगीरों के लिए सेल्फी प्वाइंट बन गया है।ये बगिया पडरौना पनियहवा स्थित लक्ष्मीपुर गांव के बाहर सडक किनारे स्थित है।बगिया को देखकर अधिकांश राहगीर व यूट्यूबर यहां सेल्फी लेने के बाद ही आगे बढते है। मीरा का यह भी कहना है की प्रतिदिन दर्जनो की संख्या मे लोग बगिया मे खडा होकर सेल्फी लेने से नही चुकते है। जिले सहित पूरे क्षेत्र में मीरा फूल व बागवानी के लिए आइडियल बन चुकी है।

# भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे सेवा बस्ती पिछौरा गांव

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा भौवापार मंडल अध्यक्ष सत्यकिशोर व महामंत्री दिलीप के नेतृत्व में सेवा बस्ती पिछौरा में वृहद लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मझवार ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आमजन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब कल्याण को समर्पित है। सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं वह सीधे तौर पर जरुरतमंद लोगों तक पहुंची हैं। पीएम मोदी द्वारा जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए हर एक वायदों को पूरा किया जा रहा है और भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के पंचतीर्थ का सृजन कर उनको सम्मान देने का काम किया है जो आजादी के बाद की सरकारों ने कभी उनका सम्मान नहीं बढ़ाया।

भाजपा नेता इंजीनियर बृजमोहन ने अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुए लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूर्ण लाभ मिल रहा है।

# सीबीआई ने ट्रैकमैन से घूस लेते रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । सलेमपुर**

रेलवे स्टेशन के आवास से बुधवार की रात रेलवे कर्मचारी के स्थानान्तरण के बाद कार्यमुक्त करने के नाम पर घूस लेते रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार को रंगे हाथ सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। लखनऊ से आई सीबीआई टीम ने यह कार्रवाई की। इसके बाद सीबीआई उसे लेकर लखनऊ रवाना हो गई।सलेमपुर में तैनात रेल ट्रैकमैन चंद्रकेश का स्थानान्तरण हो गया है, लेकिन सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार कार्यमुक्त नहीं कर रहा था। साथ ही कार्य मुक्त करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था। कई बार चंद्रकेश गिड़गिड़ाया भी, लेकिन संजय पर इसका असर नहीं पड़ा।परेशान चंद्रकेश ने इसकी शिकायत सीबीआई की शाखा लखनऊ में कर दी। इसके बाद सीबीआई के डिप्टी एसपी लखनऊ विपिन कुमार सिंह के निर्देश पर कार्रवाई शुरू हुई। बुधवार की रात सीबीआई की टीम सलेमपुर पहुंची।चंद्रकेश को सीबीआई टीम के सदस्यों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के घर भेजा। जैसे से ही चंद्रकेश ने संजय को 20 हजार रुपये एडवांस दिया, टीम ने तत्काल रंगे हाथ आरोपित को पकड़ लिया। टीम के पकड़ने के बाद खलबली मच गई। टीम तत्काल संजय को लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हो गई।

## गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व विधायक अतुल गर्ग के लिए कमल का फूल खिलाने की अपील की

# 10 वर्ष में हुए परिवर्तन के कारण गूंज रहा फिर एक बार मोदी सरकार: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पिलखुआ में की जनसभा
- बोले, रामनवमी पर पूरा सनातन भारत गौरव से आलोकित हो रहा था

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी पार 400 पार। यह नारा अकारण ही नहीं गूंज रहा है, बल्कि इसके पीछे देश के अंदर 10 वर्ष में हुआ परिवर्तन है। देश के परिवर्तन का कारण केवल नरेंद्र मोदी हैं। पाकिस्तान की जितनी आबादी है, भारत में उससे अधिक आबादी 10 वर्ष में गरीबी रेखा से मुक्त होकर खुशहाल जीवन यापन कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने गुरुवार को पिलखुआ में जनसभा कर गाजियाबाद से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी व विधायक अतुल गर्ग के लिए कमल का फूल खिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिलखुआ के हस्तशिल्पियों व कारीगरों ने हैंडलूम के माध्यम से अपने हुनर का लोहा मनवाया। सीएम योगी ने कहा कि यहां इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं। दिल्ली से मेरठ के बीच 12 लेन का हाइवे बन चुका है। रैपिड रेल का कार्य तेजी से चल रहा है। 2014 में मोदी जी आए थे तो देश के महज पांच शहरों में मेट्रो थी, आज देश के 20 और यूपी के छह शहरों (लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, कानपुर) में मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। इस वर्ष के अंत तक मेरठ सिटी में मेट्रो का कार्य प्रारंभ कर देंगे। 2014 में सात एम्स थे, आज 22 एम्स है यानी हर क्षेत्र में कई गुना वृद्धि हुई है। इंफ्रास्ट्रक्चर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

### 500 वर्ष बाद रामलला ने अपनी जन्मभूमि पर जन्मदिन मनाया

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर जन्मदिन मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। रामनवमी पर अयोध्या धाम में आपने देखा होगा कि सूर्यवंश के शिरोमणि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का दोपहर 12 बजे भगवान सूर्य की किरणों से कैसे अभिषेक हो रहा था। यह देख पूरा सनातन भारत गौरव से आलोकित हो रहा था। यह क्षण कैसे आया, यह किसी से छिपा नहीं है पर विपक्षी दलों के लोग यह कार्य नहीं कर पाते।

### आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश आवश्यक

सीएम योगी ने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस ने उप्र को दंगा व कर्फ्यू की चपेट में ला दिया। हर दूसरे दिन दंगा व महीनों कर्फ्यू लगता था। आज धूमधड़ाके के साथ बिना रोकटोक कांवड़ यात्रा निकलती है। अब सुरक्षा का बेहतर माहौल दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप विकसित भारत के लिए आन्मनिर्भर भारत आवश्यक है। आन्मनिर्भर भारत के लिए उत्तर प्रदेश का आन्मनिर्भर होना आवश्यक है। विकसित देश के लिए तीसरी बार मोदी जी को पीएम बनाना है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सन्येंद्र सिसौदिया, योगी सरकार के मंत्री सुनील शर्मा, नरेंद्र कश्यप, विधान परिषद सदस्य सन्यपाल सिंह सैनी, गाजियाबाद से भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग, हापुड़ भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, विधायक धर्मेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर आदि मौजूद रहे।

### 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा, पाकिस्तान में 22 करोड़ की आबादी भूखों मर रही

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया। 1947 में पाकिस्तान बना, आबादी से अधिक भूभाग वहां चला गया। आज भारत जहां 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है, वहीं पाकिस्तान की 22 करोड़ की आबादी भूखों मरने की स्थिति है। हम यूपी में उपचार के लिए पीड़ित के खाते में सीधे पैसा भेज देते हैं, जिससे उपचार के अभाव में किसी को तड़पना न पड़े।

## पीएम मोदी 22 को अलीगढ़ में करेंगे सभा, बसपा सुप्रीमो का कार्यक्रम बढ़ा

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ में लोकसभा चुनाव दूसरे चरण में हैं और 26 अप्रैल को मतदान होगा। ऐसे में मतदान से पहले अलीगढ़ में विभिन्न पार्टियों के स्टार प्रचारक आएंगे और अपनी ताकत झोकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अलीगढ़ का कार्यक्रम तय हो गया है और वह 22 अप्रैल को जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आएंगे और आमजनों से रूबरू होंगे। पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए जहां संगठन एक ओर तैयारियों में जुटा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वीवीआईपी कार्यक्रम को देखते हुए नुमाइश मैदान में सुरक्षा के सारे इंतजाम पूरे किए जा रहे हैं। सूबे की पूर्व सीएम व बसपा सुप्रीमो मायावती अब 23 अप्रैल को अलीगढ़ आ रही थी। पहले उनका कार्यक्रम भी 22 अप्रैल को तय किया गया था और नुमाइश मैदान में ही यह कार्यक्रम किया जाना था। भाजपा ने पीएम के कार्यक्रम के लिए नुमाइश मैदान की अनुमति प्रशासन से मांगी थी, तो बसपा ने भी 22 के लिए ही नुमाइश मैदान मांगा था। पीएम और पूर्व सीएम मायावती की जनसभा एक ही दिन होने से प्रशासन चिंता में आ गया था। लेकिन अब पूर्व सीएम का कार्यक्रम आगे बढ़ गया है। पीएम 22 अप्रैल को नुमाइश मैदान में संबोधित करेंगे, वहीं दूसरी ओर बसपा सुप्रीमो 23 अप्रैल को अलीगढ़ आएंगी। लेकिन उनका कार्यक्रम नुमाइश मैदान की जगह मथुरा रोड स्थित महेश्वर इंटर कालेज के मैदान में रखा गया है। इसके लिए बसपा को प्रशासन की अनुमति मिल गई है।

## राजधानी एक्सप्रेस के ब्रेक हुए जाम, धुआं देख यात्री घबराए, 20 मिनट तक खड़ी रही ट्रेन




जन एक्सप्रेस । हापुड़

नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ जा रही राजधानी एक्सप्रेस की बोगी में ब्रेक जाम होने से धुंआ उठने लगा। ट्रेन में धुआं उठता देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हापुड़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर ब्रेक की मरम्मत की गई और करीब 20 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया। नई दिल्ली से चलकर राजधानी एक्सप्रेस गुरुवार दोपहर डिब्रूगढ़ जा रही थी। जैसे ही ट्रेन दोपहर करीब 12.40 बजे हापुड़ पहुंची तो ट्रेन की बोगी के ब्रेक में लगी रबड़ जलने से धुंआ उठने लगा और वैक्यूम ब्रेक जाम हो गई। ट्रेन चालक ने धुआं उठता देख रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर गाड़ी रोक दी। धुआं उठता देख और बिना स्टॉपेज की ट्रेन के अचानक रुक जाने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के रुकते ही बोगी में सवार यात्री ट्रेन से उतकर रेलवे लाइन पर आ गए। ट्रेन में सवार कर्मचारी और आरपीएफ के जवान भी बोगी पर पहुंचे। जहां कर्मचारियों ने ब्रेक में लगी रबड़ को बदलकर ब्रेक व पहिए को ठीक किया। करीब 20 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, इसके बाद ब्रेक ठीक होने पर ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। स्टेशन अधीक्षक अजब सिंह का कहना है कि ब्रेक जाम होने के कारण ट्रेन में थोड़ा धुआं निकला था, जिसे ट्रेन में सवार कर्मचारी ने ठीक कर दिया, जिसके बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लूट की झूठी सूचना देने वाला कर्मचारी गिरफ्तार,

जन एक्सप्रेस/नोएडा। नोएडा में पुलिस को लूट की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को सेक्टर-58 पुलिस ने डी पार्क गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। करीब डेढ़ लाख रुपए की नकदी लूटने की सूचना मिलते ही पुलिस की दो टीमें खुलासे में जुट गईं थीं। सेक्टर-58 थाना प्रभारी ने बताया, गाजियाबाद के नंद ग्राम का अनुज सहलोत नॉस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की खोड़ा ब्रांच में काम करता है। बुधवार को कंपनी से पैसे लिए और सेक्टर-62 स्थित डिर्वट कंपनी के कार्यालय में जमा करने के लिए निकला। रास्ते में अनुज ने रकम को डी पार्क में छुपा दी।योजना के तहत उसने फिर डायल-112 पर पुलिस को लूट की सूचना दी। उसने पुलिस को बताया कि जब वह रकम लेकर जा रहा था तभी बाइक सवार दो बदमाश और हथियार के बल पर उसके एक लाख 45 हजार 970 रुपए लूट कर फरार हो गए। पुलिस की टीमों ने मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखी आस पास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन लूट या कुछ छिनैती संबंधित कोई साक्ष्य नहीं मिला। पुलिस को शक हुआ तो उसने अनुज से पूछताछ की। बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को शिकायतकर्ता पर ही शक होने लगा।कड़ाई से पूछताछ करने पर वह टूट गया और बताया कि उसके साथ लूट की कोई घटना नहीं हुई है। अनुज की निशानदेही पर पुलिस ने लूट की रकम डी पार्क के अंदर से बरामद कर ली। संबंधित कंपनी प्रबंधन को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

### ऑफिस बेचने के बहाने डेढ़ करोड़ रुपये हड़पने का आरोप

जन एक्सप्रेस/ गाजियाबाद। मोरटा गांव के वरुण न्यागी ने सात लोगों पर वैशाली के एक शॉपिंग कॉम्पलेक्स में कंपनी का ऑफिस बेचने की एवज में डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा कराया है। आरोपियों ने रुपये लेने के बावजूद उन्हें ऑफिस की रजिस्ट्री नहीं की। कौशांबी पुलिस नामजद आरोपियों की जांच कर रही है। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि वैशाली निवासी राम सेवक न्यागी और प्रशांत न्यागी से जान पहचान थी। दोनों ने कुछ समय पहले उन्हें अपनी कंपनी का ऑफिस बेचने का झांसा दिया था। उन्हें बताया कि वैशाली सेक्टर-4 के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में एक ऑफिस है। इसकी बाजार में अच्छी कीमत है। दोनों ने डेढ़ करोड़ रुपये में ऑफिस का सौदा तय कर लिया। शुरुआत में ही उन्होंने रामसेवक को सात लाख रुपये बयाना दे दिया। बाद में उन्होंने किश्तों में डेढ़ करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद उन्होंने रामसेवक से ऑफिस की रजिस्ट्री करने के लिए बोला तो उन्हें तारीख बता दी गई। अब आरोप है कि ऑफिस के करीब डेढ़ करोड़ रुपये लेने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं की। 16 जनवरी 2024 को जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने अन्य तीन लोगों के साथ मिलकर उनके ऊपर पिस्टल से हमला कर दिया। उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। उन्होंने कौशांबी थाने में रामसेवक न्यागी, प्रशांत न्यागी, रामसेवक की पन्नी, पोती और तीन अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि खाते से हुई लेन-देन के आधार पर मामले की जांच कर रहे हैं।

### टल गया हादसा: ग्रेनो वेस्ट में झटके के साथ पांचवें फ्लोर से नीचे आकर रुकी लिफ्ट, लोग सहमे, दर्ज की शिकायत

जन एक्सप्रेस/नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में बृहस्पतिवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। लिफ्ट झटके के साथ 5 फ्लोर तेजी से नीचे आकर रुक गई। लिफ्ट सवार तीनों युवक सहम गए। निवासियों ने मेंटेनेंस शुल्क वसूले जाने के बावजूद सोसाइटी के रखरखाव पर खर्च नहीं करने का आरोप लगाया है। बृहस्पतिवार की दोपहर में तीन युवक एक टावर की लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। तीनों आठवीं मंजिल से लिफ्ट पर सवार हुए। आरोप है कि झटके के साथ लिफ्ट तेजी से नीचे गिरी और तीसरी मंजिल पर आकर रुकी। शोर मचाने पर वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने दरवाजा खोलकर तीनों को बाहर निकाला। घटना के बाद से सोसाइटी के निवासियों ने कोर्ट रिसीवर से मामले की शिकायत की है।

### एलिवेटेड रोड एक तरफ से बंद, नीचे बढ़ा वाहनों का दबाव

जन एक्सप्रेस/नोएडा। मरम्मत कार्य की वजह से सेक्टर-18 से सेक्टर-60 की ओर जाने वाला एलिवेटेड रोड बंद होने से बृहस्पतिवार को सुबह और शाम पीक ऑवर में रोड के नीचे वाहनों का दबाव बढ़ गया। कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। जाम से निजात दिलाने के लिए एलिवेटेड रोड के नीचे कई प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मरम्मत की वजह से सेक्टर-18 से सेक्टर-60 की तरफ जाने वाले एलिवेटेड रोड को 25 अप्रैल तक बंद किया गया है। इस कारण एक्सप्रेसवे, सेक्टर-18, दिल्ली से आने वाले वाहन चालकों को एलिवेटेड रोड के नीचे से जाना पड़ रहा है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव का कहना है कि एलिवेटेड रोड के नीचे कुछ यू-टर्न और चौराहों को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। जाम से बचने के लिए वाहन चालकों को अट्टापीर, राय रेजिडेंसी चौक, जलवायु विहार, मोदी मॉल और एडोब चौक से गंतव्य की ओर जाने की सलाह दी है। इसके अलावा जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर-31-25 और सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहे के पास की रेड लाइट का समय बढ़ाया है। वहीं, गिझौड़ चौक के बंद होने से अब सेक्टर-24 से सेक्टर-53 की ओर जाने वाले चालकों को गिझौड़ चौक से सीधे सेक्टर-54 के पास बने पेट्रोल पंप के सामने से यूटर्न से लेकर सेक्टर-53 होशियारपुर की ओर जाना पड़ रहा है।

### वाहन चोर गिरोह के तीन गिरफ्तार, 20 बाइकें बरामद

जन एक्सप्रेस/नोएडा। थाना सूरजपुर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खरीदारों की मांग के मुताबिक वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों की पहचान अलीगंज निवासी रजनीकांत, विनय और आदिन्य पाल के रूप में हुई है। इनमें विनय और रजनीकांत सगे भाई हैं। आरोपियों के पास से चोरी की सात बुलेट सहित 20 बाइकें बरामद हुई हैं। थाना सूरजपुर पुलिस बृहस्पतिवार को तिलपता गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गोल चक्कर से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए विनय और रजनीकांत ने बीए की पढ़ाई छोड़कर शौक पूरा करने के लिए बाइक चोरी की वारदात शुरू कर दी थी। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह दो पहिया वाहनों का ताला खोलना जानते हैं। दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्र में घूमकर वह ताला खोलकर बाइक आदि चुरा लिया करते थे। चोरी के वाहनों को वह अलीगढ़, बुलंदशहर, एटा सहित आसपास के अन्य जिलों में बेच दिया करते थे।

## रामनाथ और सुरेशचंद सहित सात प्रन्याशियों ने किया नामांकन, सात मई को होगा मतदान

जन एक्सप्रेस । आगरा



उत्तर प्रदेश की आगरा लोकसभा सीट में तीसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए बृहस्पतिवार को फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर, कांग्रेस से रामनाथ सिकरवार और आगरा सीट से सपा प्रत्याशी सुरेश चंद कर्दम सहित सात प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं। शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है। शनिवार से नामांकन पत्रों की जांच होगी। जिले की दो सीटों पर सात मई को मतदान होगा। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित आगरा लोकसभा सीट पर कुल चार और फतेहपुर सीकरी सीट पर कुल 12 उम्मीदवार पर्चा भर चुके हैं। सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के नामांकन के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आगरा पहुंचे। नामांकन के समय कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, विधायक भगवान सिंह कुशवाह व छोटेलाल वर्मा मौजूद रहे। राजकुमार चाहर पर करीब 3.50 करोड़ रुपये की संपत्ति है। दो मुकदमे हैं। सीकरी से कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के नामांकन में सपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा प्रस्तावक बने। रामनाथ पर गैंगस्टर एक्ट सहित 17 मुकदमे हैं। करीब 66 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति है। भारतीय सेना से मिलने पेंशन और कृषि भूमि पर निर्भर रामनाथ स्नातक हैं। आगरा लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी सुरेश चंद कर्दम अशिक्षित हैं। व्यापार से उनके पास 29 करोड़ रुपये से अधिक चल व अचल संपत्ति है। सपा महानगर अध्यक्ष चौ. वाजिद निसार नामांकन में प्रस्तावक रहे। इनके अलावा फतेहपुर सीकरी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कल्लन, अर्जुन सिंह, केशव देव व गिर्राज सिंह ने नामांकन किया है।

### अल्फा-वन कॉमर्शियल कांप्लेक्स में लगी आग, दमकल की टीम ने दो लोगों को बचाया

जन एक्सप्रेस । ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में अल्फा-वन कॉमर्शियल कांप्लेक्स में गुरुवार शाम आग लग गई। आग लगने कांप्लेक्स के कॉमन एरिया में आकाश समेत दो लोग फंस गए। दमकल कर्मियों ने दोनों को सुरक्षित निकाल लिया। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। फिलहाल शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई गई है। बीटा-2 थाना क्षेत्र के अल्फा-वन कॉमर्शियल कांप्लेक्स में अलग-अलग संस्थानों के कार्यालय हैं। गुरुवार की शाम को यहां कॉमन एरिया में आग लग गई। आग लगते से बिल्डिंग में अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग के मुताबिक शुरुआती जांच में ट्रांसफार्मर के पास शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आ रही है। आग लगने के बाद इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। बिल्डिंग के प्रभावित हिस्से की बिजली आपूर्ति काटने के बाद ही आपूर्ति चालू कर दी गई थी।

## ट्रक और टैंकर में भीषण भिड़ंत

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ के जवां थाना क्षेत्र में मुरादाबाद-अलीगढ़ हाईवे पर गुरुवार दोपहर को ट्रक और टैंकर में भीषण भिड़ंत हो गई। ट्रक पशुओं को लेकर जा रहा था, वहीं टैंकर में ज्वलनशील कैमिकल भरा हुआ था। दोनों की भीषण भिड़ंत से टैंकर में आग लग गई और ड्राइवर अपने केबिन के अंदर ही फंस गए।

देखते ही देखते टैंकर और ट्रक में भीषण आग लग गई और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जवां के गांव नगला के पास अलीगढ़-मुरादाबाद हाईवे पर यह हादसा हुआ है। दोपहर के समय ट्रक अलीगढ़ की ओर आ रहा था, जबकि टैंकर सामने से दूसरी ओर जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दोनों आमने सामने आ गए और उनमें भिड़ंत हुई। टैंकर में मिथाइल ऑयल भरा हुआ था, जो ज्वलनशील पदार्थ है। वहीं ट्रक में आधा दर्जन से ज्यादा मवेशी सवार थे, जिन्हें दूसरी जगह पर ले जाया जा रहा था। आमने-सामने की भीषण टक्कर के कारण कैमिकल में आग लग गई और हालात बेकाबू हो गए। वहीं दोनों गाडियों के ड्राइवर केबिन में ही फंस गए।

घटना के बाद दोनों गाडियों में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की तीन गाडियां पहुंची और तत्काल आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। लेकिन कैमिकल में आग लगने के कारण आग बुझ ही नहीं रही थी और फायर की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाडियों ने आग पर काबू पाया, जिसके बाद क्रेन की मदद से गाडियों को सडक़ से किनारे कराया गया। वहीं आग बुझाने के बाद पुलिस मामल की जांच में जुटी है और घायलों और मृतकों की जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद दोनों की गाडियों के ड्राइवर अपने केबिन में ही फंस गए और बाहर नहीं निकल पाए। जिसके बाद उसकी केबिन के अंदर ही फंसकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने आग बुझाने के बाद एक शव को बरामद कर लिया है, वहीं दूसरे केबिन से रेस्क्यू करने की कोशिश जारी है। पुलिस के अनुसार दूसरी गाड़ी के ड्राइवर की भी मौत हो चुकी है, लेकिन अभी तक उसका शव बरामद नहीं हुआ है। हादसे के कारण दोनों वाहन बुरी तरह से जल गए हैं।घटना के बाद मौके पर एसपी सिटी एमएस पाठक, एसपी ग्रामीण पलाश बंसल और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियो की देखरेख में आग बुझाई गई और तत्काल रेस्क्यू शुरू किया गया। सडक़ से वाहनों को हटवाकर किनारे किया गया, जिससे यातायात दुबारा से शुरू हो सका। एसपी ग्रामीण पलाश बंसल ने बताया कि दोनों ड्राइवर अपने केबिन में ही फंस गए थे, जिससे वह बुरी तरह से झुलसे हैं। एक का शव बरामद हो गया है, जिससे एक मौत की पुष्टि हो चुकी है। अभी रेस्क्यू जारी है। हादसे में ट्रक में लदी चार भैंसें भी जिंदा जल गई हैं।

## कई गुना रुपये वापस मांगने पर दो भाइयों ने किया था रालोद नेता पर हमला, दोनों आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के कविनगर क्षेत्र के राजनगर में गौर मॉल के पास 16 अप्रैल को दिनदहाड़े रालोद नेता लोकेश चौधरी की हत्या की प्रयास के मामले का कविनगर पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुलासा कर दिया है। लोकेश चौधरी पर दो भाइयों ने हमला किया था। पूछताछ में हमलावरों ने बताया कि उन्होंने लोकेश से डेढ़ लाख रुपये ब्याज पर लिए थे जिसमें से करीब 1.30 लाख रुपये लौटा भी चुके हैं लेकिन अब वह 4 से 5 लाख रुपये बकाया बताकर रोजाना दुकान पर आकर अभद्रता करने लगा। इसलिए उन्होंने उसपर हमला किया। डीसीपी सिटी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए हमलावर संजय नगर के रहने वाले राशिद और साहिब हैं दोनों सगे भाई हैं। राशिद राजनगर में फास्ट फूड की दुकान चलाता है। पूछताछ में उसने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसने लोकेश से डेढ़ लाख रुपये दिए थे जिसमें से उन्होंने करीब 1.30 लाख रुपये लौटा भी दिए लेकिन लोकेश जहां भी उन्हें दिखाई देता वह उनसे तकादा करता था और गाली गलौज कर अभद्रता करता। इससे परेशान होकर उन्होंने उस पर हमला करने की साजिश रची। डीसीपी ने बताया कि हमलावरों के पास से तमंचा बरामद कर लिया गया है।

### लोकेश की रीड की हड्डी में फंसी है गोली

एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि लोकेश की हालत ठीक है लेकिन चिकिन्सकों ने बताया कि उसकी रीड की हड्डी में एक गोली फंसी है। ऑपरेशन कर उसे भी निकाला जाएगा।

### शिकायत मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

डीसीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लोकेश के पास सूदखोरी का लाइसेंस नहीं होने की बात सामने आई है। अगर वह ब्याज पर पैसे देकर उगाही करता है तो इस संबंध में शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

**01085/01086 लोकमान्य तिलक (ट) – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी** — 03 फेरे

| गाड़ी सं. 01085 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01086 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक (ट) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन : 01085 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 21.04.2024 को तथा 01086 गोरखपुर से दिनांक 19.04.2024 एवं 23.04.2024 को
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**05558 नई दिल्ली – सहरसा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 05558 | |
|---|---|---|
| | प्रस्थान | आगमन |
| नई दिल्ली | 10:00 | --- |
| सहरसा जं. | --- | 10:00 |

चलने के दिन : 05558 नई दिल्ली से दिनांक 19.04.2024 को
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाज़ीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**05561/05562 समस्तीपुर जं. – आनंद विहार (ट) – समस्तीपुर जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 05561 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05562 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:45 | समस्तीपुर जं. | 20:00 | --- |
| 13:45 | 13:55 | मुरादाबाद | 00:05 | 00:15 |
| 17:30 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 20:30 |

चलने के दिन : 05561 समस्तीपुर जं. से दिनांक 19.04.2024 को तथा 05562 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : दरभंगा जं., सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं. बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

**09489/09490 साबरमती – गोरखपुर – साबरमती विशेष रेलगाड़ी विशेष किराये पर** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 09489 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09490 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:10 | साबरमती | 06:30 | --- |
| 15:35 | 15:45 | लखनऊ | 09:05 | 09:15 |
| 23:00 | --- | गोरखपुर | --- | 02:00 |

चलने के दिन : 09489 साबरमती से दिनांक 19.04.2024 को तथा 09490 गोरखपुर से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फुलेरा जं., जयपुर, बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा किला, टूण्डला जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एनआर, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं. एवं बस्ती स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1167/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 18.30 लाख मतदाता करेंगे 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



* आज सुबह 7 से शाम 6 तक होगा मतदान
* मण्डी परिसर से मतदान कराने हेतु पोलिंग पार्टियों को किया रवाना

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

**यह उम्मीदवार हैं चुनाव मैदान में...**

- जितिन प्रसाद - भाजपा
- भगवतसरन गंगवार- सपा
- अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू- बसपा
- राजीव कुमार सक्सेना - भारतीय कृषक दल
- संजय कुमार भारती - राष्ट्रीय समाज दल( आर)
- आशीष कुमार- निर्दलीय
- आदर्श पांडेय - निर्दलीय
- प्रमोद कुमार पटेल- निर्दलीय
- सुशील कुमार शुक्ला- निर्दलीय
- मो. शाहिद हुसैन - निर्दलीय

**पीलीभीत।** आखिरकार वोट डालने का वह समय आ ही गया है जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। पहले चरण का मतदान आज सुबह 7:00 से 6:00 बजे तक मतदान होगा बताते चले कि पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए जिले की चार और बरेली के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे जिसमें 18.30 लाख मतदाता है और यह सभी मतदाता सभी 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। आज पहले चरण में वोट डाले जाएंगे कौन उम्मीदवार मतदाताओं की उम्मीद पर खरा उतरेगी इस बात पर मोहर आज लगेगी और किसके सर पर ताज सजेगा इसका फैसला 4 जून को मतगणना के दिन पता चलेगा थाना की जिले में 1521 भूत बनाए गए हैं और सुरक्षा कर्मियों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी भी संभाल ली है भारी पुलिस फोर्स के साथ मिलेट्री को भी तैनात किया गया हैं। जिले में 14 जोनल तथा 102 सेक्टर मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया हैं।

**पीलीभीत लोकसभा सीट में मतदाता**

| | |
|---|---|
| 18,31,699 | कुल मतदाता |
| 14,61,062 | मतदाता पीलीभीत (चारों विधानसभा क्षेत्रों) में |
| 3,70, 637 | मतदाता बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में। |
| 8,53,082 | महिला मतदाता |
| 9,78,777 | पुरुष मतदाता |
| 26,689 | युवा मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग |
| 23, 747 | दिव्यांग मतदाता। |
| 40 | थर्ड जेंडर मतदाता हैं। |



### मंडलायुक्त पुलिस महानिरीक्षक जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जाएगा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में मतदान हेतु पोलिंग पार्टियां मण्डी परिसर से चारों विधानसभाओं के 958 मतदान केन्द्रों व 1521 मतदेय स्थलों के लिए रवाना की गई। इस दौरान उन्होंने ने सभी विधानसभाओं के वितरण स्थल पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को वितरित की जा रही मशीनों व अन्य सामग्री के काउंटर को देखा, साथ ही पोलिंग पार्टियों को वितरित की गई सामग्री मिलान के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी सेक्टर मजिस्टेट को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने पीठासीन अधिकारी से यह प्रमाण अवश्य लें कि सभी प्रपत्रों का मिलान कर लिया गया है तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट भी प्रमाण देगें कि सभी पोलिंग पार्टियों को सामग्री पूर्ण उपलब्ध कराई गई है। सभी स्थलों पर स्वास्थ्य की लगी टीमों के डाक्टरों से बात करते हुये निर्देशित किया कि पोलिंग पार्टियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लें और यदि किसी को कोई समस्या हो तो दवाईयां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आज जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चारों विधानसभाओं के लिए मतदान प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सम्पन्न किया जायेगा। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद को 14 जोन व 102 सेक्टर में बांटा गया है तथा सभी बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था पैरामिलिटरी की व्यवस्था की गई है। जनपद में कुल मतदाता 1461062 हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जागरुकता बढ़ाने का हुआ आयोजन

* विद्यालय कप्तान व उप- कप्तान के चयन हेतु चुनाव की प्रक्रिया कराई गयी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में विद्यालय कप्तान व उप- कप्तान के चयन हेतु चुनाव का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके कर्तव्यों व अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही भारत में आयोजित हो रहे लोकसभा चुनाव के बारे में जानकारी देना था जिससे वह स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार व पास - पड़ोस के लोगों को भी उनके मत का महत्व समझाते हुए मतदान हेतु प्रोत्साहित करें।

एक विद्यालय की जम्मिेदारी होती है कि वह छात्रों को न केवल अच्छा इंसान बल्कि अच्छा नागरिक भी बनाए क्योंकि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं।

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल इसी सोच के साथ छात्रों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करते हुए उनकी सोच को एक सही आकार देने का प्रयास कर रहा है।

एक विकसित और सफल देश के निर्माण हेतु अधिकारों और कर्तव्यों के मध्य संतुलन अतयंत ही महत्वपूर्ण है।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि भारत एक गणतंत्र देश है। गणतंत्र में मतदान ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम देश के विकास के लिए एक अच्छी सरकार चुन सकते हैं। मतदान हमारा अधिकार है और हमें इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

छात्रों को यह समझाने हेतु कि लोकतंत्र का अर्थ हैं। जनता की, जनता के द्वारा और जनता के लिए सरकार विद्यालय में

कप्तान व उप- कप्तान के चयन हेतु चुनाव का आयोजन किया गया। सभी प्रतिनिधि लगभग 15 दिन से विभिन्न कक्षाओं में अपने चुनाव चिन्हों के साथ प्रचार व प्रसार में पूरे जोश व उत्साह से लगे हुए थे

बच्चों को आचार संहिता का अर्थ समझाने हेतु कल से ही यह प्रचार व प्रसार बन्द कर दिया गया।

बच्चों को एक और कार्य कलाप इस अवसर पर दिया गया जिसमें वे घर-घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और उनको मतदान का महत्व समझाए। जैसा कि हमारे देश में लोकसभा चुनाव अलग-अलग चरणों में हो रहे हैं, उसी तर्ज पर आज विद्यालय परिसर में शिक्षकों की देखरेख में बच्चों द्वारा मतदान कराया गया। नए सत्र में विद्यालय का नेतृत्व करने के लिए विक्टर्स क्लब से मिस रिधिमा अग्रवाल, मिस अलिश्बा शम्सी , लेजेंड क्लब से मिस जायेबा फातिमा, मास्टर आरुष भट्ट, सुप्रीम क्लब से मिस अनमता शम्सी, मिस निबाह फातिमा एवं इलीट्स क्लब से मिस प्रियांशी चंद, मिस पूजा सिंह ने प्रतिनिधित्व किया है।

मतदान के समय विद्यालय की आदरणीय चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी, प्रधानाचार्या निलोफर अंसारी और रतिका,मिस प्रिंसी,मिस सुजाता आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भूमि विवाद में हुई मारपीट में पांच घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग अलग स्थानों पर जमीनी विवाद के चलते कहासुनी के दौरान दो पक्षों में मारपीट में कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद परिजनों ने पुलिस को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकिन्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के भरौली गांव में जमीनी विवाद के चलते बुधवार की रात को दो पक्षों म हुई मारपीट में एक ही पक्ष के 42 वर्षीय परमादेवी पन्नी दल सिंगार 24 वर्षीय अजय कुमार पुत्र दल सिंगार व 24 वर्षीय रविना पन्नी अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं ताखा पश्चिम गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में 30 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र चंद्रेश व 25 वर्षीय आरती पन्नी संतोष कुमार घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकिन्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकिन्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद परमा देवी व अजय कुमार की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकिन्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।



### अधेड़ का शव खेत में पेड़ से लटकता मिला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के कोरवालिया भादी गांव में अधेड़ मजदूर का शव उसके खेत में पेड़ से लटकता मिला । मृतक बुधवार को घर से गेहूं काटने निकला था और वापस नहीं लौटा था । सुबह स्थानीय लोगों ने पेड़ से लटकती लाश देखी तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी । परिजनों के मुताबिक मृतक मानसिक अवसाद से जूझ रहा था। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। क्षेत्र के भादी कोरवलिया गांव निवासी 55 वर्षीय हरदेव यादव पुत्र रामकरण मजदूरी का काम करते था। घर से लगभग 500 मीटर दूर सेंट थॉमस स्कूल के पीछे रेलवे लाइन के पास उनका खेत था । वो बुधवार को गेहूं काटने के लिए गए थे। लेकिन रात में घर नहीं लौटे । उनकी पन्नी ने कुछ लोगों से पता किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली । गुरुवार सुबह उनके खेत के पास एक पेड़ से उनकी लाश लटकती मिली । स्थानीय लोगों ने शव देखा तो परिजनों और पुलिस वालों को सूचना दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मृतक के परिवार में पन्नी और एक बेटी है । बेटी अभी पढ़ाई कर रही है । मृतक कुछ समय से दिमागी रूप से परेशान था । तीन बेटियों में से बड़ी बेटी का विवाह कर चुके थे । ढाई साल पहले दूसरी बेटी ने आन्महन्या कर ली थी । तभी से वो काफी परेशान रहने लगे थे।

### पत्रकार रिंकू श्रीवास्तव को दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** नगर पंचायत खेतासराय स्थित मीडिया कार्यालय पर गुरुवार की शाम मीडिया कार्यालय पर पत्रकार रिंकू श्रीवास्तव की तीसरी पुण्यतिथि पर पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया ।इस दौरान उनके व्यक्तिन्व और कृन्यों को याद किया गया ।बता दे कि पत्रकार रिंकू श्रीवास्तव क्षेत्र के फरीदपुर जैगहा गांव निवासी थे मीडिया क्षेत्र में काफी नाम रोशन किया। कोविड महामारी में कोविड को चपेट में आने से उनका निधन हो गया था। इस दौरान उनके व्यक्तिन्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ संवाददाता आनंद सिंह ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र के सिंकू श्रीवास्तव एक मुकाम हासिल किये थे। वह बेहद मिलनसार थे रिंकू श्रीवास्तव का असमय जाना कष्टकारी है। पत्रकार अज़ीम सिद्दीकी ने कहा कि कंधा से कंधा मिलाकर चलने वाले पत्रकार साथी की कमी जीवनभर खलती रहेगी, यह मीडिया जगत में पत्रकारों के लिए अपूर्ण क्षति है जिसकी भरपाई नहीं कि जा सकती है। इस दौरान लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान पत्रकार श्यामचन्द्र यादव, विवेक श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, राकेश शर्मा, प्रेम यादव , रिशु श्रीवास्तव रिशु श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।



### तिलक से लौट रहे युवक पर हथियार से जान लेवा हमला


**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** मीरगंज थाना क्षेत्र स्थित मेदपुर बनकट गांव निवासी एक युवक पर जानलेवा हमला कर बदमाशों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस जांच में जुट गई है। बनकट गांव निवासी 22 वर्षीय उन्कर्ष सिंह पुत्र मनोज सिंह बुधवार को दरापुर निवासी मित्र की तिलक से रात 10.30 बजे के बाद घर लौट रहा था। अभी वह तिराहे पर पहुंचा ही था कि पहले से ही घात लगाए 3 हमलावर हथियार से उस पर हमला बोल दिए। उसने बताया कि हमलावरों में एक कह रहा था कि जान से मार दो साले को। इसी के बाद वह बेहोश हो गया। कुछ ही दूर स्थित घर से परिजन आकर उसका उपचार कराते हुए मीरगंज पुलिस को लिखित सूचना दी। पुलिस प्राथमिक उपचार के लिए उन्कर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर ले गई। जहा उन्कर्ष की स्थिति गंभीर देख उसे जिला चिकिन्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। उन्कर्ष के पिता शिक्षक मनोज सिंह ने बताया कि हमलावरों में 2 दरापुर और एक मीरपुर का है। रंजिश के संबंध में उन्होंने बताया कि एक वर्ष पहले आरोपियों से कुछ कहा सुनी उन्कर्ष से हो गई थी। जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी सुलह समझौता भी कर लिया था।

# धान कूटने वाले टैक्टर मशीन से दबकर 5 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बरखेड़ा।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी में घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय मासूम की ट्रैक्टर मशीन से दबाकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब यह वाक्य परिजनों एवं आसपास के लोगों ने देखा तो वह जाकर मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया इस पर परिजनों ने बताया कि घर के बाहर बच्चा खेल रहा था। और तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर जिसमें धान कूटने की मशीन जुड़ी थीं। ने बच्चे को रौद दिया, और उसकी मृत्यु हो गई वहीं लोगों को कहना है कि ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर पर बड़े-बड़े साउंड लगाए हुए था और तेज आवाज में गाना भी बज रहा था। और अचानक इस तरह का हादसा हो गया बच्चों की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची बरखेड़ा पुलिस ने बच्चे के शव को पीएम के लिए भेज दिया हैं। बताते चले कि जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के दौलतपुर पट्टी निवासी हाशिम अली के 5 वर्षीय मासूम मोसिम की इस दर्दनाक हादसे में दर्दनाक मौत हुई है। वहीं चालक मौका देख फरार हो गया पुलिस ने ट्रैक्टर मशीन को कब्जे में ले लिया है वही एस.एच. ओ.अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है जैसे ही तहरीर मिलेगी आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# कन्या पूजन एवं भोज के साथ राज्य मंश्री ने किया नवराश्र व्रत का समापन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने नवदुर्गा व्रत का समापन अपने आवास पर मां भगवती की पूजा अर्चना करने के बाद कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ नवरात्र व्रत का समापन किया। इस अवसर पर मां भगवती से सुख समृद्धि एवं जनकल्याण की प्रार्थना की उन्होंने अपने आवास पर आयोजित कन्याओं को भोजन कराया एवं उनको उपहार देकर परंपरागत ढंग से तिलक लगाकर विदाई की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी रश्मि सिंह ने भी कन्या भोज एवं पूजा अर्चना में भागीदारी निभाई इसकी बाद राज्य मंत्री सपरिवार माता यशवंतरी देवी के मंदिर में गए जहां मंदिर में माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की और मां से आशीर्वाद मांग कर जन कल्याण की प्रार्थना की बाद राज्य मंत्री श्री गंगवार श्री रामलीला मैदान स्थित माता काली के दरबार में पहुंचे यहां पत्नी सहित माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगा।



### श्रृंगार गौरी मूल वाद की सुनवाई आज करेंगे नए जिला जज, व्यासजी के तहखाने से भी जुड़ा है मामला

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

ज्ञानवापी से जुड़े मां श्रृंगार गौरी मूल वाद की सुनवाई लगभग ढाई माह बाद नवागत जिला जज संजीव पांडेय की अदालत में शुक्रवार को होगी। वादिनी राखी सिंह के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने आवेदन में कहा हैं कि ज्ञानवापी परिसर के बंद तहखानों का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वे कराया जाए। अधिवक्ता के माध्यम से राखी सिंह 5 फरवरी को ज्ञानवापी परिसर के बंद तहखानों के एएसआई सर्वे हेतु आवेदन जिला जज की अदालत में दायर किया गया था। कहा गया है कि ज्ञानवापी परिसर का धार्मिक चरित्र निर्धारित हो सके इसके लिए वर्तमान ढांचे के नीचे बंद तलगृहों की एएसआई से वैज्ञानिक सर्वे आवश्यक है। इसके आलावा विश्वनाथ मंदिर के कार्यपालक अधिकारी की तरफ से दिया गया। एक आवेदन विचाराधीन है, जिसमें व्यासजी के जिस तहखाने को खोलकर पूजा-पाठ की अनुमति दी।

### सड़क हादसे में बीसलपुर के युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** बीसलपुर बरेली हाईवे पर कमुआ मोड़ के निकट तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार कविश पांडे की मौत हो गई। वही उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका बरेली के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कविश के शव को पीएम के लिए बरेली पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। बताया जा रहा है बीसलपुर के विद्वान प्रतिष्ठित पंडित बिल्लू महाराज के बड़े पुत्र कविश पांडे बरेली आईफोन लेने अपने मित्र के साथ बाइक से जा रहे थे। जैसे ही कमुआ मोड़ के निकट पहुंचे तभी भारत सरकार लिखी हुई बैंक की कैश वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए। कविश की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना को जिसने सुना उसकी आंखें नम हो गईं। क्षेत्र में सड़क हादसे का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है बीसलपुर के प्रतिष्ठित व्यापारी अरविंद ज्वेलर्स के पुत्र यश गंगवार की हालत गंभीर है।

# युवक के कपड़ों में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

* इलाज के दौरान हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगा ली। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्र हो गये। आग पर जब तक काबू पाया गया तब तक युवक बुरी तरह से झुलस गया। झुलसे युवक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर बरेली के एक ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया है जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

मोहल्ला पटेल नगर की बसंल विहार कालोनी निवासी अमित मिश्रा अपने घर पर किचिन में चाय बना रहा था। तभी अचानक सदिग्ध परिस्थितियों में उसके कपड़ों में आग लग गई। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्र हो गये। आग पर जब तक काबू पाया गया तब तक युवक बुरी तर से झुलस गया। झुलसे युवक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर बरेली के एक ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# जीवन दायिनी मां गंगा को बचाना ही गंगा आरती का मुख्य उद्देश्य: पं.रमेश तिवारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* देवी धाम बसौली की गंगा आरती में बनारस की गंगा आरती की दिखी अद्भुत झलक

**सुईथाकला।** अति प्राचीन और ऐतिहासिक धर्मस्थली देवी धाम बसौली के नाम से विख्यात शीतला माता का मंदिर सुदूर जनपदों के लिए भक्ति श्रद्धा और आस्था का महत्वपूर्ण व प्रमुख केंद्र है। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सायं काल मंदिर के पुजारी पंडित रमेश तिवारी व क्षेत्र वासियों के सौजन्य से काशी से पधारे ब्राह्मणों द्वारा भव्य गंगा आरती का आयोजन करवाया गया। गंगा आरती में शामिल होने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। आरती में क्षेत्र की महिलाओं, कन्याओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।देवी पोखरा को विद्युत बल्ब और विभिन्न प्रकार से सजाया गया था जिसकी मनोहर और आकर्षक शोभा देखते ही बन रही थी। बसौली माई के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। शंख ध्वनि और ओम प्रणव की गूंज से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।सुंदर नजारे को उपस्थित लोग अपपलक नेत्रों से देखते ही रहे। गंगा मां का पूजन करके गंगा के प्रदूषण को रोकने और जल संरक्षण के लिए लोगों ने संकल्प लेकर प्रकृति संतुलन का संदेश दिया। गंगा की आरती पर बनारस की गंगा आरती की अमिट छाप स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी। गंगा मां को धूप - दीप और नैवेद्य चढ़ाए गए। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मां गंगा जीवन दायिनी हैं जिनके सुरक्षित रहने पर ही समस्त सृष्टि का अस्तित्व कायम है।उन्होंने बताया कि गंगा आरती का उद्देश्य संपूर्ण सृष्टि का कल्याण है।जल ही जीवन है इसके बिना प्राणी मात्र ही नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती।गंगा आरती में समस्त सृष्टि का कल्याण निहित है।गंगा को प्रदूषित होने के प्रति और जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी लोगों को जागरूक होना चाहिए।आयोजन को सकुशल संपन्न कराने में क्षेत्र वासियों और सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक चंद्रमा पांडेय पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे।

# डीआईजी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

* आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होना पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करें: डीआईजी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




डीआईजी डॉ0 ओ0पी0 सिंह ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो एवं अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। डीआईजी ने पार्टी प्रतिनिधियों और अधिकारियों को उनके दायित्वो के सम्बंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान जैसे कार्य को निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम सभी का दायित्व है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें और अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होना पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करें। पार्टी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि रैली, जुलूस आदि आयोजनों के लिए निर्धारित समय से पूर्व आवेदन करें, जिससे उसकी अनुमति समय से दी जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में फर्जी वोटिंग नहीं होंने देंगे। सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक संख्या में मतदाता मतदान तिथि के दिन घर से निकले और लोकतंत्र के इस उत्सव में हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के प्रतिनिधि अपने अपने कार्यकर्ताओं को आदर्श आचार संहिता और चुनाव आयोग के निर्देशों के बारे में बताए। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्वाचन संबंधित कार्य बिना अनुमति के नहीं किया जाए, जिससे इस दौरान कोई व्यवधान उत्पन्न हो। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार, शैलेंद्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारीगण सहित अन्य प्रभारी अधिकारीगण और राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधिगण

# सूझबूझ से टला हादसा, माहौल बिगाड़ने की कोशिश नाकाम

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



बुधवार देर शाम साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ने से बच गया। यहां राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान मुस्लिम बस्ती में अराजक तत्व भगवा झंडे फाड़ने लग गए। जिसको लेकर हंगामा हो गया। दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने आयोजकों पर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी तो भीड़ सड़क पर ही धरना देकर बैठ गई। काफी मान-मनौवल के बाद यात्रा दोबारा शुरू की गई।

शहर के बड़ा बाजार मोहल्ला स्थित राम जानकी मंदिर से राम नवमी की शाम भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे राम जन्मोत्सव मनाने के बाद शोभायात्रा शुरू की गई जोकि नगर पालिका के पास राम नारायण चौराहा से शुरू होकर लाखन तिराहा, सेठ चौराहा, कचहरी टोला, पीतल मंडी और फर्श रोड होते हुए निकाली जानी थी, लेकिन रात 9 बजे जैसे ही शोभायात्रा कचहरी टोला स्थित मुस्लिम बस्ती में पहुंची। तभी वहां मौजूद कुछ युवक यात्रा में शामिल लोगों के हाथों से भगवा झंडे छीनकर फाड़ने लग गए और उनके साथ धक्कामुक्की करने लगे। ये देखकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और नारेबाजी करने लगे। आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर शांत हुए लोग मामले की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी कमलेश कुमार फोर्स के साथ कचहरी टोला पहुंच गए। यहां उन्होंने शोभायात्रा निकाल रहे लोगों पर नाराजगी जताई। जिससे गुस्सा कर भीड़ सड़क और ही धरना देकर बैठ गई। मामला बिगड़ता देख पुलिस अधिकारियों ने मान-मनौवल शुरू कर दी। आयोजकों ने मांग की कि जब तक अराजक तत्वों को पकड़ा नहीं जाएगा। तब तक वह लोग यात्रा आगे नहीं बढ़ाएंगे। करीब आधे घण्टे तक चले हंगामे के बाद पुलिस अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कर अराजक तत्वों की गिरफ्तारी करने का भरोसा दिया। तब यात्रा को आगे बढ़ाया गया। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### ये था पूरा घटनाक्रम

कचहरी टोला मोहल्ले में सड़क से सटा हुआ मुस्लिम समुदाय का एक चौक बना है। जहां सुबह-शाम वह लोग बैठते हैं। शोभायात्रा के दौरान हाथ में झंडा लिए एक किशोर उस चौक पर चढ़ा तो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पकड़ लिया और झंडा छीनकर धक्कामुक्की कर दी। इसी को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी हो गई।

### 2015 में हुए 2 बार दंगे

कन्नौज में 2015 में 2 बार साम्प्रदायिक दंगे हो चुके थे। दोनों ही दंगों में 2 लोगों की मौत हुई थी। पहली बार 5 जुलाई 2015 को दुकान की किरायेदारी को लेकर दंगा हुआ था। जिसमें एक मुस्लिम युवक की गोली लगने से मौत हो गई। जबकि दूसरा दंगा अक्टूबर 2015 में दुर्गा विसर्जन यात्रा के दौरान हआ था। जिसमें महेश कुशवाहा नाम के युवक की गोली मारकर हन्या कर दी गई थी। दोनों दंगों में विवाद की शुरुआत कचहरी टोला मोहल्ले से ही हुई थी। इसके बावजूद राम नवमी पर जब शोभायात्रा निकाली जा रही थी तो इस संवेदनशील एरिया से पुलिस फोर्स गायब था। जिस कारण एक बार फिर माहौल खराब होते-होते बच गया।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त विवाहिता बच्चों सहित लापता, परिवरीजन परेशान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर कोतवाली के रहमतपुर गांव निवासी विजय पुत्र रामस्वरूप ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 10 अप्रैल को उसकी पत्नी मालती देवी 33 वर्षीय अपने साथ एक पुत्री 4 वर्षी लेकर घर से चली गई है और दो पुत्र घर पर ही छोड़ गई है प्रार्थी की सास गांव में ही साढ़ू दारा सिंह पुत्र रामदीन के घर पर रहती है जाते समय उनको बता कर गई कि वह अपने मायके जा रही है । तब से प्रार्थी सारे नाते रिश्तेदारों में खोजबीन कर ढूंढ रहा है उसका कहीं कोई पता नहीं चल रहा है ससुर रामस्वरूप ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त होने की वजह से कानपुर से डॉक्टर महेंद्रू के यहां इलाज उसका चल रहा था जब एक बच्चा पैदा हुआ उसके बाद कुछ हालत उसकी ठीक हो गई थी लेकिन अचानक उस दिन फिर वह कहीं चली गई है जिसकी सूचना उन्होंने 15 अप्रैल को बिल्हौर थाने में दी वहीं पर ससुर ने आगे बताया कि एक दिन फोटो सहित सूचना शिवराजपुर से आई थी कि वह शिवराजपुर में है तब मेरा बेटा और थाने से पुलिस शिवराजपुर थाने पहुंची तब तक वहां पर वह कहीं जा चुकी थी ससुर ने बताया कि हम बहुत परेशान हैं बहू को ढूंढने में और दो बच्चे घर पर रोते हैं उनकी देखभाल करना बड़ा कठिन है बिल्हौर थानाध्यक्ष केशव कुमार तिवारी ने बताया की प्रार्थना पत्र के आधार पर टीम लगी है जल्द खोज निकाला जाएगा ।

## वृंदावन में भाजपा की रैली में ताकत दिखाएगी बूथस्तर पर हुआ मंथन

जन एक्सप्रेस । मथुरा

20 अप्रैल को होने वाली केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा को लेकर विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत हुई जिसमें जनसभा को लेकर जानकारी दी गई। लोकसभा चुनाव में भाजपा की पहली बड़ी जनसभा 20 अप्रैल को होने जा रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को वृन्दावन में वैष्णो देवी मन्दिर के समीप मैदान में जनसभा करने के लिए आ रहे है। वृहस्पतिवार को कस्बा मांट में वृन्दावन मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय पर विधायक राजेश चौधरी के नेतृत्व में जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ को जानकारी दी और कहा कि जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचना है। मांट विधानसभा से करीब 200 बसों की व्यस्वस्था की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी।

# आज सुबह 9 से शाम 9 बजे तक नहीं रहेगी लाइट

*** बिल्हौर नगर पालिका द्वारा 11000 लाइन क्षतिग्रस्त करने पर 2 बजे से लाइट गुल**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दोनों लाइट का रवैया दिन पर दिन खराब होता चला जा रहा है एक तो गर्मी के चलते लोड बढ़ता जा रहा है वहीं पर दूसरी तरफ किसी तरह से अधिकारी इधर-उधर से लाइट मैनेज करके ला रहे हैं वहीं गुरुवार को बिल्हौर नगरपालिका द्वारा 11000 लाइन ध्वस्त कर देने की वजह से बीआरडी कॉलेज के सामने रेलवे लाइन के नीचे फाल्ट हो गया है जिसको दोपहर से लेकर शाम तक बृहस्पतिवार को कर्मचारी ठीक करने में लग रहे वहीं पर खबर लिखे जाने तक लाइट सुचारू से चालू नहीं हो सकी थी वहीं पर उपखंड अधिकारी द्वितीय बिल्हौर ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को 19 अप्रैल को 33/11 के लिए विद्युत उपखंड बिल्हौर ग्रामीण कानपुर नगर में 0 5 केबीए पावर परिवर्तन के स्थान पर 10 केबीए पावर परिवर्तन स्थापित किया जाना है जिस कारण से उपकेंद्र बिल्हौर ग्रामीण से पोषित 11 केवीए कमसान फीडर, 11 केवीए बिल्हौर देहात फीडर, 11 केवीए अरौल फीडर, 11 केवीए कोल्ड फीडर से संबंधित ग्रामों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9ः00 बजे से लेकर सायं 9ः00 बजे तक हर हालत में बंद रहेगी जिसको लेकर पर्याप्त कर्मचारी और साधन को आज से ही इकट्ठा कर लिया गया है वहीं पर शुक्रवार को युद्ध स्तर पर काम जारी रहेगा और शाम 9ः00 बजे तक काम पूरा होकर विद्युत सप्लाई होने की उम्मीद है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बजी दुंदुभी, 42 कन्नौज की अधिसूचना जारी

जन एक्सप्रेस/कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया है कि 42-कन्नौज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा के सदस्य का निर्वाचन होना है। नामनिर्देशन-पत्र रिटर्निंग आफिसर को या श्री अविनाश कुमार गौतम, उप जिलाधिकारी, सदर/सहायक रिटर्निंग आफिसर को अच्यर्थी या (उसके किसी प्रस्थापक द्वारा) 25 अप्रैल, 2024 (गुरुवार) से अपश्चात् (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन 11:00 बजे पूर्वाह्न और 3:00 बजे अपराह्न के बीच न्यायालय जिलाधिकारी, कन्नौज, कक्ष संख्या-4, कलेक्ट्रेट, कन्नौज में परिदत्त किए जा सकेंगे। नामनिर्देशन-पत्र के प्ररूप पूर्वोक्त स्थान और समय पर अभिप्राप्त किए जा सकेंगे। उन्होने बताया कि नामनिर्देशन पत्र संवीक्षा के लिये न्यायालय जिलाधिकारी, कन्नौज, कक्ष संख्या-4, कलेक्ट्रेट, कन्नौज में 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे लिए जाएंगे। अच्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अच्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अच्यर्थी द्वारा जो अच्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो ऊपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट आफिसरों में से किसी को उसके कार्यालय में 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को 3:00 बजे अपराह्न के पूर्व परिदत्त की जा सकेगी। निर्वाचन लड़े जाने की दशा में 13 मई, 2024 (सोमवार) को पूर्वाह्न 07:00 बजे और अपराह्न 06:00 बजे के बीच मतदान होगा।

### अपना दल एस की समन्वय समिति बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। लोकसभा चुनाव के वर्तमान दौर में आगामी चुनाव में जनपद की समस्त विधानसभाओं में प्रन्याशियों के पक्ष में जन आधार बढ़ाने तथा उनके पक्ष में मतदान करने हेतु जोर-जोर से प्रचार करने के उद्देश्य से अपना दल एस के जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं की समन्वय बैठक जिलाध्यक्ष रामफल कटियार के नेतृन्व में कस्बा शाहजहांपुर के एक निजी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ बाबा साहेब आंबेडकर, सरदार पटेल तथा अपना दल एस के संस्थापक सोनेलाल पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। उक्त बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल, घाटमपुर विधानसभा की विधायक सरोज कुरील, प्रदेश उपाध्यक्ष पटेल जे एन कटियार के साथ-साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी गण तथा कार्यकर्तागण मौजूद रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि अपना दल एस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय राझ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल होने के कारण लोकसभा क्षेत्र अकबरपुर तथा जालौन गरौठा के प्रन्याशियों के पक्ष में लोगों के बीच जाकर उनके पक्ष में वोट मांगने हैं। इसी के साथ ही पार्टी के अन्य दिशा निर्देशों की भी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष रामफल कटियार ने बताया कि शीर्ष नेतृन्व द्वारा दिए गए निर्देशों तथा पार्टी की नीतियों के साथ साथ प्रन्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें लोकसभा जालौन गरौठा के प्रन्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा, अकबरपुर लोकसभा प्रन्याशी देवेंद्र सिंह भोले, इटावा लोकसभा प्रन्याशी रामशंकर कठेरिया तथा कन्नौज लोकसभा प्रन्याशी के पक्ष में पार्टी कार्यकर्ताओं को जनपद की चारों विधानसभाओं में जाकर माहौल बनाते हुए भाजपा तथा प्रधानमंत्री के द्वारा पारित की गई योजनाओं तथा उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्यों का बखान करते हुए प्रन्याशियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण नागर, राजकुमार पटेल, बिंदा प्रसाद पटेल, जिला महासचिव रविराज सिंह, राजा पटेल, शैलजा गौतम, प्रवीन शर्मा, रामावतार, हेमंत, बलवीर, गगन गुप्ता, डॉ अनुराग, सचिन सचान, अमर सिंह, विकास, मो आरिफ, आकाश रणधीर सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का डीएम ने निरीक्षण कर दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में दूसरे दिवस में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पाली में संपन्न हुआ, पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पाली में 600-600 कार्मिक प्रति पाली संपन्न हुआ। जिसका जिला निर्वाचन अधिकारीध् जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रथम पाली में पीओ 9 व पी1 05, द्वितीय पाली में पीओ 14 व पी1 07 तथा तृतीय पाली में पीओ 12 व पी1 11 कार्मिक अनुपस्थित रहे।अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध लोक प्रतिनिधिन्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्यवाही की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों को निर्देशित किया कि गंभीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान कार्मिकों से प्रशिक्षण, ईवीएम को संचालित करने का तरीका आदि के संबंध में जानकारी ली गई।

### राष्ट्रीय पश्रकार महासभा के जिला कार्यालय का अधिवक्ता ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। जनपद मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के जिलाध्यक्ष हरिकिशन कश्यप तथा महामंत्री दीपक सिंह के नेतृन्व में जिला कार्यालय का शुभारंभ विधि विधान से पूजन करने के पश्चात जनपद न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान के द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकार भी मौजूद रहे। अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है।जनपद की समस्याओं को खुलकर आम जनता तथा अधिकारियों के बीच में रखने के लिए हमेशा कार्यरत भी रहता है। हालांकि कभी-कभी उसे व्यक्तिगतरूप से भी तथा कवरेज इन्यादि करने के समय भी कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। इसके लिए विभिन्न संगठनों के माध्यम से जुडने का कार्य किया जाता है इसी क्रम में आज इस जिला कार्यालय का शुभारंभ करने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ। वह अपने अधिवक्ता साथियों के साथ पत्रकारों की हर समस्या पर कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। उक्त अवसर पर अधिवक्ता शिववीर सिंह, किसान यूनियन जिलाध्यक्ष विपिन तिवारी, अदनान, बलराम चतुर्वेदी, अकील अहमद, नफीस, लखन पांडे, किशन मिश्रा, ज्ञान बाजपेई, राजेश, विपिन कोली सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अंतर्कलह से जूझ रही सपा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति ने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और आज वे भाजपा में शामिल हो गए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ में उन्हें विधिवत पार्टी में शामिल किया। इससे पहले भी कन्नौज जिले के कुछ सपा नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए कन्नौज में आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी। इससे एक दिन पहले ही सपा के कद्दावर नेता व पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजू कटियार ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उनके साथ ही पार्टी के 144 सक्रिय सदस्यों ने भी इस्तीफा दे दिया। संजू कटियार ने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया। दरअसल वह करीब 20 वर्षों से लगातार सपा में सक्रिय रहे। उनकी पत्नी शिल्पी कटियार कन्नौज की जिला पंचायत अध्यक्ष रहे चुकीं है। लेकिन पिछले कुछ समय से समाजवादी पार्टी आपसी कलह से जूझ रही है। जिस कारण कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को उपेक्षाओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे तंग आकर संजू कटियार और उनके समर्थकों ने सपा से इस्तीफा दे दिया। वह पूर्व में पीएसएम डिग्री कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष भी रहे चुके है। संजू कटियार से पहले समाजवादी पार्टी के नेता व तालग्राम के पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव भी सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके है। सिकंदरपुर के रहने वाले सपा नेता धर्मेंद्र यादव भी भाजपा में शामिल हो गए। ऐसे में अब संजू कटियार ने भी सपा का साथ छोड़ दिया। उन्होंने पार्टी जिलाध्यक्ष कलीम खां और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपना इस्तीफा भेज दिया है।

## राहत की उम्मीद खत्म, भाजपा आई तो आपके हिस्से में सिर्फ आफत: सुरेश सिंह

जन एक्सप्रेस । मथुरा

बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि चुनाव बाद फिर जनता से जबरन वसूली शुरू होगी। जनता के लिए राहत की उम्मीद खत्म हो गई हैं। भाजपा की ओर से किसी राहत की बात नहीं की गई है। वह सिर्फ लोगों को आपस में लड़ाने और नफरत फैलाने की बात कर रहे हैं। जबकि आपको रोजगार चाहिए, शिक्षा चाहिए, भ्रष्टाचार और बेजा वसूली से राहत चाहिए। बिजली विभाग, नगर निगम से लेकर दूसरे तमाम विभाग वसूली के लिए तैयार बैठे हैं। 26 अप्रैल के बाद आपकी आरसी जारी की जाएंगी। आपके बैंक अकाउंट सीज किये जाएंगे और वसूली के लिए आपके घरों में तलाशी ली जा सकती है। चुनाव आने पर आप राहत की उम्मीद में थे लेकिन अब यह साफ हो गया है कि अगर भाजपा सरकार में आई तो आपके हिस्से में सिर्फ आफत ही आएगी। न किसानों को बैंक कर्ज से माफी का वायदा हुआ है और नहीं बिजली बिल माफी का। 10 साल में यह तय हो गया है इस संकटकाल में मुंबई से आपको किसी तरह की मदद मिलने नहीं जा रही है। अगर आपको इसके खिलाफ लडना है, अपने अधिकार के लिए लडना है। अपने सम्मान के लिए लडना है तो अपने को चुनना होगा। अपने स्थानीय प्रत्याशी को चुनना होगा जो आपके सुख दुख का साथी बन सके। आपकी लड़ाई में आपके साथ खडा हो सके। बरसाना में किसान जमीन अधिग्रहण के लिए लड रहे हैं, किसान, बेरोजगार युवा, नाविक समाज, धनगर समाज, वंचित समाज, के साथ कोई जनप्रतिनिधि खडा नहीं हो रहा है। सांसद विधायक के पास ताकत होती है। संवैधानिक अधिकार होते है, वह इन अधिकारों के साथ आपकी लड़ाई लड सकते हैं। संविधान ने इन्हें अधिकार दिये हैं और आपको इन्हें चुनने के लिए वोट का अधिकार दिया है। अपने वोट से ऐसे व्यक्ति को चुनिये जो आपकी लडाई लड सके। चुनाव जीतने के बाद मुम्बई न भागे। गुरुवार को बसपा प्रत्याशी ने चौमुहां, बसौंती, जुल्हेंदी आदि दर्जन भर गांवों में सघन जनसंपर्क किया।

## विगत 48 वर्षों से देवी मां के भक्त करा रहे हैं भंडारा आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर

नगर में स्थित पनकी कला में राम अवतार शर्मा जी ने अपने घर पर ही माता रानी का दरबार बना रखा है। वो बताते हैं की मैंने 48 वर्षों से निरंतर माता रानी की सेवा करता चला आ रहा हूं और मैं एक ही समय पर भोजन करता हूं और नवरात्र के समय व्रत रहकर विशेष पूजा कर माता रानी के भक्तों की अर्जी लगाकर उनकी समस्यओ व बधाओ को हरने का काम माता जी करती है। इसी कड़ी में हम निरंतर माता रानी की सेवा हमारा पूरा परिवार करता है। पनकी कला में हमारे बुजुर्ग भी यहीं पर रहकर माता रानी की सेवा करते थे और हम भी माता रानी की सेवा कर रहे है। यहां पर शाम के समय दरबार लगाकर पूजा पाठ करते हैं। भक्तगण दूर-दूर से माता रानी के दरबार में आते हैं और अपनी अर्जी लगाते हैं। माता रानी उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। इसकी मनोकामना पूरी होती हैं। वह भक्त फिर से आकर दरबार में अर्जी लगाते हैं। नवरात्रि मे नवमी के दिन हर वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं।

# अखिलेश ने फिर की चुनाव तैयारियों की समीक्षा, प्रन्याशिता पर संशय बरकरार



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण की नामांकन प्रक्रिया आज से प्रारम्भ हो गयी है। इसी चरण में कन्नौज संसदीय सीट के लिए भी नामांकन होने हैं। कन्नौज में अभी सपा ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। इसी बीच आज सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज पहुंचे। यहां पार्टी कार्यालय में जिले की सभी बूथ कमेटियों के अध्यक्षो के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बूथों की तैयारियों को परखा। बूथ कमेटियों से चुनावी तैयारी पर मंथन किया।

पार्टी कार्यालय के सभागार में हुई इस बैठक में सिर्फ बूथ कमेटी से जुड़े पदाधिकारी ही मौजूद रहे। किसी और को वहां नहीं जाने दिया गया। मीडिया से भी दूरी बनाकर रखी गई। यहां से वे पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अपनी डिग्रियां जला कर आत्म हत्या करने वाले ब्रजेश पाल के घर सांत्वना देने गए। उन्होंने शहर में कई और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनसे मुलाकात की।

### उम्मीदवारी पर अभी चुप्पी

चर्चा थी कि आज अपने भृमण के दौरान अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव लड़ने की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि बैठक के दौरान ऐसी कोई घोषणा नहीं हुई। कुछ बूथ कमेटियों से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि पार्टी मुखिया ने उन सभी के मन को टटोला है। सभी ने उनसे ही चुनाव लड़ने को कहा है। हालांकि इस पर अभी उन्होंने अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है। माना जा रहा था कि कन्नौज लोकसभा सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने को लेकर चल रही अटकल पर आज विराम लग सकता है। यही नहीं सपाइयों का दावा है कि अखिलेश यादव इस दौरान यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा कर सकते हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि 23 अप्रैल को नामांकन कराने की तैयारी है। वहीं बीते दिन अखिलेश यादव ने कन्नौज में प्रचार के दौरान पूछे जाने पर खुलकर ऐलान तो नहीं किया, लेकिन इशारों में कन्नौज से लड़ने का इशारा किया था।

### कन्नौज में सपा क्यों कर रही देरी?

चर्चा है कि कन्नौज में सपा की देरी प्लान के तहत है। लोगों का कहना है कि अखिलेश ने इससे पहले दौरे में इशारा किया था। इस दौरान यहां से चुनाव लड़ने का ऐलान कर सकते थे पर नहीं किया इसके पीछे वजह थी कि सपा को लगता था कि बीजेपी सुब्रत पाठक की जगह किसी और प्रन्याशी बना देती। यहीं नहीं अगर कन्नौज से अखिलेश यादव चुनाव लड़ने का ऐलान पहले कर देते तो सपाइयों का सारा फोकस कन्नौज पर हो जाता है। ऐसे में दिक्कत होती। हालांकि यह तो लोगों के तर्क हैं। अब देखना यह है कि अखिलेश यादव का निर्णय क्या होता है।

### बसपा से इमरान तो बीजेपी से सुब्रत पाठक चुनाव मैदान में

बसपा प्रमुख मायावती ने कन्नौज से इमरान विन ज़फ़र को बसपा का प्रन्याशी बनाया है। वे 2014 में भी यहां से चुनाव लड़ चुके है तब उन्हें यहां नोटा से भी कम वोट मिले थे। भाजपा ने यहां से पहले ही सुब्रत पाठक को प्रन्याशी घोषित कर दिया है। सुब्रत चौथो बार मैदान में उतर रहे है और पिछले चुनाव उन्होंने मामूली अंतर से जीत कर डिम्पल यादव से सपा का यह गढ छीन लिया था। सुब्रत पाठक अंतिम दिन 25 को नामांकन करेंगे।

# साइकिल है, कार्यकर्ता है और कन्नौज में मैं भी हूं: अखिलेश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



सपा मुखिया और विधानसभा में प्रतिपक्ष जे नेता अखिलेश यादव आज फिर कन्नौज में थे। बीते दिनों पुलिस परीक्षा का पेपर लीक होने से हताश निराश अपने सभी प्रमाणपत्र जला कर आत्महत्या कर लेने वाले नौजवान बृजेश पाल के घर सम्वेदना व्यक्त करने के बाद अखिलेश पत्रकारों से रू-ब- रू हुए और खुलकर सभी सवालों के जवाब दिए। हालांकि उन्होंने कन्नौज से अपनी प्रत्याशिता के सवाल पर रहस्यमयी चुप्पी ओढ़े रखी लेकिन इतना जरूर कहा कि पार्टी इस बार कन्नौज लोकसभा सीट रिकार्ड मतों से जीतेगी। उन्होंने कहा कि साइकिल चुनाव निशान और सब हैरान परेशान। यह और बात है कि जिलाध्यक्ष कलीम खा पहले ही यह दावा कर चुके है अखिलेश स्वयम यहां से चुनाव लड़ेंगे और रिकार्ड मतों से जीतेंगे। कुरेदे जाने पर अखिलेश ने महज इतना कहा कि बहुत जल्द प्रत्याशी के नाम की घोषणा होगी और समय पूर्व नामांकन भी होगा। अखिलेश बोले कि हमने आज चुनाव तैयारी की समीक्षा की है और पाया है कि लोधी, शाक्य, पाल, क्षत्रिय सब भाजपा से खफा है। मज़ाकिया लहजे में बोले दुखी तो पत्रकार भी है। संविधान बदलने सम्बन्धी एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा सुप्रीमो बोले आरक्षण खत्म करने के लिये नौकरी न देनी पड़ी इस वजह से पेपर लीक कराए जाते है और फिर जांच का नाटक होता है। मुख्य मंत्री जी ने भरे सदन में कहा था कि मेरे कार्यकाल में 46 में से 56 एसडीएम यादव भर्ती किये गए थे तब से अब तक पूरा विपक्ष और मीडिया उन 56 एसडीएम्स की सूची मांग मांग कर थक गया किन्तु मुख्य मंत्री सूची नही दे पाए। सांसद सुब्रत पाठक द्वारा उन पर बार बार किये जा रहे हमलों का उत्तर देते हुए अखिलेश बोले पहले सांसद जी गांव गांव में पूछे जा रहे सवालों का जवाब दें। जनता पूछ रही है ÷ सांसद जी हाज़िर हों, बताएं क्या क्या विकास किया÷। कुछ निष्ठावान कार्यकर्ताओ द्वारा पार्टी छोड़े जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सपा नेता बोले कुछ लोग कार्रवाई के भय से और कुछ जान बचाने के उद्देश्य से पार्टी बदल लिए है। कोई विशेष बात नही। पहले चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर वे प्रदेश को क्या सन्देश देना चाहेंगे पूछे जाने पर आत्म विश्वास से भरे नेता प्रतिपक्ष ने कहा गाज़ियाबाद से गाजीपुर तक नौजवान, जवान और किसान संविधान बचाने, रोजगार के अवसर सृजित करने और देश को सही विकास के रास्ते पर ले जाने, अग्निवीर योजना समाप्त करने, किसान को एमएसपी की लीगल गारंटी देने और राज्यकर्मी पुरानी पेंशन की बहाली के लिए वोट देने को तैयार बैठे है। प्रदेश को लोकतंत्र के इस महापर्व की हार्दिक शुभ कामनाएं। कन्नौज पर फिर लौटते हुए कुरेदे जॉने पर अखिलेश बोले ÷ यहां साइकिल है, कार्यकर्ता है और मैं भी हूँ÷।

# दुबई में बारिश, 75 साल का रिकॉर्ड टूटा

## भारतीय दूतावास का हेल्पलाइन नंबर जारी, पाक और अफगानिस्तान में 135 लोगों की मौत

* बाढ़ जैसे हालात देखते हुए वहां मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। यूएई में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दुबई में बाढ़ जैसे हालात देखते हुए वहां मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहीं पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बारिश की वजह आई बाढ़ में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 70 लोग अफगानिस्तान में तो वहीं 65 ने पाकिस्तान में दम तोड़ दिया। ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है। इससे पहले बुधवार को दुबई में खराब मौसम के कारण भारत आने वाली 28 उड़ाने को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में इमरजेंसी लगानी पड़ी थी।



### दुबई में साल भर की बारिश 2 दिनों में हुई

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी, दुबई और अल ऐन जैसे शहरों में भी भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे अब तक 1 शख्स की मौत हुई है। वहां साल भर की बारिश 2 दिन के भीतर हो गई। मंगलवार को सड़क, रेलवे और उड़ानों पर असर पड़ा। इन शहरों में ऑफिस और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लोगों को वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा गया है। खलीज टाइम्स ने दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के हवाले से लोगों से कहा है कि जब तक बहुत जरूरी न हो एयरपोर्ट पर न आएं। कई फ्लाइट्स रद्द हुई हैं, तो कई को डायवर्ट किया गया है। दुबई एयरपोर्ट से ट्रैवल करने वालों के लिए चेक इन के प्रोसेस को सस्पेंड कर दिया गया है। यूएई में सोमवार 15 अप्रैल की रात से बारिश शुरू हुई थी। बुधवार को भी यूएई की कई जगहों पर बारिश का दौर जारी रहा । मौसम विभाग ने बुधवार यानी आज को भी तेज बारिश होने की आशंका जताई गई है। लोगों को घर में ही रहने की सलाह दी गई है। बहरीन, कतर और सऊदी अरब में भी भारी बारिश से हालात खराब हैं।

### 22 अप्रैल तक तेज बारिश का अलर्ट

पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का कारण क्लाइमेंट चेंज बताया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

### दुबई एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश हुई है। वहीं मंगलवार को यहां 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। बीबीसी न्यूज के मुताबिक, बुधवार को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लोगों को वहां न आने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, ओमान में बारिश की वजह से 1400 लोगों को शेल्टर में भेजा गया है। स्कूल और सरकारी ऑफिस को बंद कर दिया गया है। कजाकिस्तान में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई है। 1.5 लाख लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। 16 हजार लोग अपने घरों की ओर निकल चुके हैं।

### खाड़ी देशों में मौसम बदलने की वजह

खाड़ी देशों में मौसम बदलने की बड़ी वजह दक्षिण-पश्चिम की तरफ से लो-प्रेशर बनना है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) ने 2 दिन पहले ही यूएई, सऊदी अरब में तेज बारिश की भविष्यवाणी की थी। मौसम विभाग ने इस दौरान 65 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हवा चलने का भी अनुमान लगाया था। यूएई के राष्ट्रीय मौसम केंद्र के एक्सपर्ट अहमद हबीब ने बताया कि दुबई, अबू धाबी और शारजाह में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं।

### ओमान में बारिश से 4 दिन में 20 मौतें

ओमान में पिछले तीन दिन से तेज बारिश हो रही है। मस्कट समेत देश के कई इलाकों में हालात बदतर हैं। बारिश के कारण आई बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 10 स्कूली बच्चे भी शामिल हैं, जो बस में बैठकर जा रहे थे। अचानक बाढ़ का पानी आने से बस पानी में बह गई। जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें कुछ घाटी के इलाके के भी हैं, जहां पानी तेजी से भर गया और उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया।

# ईरान के कब्जे वाले जहाज से भारत लौटी महिला क्रू

## अभी भी 16 भारतीय शिप पर मौजूद, जयशंकर बोले, मोदी की गारंटी सभी जगह काम करती



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं। गुरुवार को केरल के त्रिशूर की रहने वाली एन टेसा कोचीन हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के जरिए इस बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मोदी की गारंटी हमेशा काम करती है। फिर चाहे वो देश हो या विदेश। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन कंटेनर जहाज पर बचे शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। जहाज वर्तमान में ईरानी नियंत्रण में है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत लौटी चालक दल की सदस्य ठीक हैं और वे अपने परिजनों के संपर्क में हैं। अन्य भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए भारतीय मिशन ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। शीघ्र ही उनकी भी वापसी होगी। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। ईरान की नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ओमान की खाड़ी में भारत की ओर आ रहे इस्राइली अरबपति के इस जहाज को अपने कब्जे में ले लिया था। इस जहाज पर 17 भारतीय सवार थे। सबसे पहले हेलीकॉप्टर से इस्राइली जहाज पर हमला किया गया था और इसके बाद ईरान की नौसेना ने इस पर कब्जा कर लिया था। इस जहाज का नाम एमएससी एरीज है और उसे आखिरी बार शुक्रवार को दुबई से होर्मुज की ओर जाते हुए देखा गया था। बताया गया है कि जहाज ने अपना ट्रैकिंग डाटा बंद किया हुआ था। इस्राइल के जहाजों द्वारा इस क्षेत्र से गुजरते समय अक्सर ट्रैकिंग डाटा बंद कर दिया जाता है।

### तेहरान से सहायता का अनुरोध

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन और इस्राइल के विदेश मंत्री इस्राइल काट्ज से फोन पर बात की थी। रविवार शाम हुई बातचीत में ईरान-इस्राइल संघर्ष की वजह से बने हालात पर चर्चा की गई थी। इस दौरान ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए जहाज पर मौजूद 17 भारतीयों की सुरक्षित वापसी पर भी चर्चा बात हुई थी। इसके साथ ही तेहरान से सहायता का अनुरोध किया था। विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट कर बताया था कि उन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के विदेश मंत्री एच. अमीराब्दोल्लाहियन से बात की है। एमएससी एरीज के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई पर चर्चा की। क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर भी बात हुई। इस दौरान इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश तनाव बढ़ाने से बचें, संयम बरतें और कूटनीति की ओर लौटें।

# आईटीसीएम और आईटीआर मिसाइल का उड़ान परीक्षण सफल, ओडिशा के चांदीपुर से हुई लॉन्चिंग, सुखोई से रखी गई नजर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) और एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इनकी लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई।

### वायुसेना ने भी की मदद

रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार, परीक्षण के दौरान सभी सिस्टम से अपेक्षा के अनुसार प्रदर्शन किया। मिसाइल की निगरानी के लिए आईटीआर ने पूरे उड़ान मार्ग को विभिन्न रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम, टेलीमेट्री और कई रेंज सेंसर से लैस कर दिया था। मिशन में भारतीय वायुसेना ने भी सहायत की। सुखोई एसू-30 एमके-1 से भी पूरे उड़ान की निगरानी की गई थी।

### रक्षा मंश्री और ओडिसा के मुख्यमंश्री ने दी शुभकामनाएं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है। वहीं, ओडिशा के सीएम नवीन पटनाक ने भी डीआरडीओ को बधाई दी है। रक्षा विभाग के आरएंडडी सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने लॉन्चिंग की सफलता के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

### डीआरडीओ ने विकसित की मिसाइल

बयान के अनुसार, बेहतर और अधिक विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस किया गया है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) सहित अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

# 'पीएम मोदी के नेतृन्व में पूर्वोत्तर को देश से जोड़ा गया'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश के साथ जोड़ने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को देश से अलग और नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी गुट को लोगों के कल्याण की चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गुट केवल खुद को विभिन्न घोटालों से बचाने की कोशिश में लगी हुई है। असम के कोकराझार में एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ÷कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को देश से अलग और नजरअंदाज करने का है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिमंत विस्वा सरमा की सरकार है, जिन्होंने पूर्वोत्तर को पूरे देश से जोड़ने का काम किया। दस साल पहले जब आप दिल्ली जाते थे, तब वहां लोग आपसे यह पूछते थे कि आप किस देश से हैं। अब यह पूरी तरह से खत्म हो चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में बोडो उग्रवादी संगठन के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर नड्डा ने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में विद्रोही हमलों और स्थानीय लोगों की मौत में कमी हुई है। पूर्वोत्तर के 70 फीसदी क्षेत्रों से सशस्त्र बल अधिनियम को हटा दिया गया है।

### विपक्ष के नेता भ्रष्टाचार में शामिल: नड्डा

नड्डा ने आगे कहा, वर्तमान के अच्छे दिन की सराहना करने के लिए अतीत के बुरे दिन को याद करना होगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी (सपा), राजद और द्रमुक जैसी विभिन्न पार्टियों के नेता भ्रष्टाचार के कई मामलों में शामिल हैं। भाजपा नेता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने कोयला से लेकर अंतरिक्ष तक भ्रष्टाचार किया। नड्डा ने बताया कि विपक्षी के नेता या तो जमानत पर बाहर है, या फिर जेल में बंद है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि लालु यादव जैसे नेता जमानत पर बाहर है और अरविंद केजरीवाल जैसे नेता जेल में बंद है।

# तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ियों ने अरब सागर में ट्रेनिंग की, कठिन जलयात्रा पूरी कर लौट रहीं घर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तीनों सेनाओं थल, वायु और जल सेना की महिला टुकड़ियों ने दिखा दिया कि वो किसी से कम नहीं हैं। अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन जलयात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर सभी महिला चालक दल घर लौट रहे हैं।



### महिला अधिकारियों की टुकड़ियों ने की याश्रा

एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि भारतीय थल सेना, नौसेना और भारतीय वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों की टुकड़ियों ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतियोगिता की तैयारी के लिए यात्रा की।

### 27 दिनों तक चली

उन्होंने बताया कि चालक दल के सदस्यों ने कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एडवेंचर विंग और आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले अपनी यात्रा शुरू की। यह जलयात्रा 27 दिनों तक चली। इस दौरान महिला टुकड़ियों ने समुद्र में उत्पन्न कठिन परिस्थितियों में अपने धीरज और कौशल का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी महिला चालक दल द्वारा इस अभियान का सफलतापूर्वक पूरा करना जटिल और चुनौतीपूर्ण मिशनों का नेतृत्व करने और उन्हें अंजाम देने में महिला अधिकारियों की क्षमताओं को दिखाता है।

### इस प्रतियोगिता के लिए कर रहीं खुद को तैयार

बता दें, प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को मुंबई से लक्षद्वीप की यात्रा और वापसी के साथ समाप्त होगा। वहीं, महिला टुकड़ियां सामूहिक रूप से पहले ही 6000 समुद्री मील से अधिक का प्रशिक्षण ले चुकी हैं। चालक दल खुद को %अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग प्रतियोगिता% के लिए तैयार कर रहा है जो भारत के सैन्य इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा।

### शारीरिक कौशल के साथ-साथ टीम की एकता को भी दिखाया

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अपने अभियान के दौरान, महिला नाविकों ने अलग-अलग हवा की स्थिति, भीषण गर्मी और पानी की तेज लहरों के बीच जलयात्रा पूरी की। इस दौरान न केवल अपने शारीरिक कौशल को दिखाया, बल्कि अपनी मानसिक दृढ़ता और टीम की एकता को भी दिखाया।

# मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका, न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गुरुवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। बता दें कि सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ने से आम आदमी पार्टी (आप) को भी झटका लगा है। मनीष सिसोदिया कम से कम 26 अप्रैल तक गुजरात लोकसभा चुनाव में आप के प्रचार अभियान का हिस्सा नहीं बन सकेंगे। हालांकि आप ने गुजरात में प्रचार के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में उन्हें स्थान दिया था। इससे पहले बीते मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर आपत्ति जताई थी। ईडी ने कहा था कि आबकारी नीति का एकमात्र मकसद निरंतर अवैध लाभ अर्जित करना था।जांच एजेंसी की ओर से विशेष वकील जोहेब हुसैन ने राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दलील देते हुए कहा था कि आबकारी नीति न केवल उस अवधि के लिए है।

# शोभा यात्रा पर पथराव, चार घायल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव में चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब रामनवमी शोभायात्रा बुधवार की रात 9:10 बजे इगरा के कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी, तब कुछ लोगों ने इस पर पथराव किया। फिलहाल इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।÷ भाजपा नेता और मिदनापुर से पार्टी के उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने इस पथराव का विरोध करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इसके अलावा मुर्शिदाबाद में भी बुधवार को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान झड़प होने की घटना सामने आई। शोभायात्रा पर छतों से पथराव होने से करीब 20 लोग घायल हुए हैं। रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव को लेकर भाजपा ने बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को घेरा। इसके साथ ही भाजपा ने राज्य पुलिस पर बदमाशों का साथ देने का आरोप भी लगाया है। भाजपा की बंगाल इकाई ने आरोप लगाया है कि रैली पर पथराव किया गया और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद, इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

### ममता बनर्जी का भाजपा पर आरोप

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रायगंज में रैली के दौरान राम नवमी के दिन पथराव के पीछे भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, 卐बंगाल में रामनवमी के दौरान भाजपा ने हिंसा फैलाई।卐 ममता ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा की साजिश पहले से ही बनाई गई थी और आरोपी भगवा पार्टी हैं। उन्होंने बताया कि मुर्शिदाबाद में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान विस्फोट हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। सीएम ममता ने कहा कि सब कुछ पूर्व नियोजित था। राम नवमी के एक दिन पहले ही मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटा दिया गया, जिससे कि वे (भाजपा) राज्य में हिंसा भड़का सके।

# ईडी का आरोप, केजरीवाल जानबूझकर आम-मिठाई खा रहे ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिले, दिल्ली सीएम के वकील ने याचिका वापस ली

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। श्वष्ठ ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है। दरअसल, केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है। इसके जवाब में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है।



### डाइट चार्ट अदालत के सामने रखा

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा के सामने कहा कि केजरीवाल के खानपान से जुड़ी ये जानकारी तब पता चली, जब एजेंसी ने तिहाड़ जेल को लिखकर केजरीवाल के खाने और दवाओं के बारे में जानकारी मांगी। हुसैन ने कहा, हमने डाइट चार्ट अदालत के सामने रख दिया गया है। इस चार्ट में आम और मिठाई थीं। केजरीवाल ने खासकर मिठाइयों का सेवन किया था, जिन्हें खाने की किसी भी डायबिटिक को अनुमति नहीं होती। केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि ईडी के दावों पर हमें आपत्ति है। जांच एजेंसी सिर्फ मीडिया के लिए ये आरोप लगा रही है। ईडी के जवाब के बाद केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि हम अपनी मौजूदा एप्लीकेशन वापस ले रहे हैं। इसे नए सिरे से दायर करेंगे।

### ईडी का दावा

ईडी ने दावा किया है कि वह मेडिकल आधार पर जमानत लेने के लिए जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, जिससे उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें जमानत मिल जाए. ईडी ने यह दावा सीबीआई और ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष किया, जिन्होंने तिहाड़ जेल अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)